आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० = 7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 119 ● नई दिल्ली, गुरुवार, 03 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737

3 बायसी शक्ति केंद्र प्रमुख के पद पर संजय का चयन...

ख़ास ख़बर

बीएचयू : 13 छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

■ **वाराणसी।** बीएचयू ने सिंह द्वार और कुलपति आवास के सामने की सड़क को बाधित कर धरना देने के मामले में 13 विद्यार्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। लंका थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अश्वनी पांडेय ने बताया कि काशी हिंदू विश्विद्यालय प्रशासन ने बैचलर ऑफ वोकेशन कोर्स के 13 विद्यार्थियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा कि ये विद्यार्थी जिद पर अड़े रहे, जो अनुशासन हीनता के दायरे में आता है।

चीते की मौत विज्ञान और पारदर्शिता की अवहेलना: जयराम



■ **नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक और चीते की मौत का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि ऐसा तब होता है जब विज्ञान एवं पारदर्शिता को पीछे छोड़ दिया जाता है। मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक और चीते की मौत हो गई है। मार्च के बाद से चीतों की मौत का यह नौंवां मामला है। पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने ट्वीट किया, कूनो में ज़रूर बड़ी चूक हुई है...आज सुबह नौवें चीते की भी मौत हो गई।

विपक्ष की मोदी हराओ सनक पर जनता का मोदी जिताओ संकल्प भारी : नक्वी

■ **रामपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन का नाम बदलने से कुछ नहीं होगा क्योंकि उसकी मोदी हराओ सनक पर जनता का मोदी जिताओ संकल्प भारी है। उन्होंने यहां इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि यूपीए जब एनपीए बन गया तो बदनाम विरासत, बौखलाई सियासत नए चोले में सामने आ गई। उनका कहना था, प्रधानमंत्री मोदी के काम की गिनती ने कुनबे का गणित बिगाड़ दिया है, परिवार की 'मोदी हराओ सनकै परै पब्लिक का मोदी जिताओ संकल्प भारी है।

महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण विकास को गति देता है : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

एजेंसी/ गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण विकास को गति देता है और उन्हें सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी तरीका महिला नीत विकासात्मक दृष्टिकोण है। जी20 की भारत की अध्यक्षता में गुजरात की राजधानी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित महिला सशक्तीकरण मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को मोदी ने डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है। उन्होंने मौजूदा परिदृश्य में महिला उद्यमियों को समान अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य समान अवसर मुहैया कराने वाला मंच बनाने का होना चाहिए जहां महिलाओं द्वारा उपलब्धि हासिल करना सामान्य बात हो जाए। हमें उन बाधाओं को दूर करने पर काम करना चाहिए जो बाजार, वैश्विक मूल्य श्रृंखला तथा किफायती वित्त तक उनकी पहुंच को रोकती हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण विकास को गति देता है। शिक्षा तक उनकी पहुंच वैश्विक प्रगति को बढ़ावा देती है। उनका नेतृत्व समावेशिता बढ़ाता है और उनकी आवाज सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसका उदाहरण देते हुए कहा, महात्मा गांधी का मशहूर चरखा गंगाबेन नाम की महिला को पास के गांव में मिला था। उन्होंने कहा, महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी तरीका महिला नीत विकास का दृष्टिकोण है। भारत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खुद एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। वह साधारण जनजातीय पृष्ठभूमि से आती हैं, लेकिन अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करती हैं और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े रक्षा बल की पदेन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि भारत में शुरुआत से ही महिलाओं को वोट देने तथा चुनाव लड़ने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत में ग्रामीण स्थानीय निकायों में 46 फीसदी यानी कि 14 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि महिलाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में 80 फीसदी से अधिक नर्स और दाई (मिडवाइफ) महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान अग्रिम मोर्चे पर काम करने के लिए उनकी उपलब्धियों पर देश को गर्व है। उन्होंने कहा, महिला नीत विकास भारत में हमारे लिए अहम प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत करीब 70 फीसदी कर्ज महिलाओं को दिए गए हैं। इसके तहत छोटे स्तर के उद्यमों को सहयोग देने के लिए 10 लाख रुपए तक का कर्ज दिया जाता है। इसी तरह स्टैंडअप इंडिया (सरकारी कार्यक्रम) के तहत 80 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अभी तक ग्रामीण महिलाओं को करीब 10 करोड़ रसोई गैस सिलेंडर के कनेक्शन दिए गए हैं।

सूरत में दो साल की बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के दोषी व्यक्ति को मृत्युदंड

सूरत। गुजरात में सूरत शहर की एक अदालत ने दो साल की एक बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के मामले में 23 वर्षीय एक व्यक्ति को बुधवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शकुंतला सोलंकी ने युसूफ इस्माइल को मौत की सजा सुनाई और राज्य सरकार से पीड़िता के परिजन को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने को भी कहा। इस्माइल को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 376 (दुष्कर्म) तथा पॉक्सो कानून की संबंधित धाराओं के तहत दोषी पाया गया। अभियोजन पक्ष ने आरोपी को मौत की सजा सुनाए जाने का अनुरोध किया था और दावा किया था कि यह दुर्लभ में दुर्लभतम मामला है। घटना में कपलेठा गांव की है। इस्माइल, पीड़िता के पिता का मित्र था। 27 फरवरी को इस्माइल बच्ची को एक नजदीकी दुकान पर यह लालच देकर ले गया कि वह उसे खाने-पीने की चीजें दिलाएगा।

विपक्षी दलों को चर्चा में दिलचस्पी नहीं, सरकार जवाब देने को तैयार: भाजपा

एजेंसी/ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि विपक्षी दल मणिपुर के मुद्दे पर संसद में चर्चा से भाग रहे हैं क्योंकि उन्हें चर्चा में कोई दिलचस्पी नहीं है और वे जानते हैं कि सरकार के पास उनके सवालों का उपयुक्त जवाब है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भाजपा की यह प्रतिक्रिया आई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा, सरकार चर्चा के लिए तैयार है। गृह मंत्री ने मणिपुर का दौरा किया था और वह जवाब देने के लिए तैयार हैं। मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि विपक्ष की क्या समस्या है। जनता भी नहीं समझ पा रही है। भाजपा नेता सुशील मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते कहा कि इसके नेता मणिपुर का दौरा कर सकते हैं और राष्ट्रपति से मुलाकात कर सकते हैं, लेकिन इस मुद्दे पर संसद में चर्चा में भाग नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि विपक्ष की यह मांग तर्कसंगत नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन में बयान देना चाहिए क्योंकि सरकार सामूहिक जिम्मेदारी के साथ काम करती है और संबंधित मंत्री अमित शाह जवाब देने के लिए तैयार हैं। विपक्ष दल जानते हैं कि उनकी ओर से किए जाने वाले सभी प्रश्नों का जवाब सरकार के पास है और इसलिए वे चर्चा से भाग रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, सरकार ने बार-बार कहा है कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

नूंह हिंसा: केंद्र-राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देश

नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

एजेंसी/ नई दिल्ली

दिल्ली की सीमा से लगे हरियाणा में सांप्रदायिक हिंसा में छह लोगों की मौत हो जाने के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने तथा नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कार्वाई करने के आदेश दिए। हालांकि, शीर्ष अदालत ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नफरती भाषण से माहौल खराब होने का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी. भट्टी की पीठ ने संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी अदेश दिया। पीठ ने कहा, हमें उम्मीद और विश्वास है कि पुलिस अधिकारियों सहित राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करेंगी कि किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरे भाषण न दिए जाएं और किसी तरह की हिंसा न हो, या संपत्ति को नुकसान न पहुंचाया जाए। और जहां भी आवश्यकता होगी, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल या अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएंगे। शीर्ष अदालत ने केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू को निर्देश दिया कि वे तुरंत अधिकारियों से संपर्क करें और सुनिश्चित करें कि अब कोई अप्रिय घटना न हो।राजू ने निर्देश लेने के लिए अदालत से समय मांगा। इसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई शुक्रवार के लिए निर्धारित कर दी।

पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सी.यू. सिंह ने अदालत से कहा कि दक्षिणपंथी संगठनों विहिप और बजरंग दल द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के विभिन्न हिस्सों में 23 प्रदर्शनों की घोषणा की गई है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने यह आदेश पारित किया।

मणिपुर: खाली पड़े दो घरों में आगजनी, इंफाल में कर्फ्यू में ढील की अवधि बढ़ाई

एजेंसी/ इंफाल

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में बुधवार तड़के अज्ञात लोगों ने एक विशेष समुदाय के दो खाली घरों में आग लगा दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि लंगोल इलाके में हुई घटना में दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने बताया कि यह घटना इस क्षेत्र में सुरक्षकर्मियों के पाली बदलने के दौरान हुई। उन्होंने बताया कि इंफाल वेस्ट क्षेत्र मेतई बाहुल्य जिला है जहां से अधिकतर आदिवासी निवासी मई में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद अपने घर छोड़कर चले गए हैं। अधिकारी बताया कि सेना के जवान खाली पड़े इन घरों की सुरक्षा कर रहे थे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जवानों को घरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी थी। अधिकारी ने बताया कि उपद्रवियों ने तब घरों में आग लगाई जब सेना के जवान जा रहे थे और उनकी जगह सुरक्षा का प्रभार संभालने के लिए सीआरपीएफ जवान आ रहे थे। मणिपुर पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी एक अलग प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि 'राज्य में स्थिति अब भी अस्थिर और तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है तथा 'सुरक्षा बलों ने राज्य के संवेदनशील और सीमावर्ती इलाकों में तलाश अभियान चलाया। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि कोम यूनियन मणिपुर के अध्यक्ष सर्टो अहाओ कोम (45) को इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बर्खास्त मंत्री गुढ़ा ने लाल डायरी के तीन पन्ने जारी किए, भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

एजेंसी/ जयपुर

राजस्थान के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने कथित 'लाल डायरी' के तीन पन्ने बुधवार को सार्वजनिक किए। उन्होंने दावा किया कि इन पन्नों में कुछ कांग्रेस नेताओं के दो नंबर के लेनदेन का विवरण है और उन्होंने इनके हवाले से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के चुनाव में भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले सप्ताह गुढ़ा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि ऐसी कोई लाल डायरी मौजूद नहीं है और यह कपोल कल्पित है। गुढ़ा ने दावा किया था कि उन्होंने इसे 2020 में आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के आवास से गहलोत के निर्देश पर सुरक्षित निकाला था।गुढ़ा ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तीन पन्नों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत और आरसीए सचिव भवानी समोता और अन्य के बीच वित्तीय लेनदेन का विवरण है। वैभव गहलोत वर्तमान में आरसीए के अध्यक्ष हैं।गुढ़ा ने आरोप लगाया, 'मैं तथ्यों के आधार पर बोल रहा हूं कि आरसीए चुनाव में वोट खरीदे गए। कथित डायरी के एक पन्ने में यह आरोप लगाया गया है कि भवानी सामोता लोगों का पैसा नहीं दे रहे हैं और उन्होंने ज्यादातर लोगों से किया हुआ वादा पूरा नहीं किया। गुढ़ा ने कहा कि डायरी की लिखावट का मिलान अशोक गहलोत के करीबी राठौड़ की लिखावट से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डायरी के कुछ पन्ने गायब हैं, लेकिन जो पन्ने उनके पास हैं, उन्हें वह जारी करेंगे।राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मुद्दे पर विधानसभा में अपनी ही पार्टी की सरकार को घेरने के बाद मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए गए गुढ़ा लगातार गहलोत पर निशाना साध रहे हैं।

इस लाल डायरी के होने का दावा किए जाने के बाद, भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर गहलोत सरकार पर निशाना साधा था, यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान इसका जिक्र किया था। विधानसभा में 24 जुलाई को सदन में गुढ़ा द्वारा लाल डायरी का मुद्दा उठाने की कोशिश के बाद सदन में असहज दृश्य सामने आए थे और उन्हें विधानसभा से निलंबित कर

खरगे और राहुल की कर्नाटक कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को पार्टी की कर्नाटक इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में खरगे और राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उप मुख्यमंत्री एवं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार और कई अन्य नेता मौजूद थे। बैठक के बाद खरगे ने ट्वीट कर कहा, हम साथ मिलकर 6.5 करोड़ कन्नड़वासियों के लिए प्रगति और कल्याण का एक नया अध्याय लिख रहे हैं। हम अपनी 5 गारंटी को पूरा करने की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं, जिनमें से

हरियाणा हिंसा: मुख्यमंत्री खट्टर ने केंद्रीय बलों की चार और कंपनी मांगी

एजेंसी/ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के मद्देनजर बुधवार को केंद्रीय बलों की चार और कंपनी मांगी और कहा कि आईआरबी (इंडियन रिजर्व बटालियन) की एक बटालियन भी नूंह में तैनात की जाएगी। मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय बलों की 20 कंपनी पहले से ही हरियाणा में तैनात हैं, जिनमें से 14 नूंह में, तीन पलवल में, दो गुरुग्राम में और एक फरीदाबाद में तैनात है। उन्होंने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। खट्टर ने कहा कि नूंह में सोमवार की हिंसा के बाद से अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है और 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 90 लोगों को हिरासत में लिया गया है।हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को कहा कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा में दो होम गार्ड समेत छह लोग मारे गए और इन मामलों में 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि नूंह में झड़प के बाद अन्य स्थानों पर हुई हिंसा की घटनाओं पर काबू पा लिया गया है और स्थिति अब सामान्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि घायलों को नूंह के नलहड़ और गुरुग्राम के मेदांता सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

विहिप ने दिल्ली में किया विरोध-प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने हरियाणा में हुई हालिया हिंसा के खिलाफ बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में प्रदर्शन किया। भगवा रंग के झंडे लेकर और जय श्री राम, हर हर महादेव तथा वंदे मातरम के नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने बदरपुर बॉर्डर पर सड़क को अवरुद्ध कर दिया। बदरपुर बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों के धरने के कारण लंबा जाम लग गया, जिससे फरीदाबाद से दिल्ली की ओर यातायात अवरुद्ध हो गया। दिल्ली पुलिस ने शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है तथा विरोध-प्रदर्शनों और अन्य गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। विहिप और उसके सहयोगी संगठनों के प्रदर्शन के कारण दिल्ली में कई स्थानों पर यातायात अवरुद्ध हो गया।

सभापति धनखड़ ने विपक्ष की मांग पर कहा...

प्रधानमंत्री को उच्च सदन में आने का निर्देश नहीं दे सकते

एजेंसी/ नई दिल्ली

धनखड़ ने कहा कि आसन यहां से प्रधानमंत्री को कोई निर्देश नहीं दे सकता और कभी भी आसन ने प्रधानमंत्री को सदन में आने का निर्देश नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अगर वह ऐसा करते हैं तो यह संविधान के तहत शपथ का उल्लंघन होगा। धनखड़ ने कहा, अगर प्रधानमंत्री आना चाहते हैं, तो हर किसी की तरह, यह उनका विशेषाधिकार है। लेकिन इस आसन से इस तरह का कोई निर्देश कभी नहीं जारी किया गया है और कभी नहीं जारी किया जाएगा।

राज्यसभा में विपक्षी दलों के मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग पर अडिग रहने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को स्पष्ट कहा कि वह प्रधानमंत्री को सदन में आने का निर्देश नहीं दे सकते। संसद का मानसून सत्र के शुरू होने के बाद से ही विपक्षी सदस्य मणिपुर के मुद्दे पर नियम 267 के तहत चर्चा और प्रधानमंत्री के बयान की मांग कर रहे हैं।सुबह, उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति धनखड़ ने कहा कि उन्हें मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत 58 नोटिस मिले हैं। उन्होंने कहा कि ए सभी नोटिस मणिपुर की स्थिति से जुड़े हैं। उन्होंने इस नोटिस को अस्वीकार करते हुए कहा कि मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए उन्होंने पहले ही व्यवस्था दी थी और सरकार भी चर्चा के लिए तैयार थी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा को सूचीबद्ध भी किया गया लेकिन दुर्भाग्य से चर्चा नहीं हो सकी। इसके बाद उन्होंने नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने का मौका दिया। खरगे ने कहा कि उन्होंने नियम 267 के तहत एक नोटिस दिया है और उसमें आठ बिंदुओं के जरिए स्पष्ट किया है कि क्यों मणिपुर मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए और क्यों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन में आकर बयान देना चाहिए।

सभापति ने कहा कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को अपनी बात कहने का मौका दिया लेकिन उन्होंने उसका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया। इसके बाद सदन में विपक्षी सदस्यों का हंगामा शुरू हो गया। वे प्रधानमंत्री से सदन में आने और उनके बयान की मांग कर रहे थे। आसन यहां से प्रधानमंत्री को कोई निर्देश नहीं दे सकता और कभी भी आसन ने प्रधानमंत्री को सदन में आने का निर्देश नहीं दिया है। अगर वह ऐसा करते हैं।

कर्नाटक : दूषित पानी के सेवन से दो लोगों की मौत, कई ग्रामीण बीमार

एजेंसी/ चित्रदुर्ग

कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के एक गांव में कथित रूप से दूषित पानी पीने से दो लोगों की मौत हो गई और 60 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस जहर देने के आरोपों की भी जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम को जिला अस्पताल से सूचना मिली कि कवदिगाराहत्ति गांव के कुछ निवासियों को उल्टी और दस्त जैसे गंभीर लक्षण दिखाई देने के बाद उपचार के लिए आनन-फानन में स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद नगरीय निकाय ने पानी की आपूर्ति बंद कर दी और वैकल्पिक इंतजाम किए गए। कवदिगाराहत्ति गांव की तीन सड़कों पर बने मकानों में रहने वाले लोगों ने कथित रूप से दूषित पानी पिया, जिसकी वजह से उनमें ए लक्षण दिखाई दिए। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम प्राधिकारियों ने कई दिनों से पानी के टैंक की सफाई नहीं कराई थी। पुलिस के मुताबिक, इसकी भी जांच की जा रही है कि कहीं पानी की नियमित आपूर्ति करने के लिए नियुक्त निकाय कर्मी ने जानबूझकर तो पानी में जहर नहीं मिलाया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मंजुला और रघु के रूप में हुई है।

ख़ास ख़बर

परलोकवासी बालकृष्ण बाबू के द्वादशा कर्म में शरीक हुए समाजसेवी संजय मिश्रा

अररिया।एस डी एम ग्रुप के एमडी सह समाजसेवी संजय मिश्रा ने दिवंगत कॉपरेटिव बैंक के पूर्व मैनेजर बालकृष्ण झा की द्वादश कर्म में पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

शोक सभा में श्री मिश्रा ने दिवंगत झा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि गरीबों के मसीहा बालो बाबू की कमी सीमांचल को खोलेगी।उन्होंने कहा कि विभिन्न समाजसेवी गतिविधियों में भाग लेने वाले बालकृष्ण झा एक प्रतिभाशाली व्यक्ति थे,कॉपरेटिव के मैनेजर पद से सेवानिवृत्ति लेने के बाद जनसेवा में अपना समय दिया। उनके निधन से अररिया जिले के लोग अपूरणीय क्षति का अहसास कर रहे हैं।स्व. झा को स्वर्गीय झुमारलाल बैठा और शीतल प्रसाद गुप्ता के करीबी माना जाता था और उन्हें जमुआ पंचायत के टेक टोला के मूल निवासी भी जाना जाता था। उनके पुत्र और पुत्रबधू भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं।समाजसेवी संजय मिश्रा ने स्व. झा के उत्कृष्ट सेवाभाव को सराहा और उनके समाज को दिए अनमोल योगदान को याद किया। भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ, झा को एक सच्चे समाजसेवक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

मॉडर्न चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट में अररिया ,पूर्णिया और कटिहार की कुल आठ टीम ले रही है भाग

अररिया।नेताजी सुभाष स्टेडियम अररिया में मॉडर्न स्पोर्ट क्लब के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया.बुधवार को तीसरे मैच में युवा संघर्ष मोर्चा मुंशी बारी पूर्णिया का मुकाबला यूनिक युवा क्लब नया नगर फारबिसगंज बीच खेला गया

जिसमे दोनों टीमों कें मुकाबला मे मध्यांतर तक तीन गोल कर संघर्ष मोर्चा पूर्णिया 3/0 से बढ़त बनाये रखा एक तरफा मुकाबला मे मध्यांतर कें बाद लगातार 5 गोल दागते हुऐ ऐक गोल दागते हुऐ यूनीक युवा क्लब फोरबीसगंज अपने ऊपर हुवे गोल को कम किया एकतरफा मुकाबला मे युवा संघर्ष मोर्चा पूर्णिया 8/1मैच जीता और सेमी फाइनल मे पहुंच गई ।मॉडर्न चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट में अररिया ,पूर्णिया और कटिहार की कुल आठ टीम भाग ले रही है .जिसका फाइनल मैच रविवार को इसी मैदान पर होगा .मैच में मुख्य रेफरी के रूप में बबलू मरांडी और अब्दुल गफ्फार एवं सदरे आलम शामिल थे.

जबकि मैन ऑफ द मैच का ख़िताब युवा संघर्ष मोर्चा मुंशी बारी पूर्णिया कें कप्तान रोबट पन्ना को दिया गया.मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मनोज वररया समाज सेवी सैय्यद जाहिद अनवर पूर्व सचिव टाउन क्लब ,अध्यक्ष सत्यन शरण ,इश्तियाक आलम जकी अंसारी ,जकीउल्ल होद ,मोहतासीम जुबेरी ,गोपाल झा , शकील अंसारी ,शादाब शमीम ,तंजील अहमद झुन्नू ,सिकन्देर पासवान , नौशाद आलम ,कमाले हक़ ,रफत संवि भी मौजूद थे।

जातिवार गणना के पक्ष में पटना उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया फैसला स्वागत योग्य- डा0 शत्रुघ्न मंडल

अररिया।राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी डा0 शत्रुघ्न मंडल ने कहा कि जातिवार गणना के पक्ष में पटना उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया फैसला स्वागत योग्य है।

और उनके दूरदर्शिता को दर्शाता है।महागठबंधन के आदरणीय नेता मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी का जातिवार गणना एक दूरदर्शी सोच को दर्शाता है।इस गणना से शोषित, वंचित और मुख्य धारा से दूर रह रहे लोगों को उनके जनसंख्या के अनुपात में उचित अवसर मिल पायेगा।आबादी के अनुपात में उचित अवसर मिल पाना ही समाजवादी लोकतंत्र का मूल है।

जयनगर की माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति की एक और मिला सम्मान, दिल्ली में कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित हुए अमित कुमार राउत

उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/ख्वाब फाउंडेशन के द्वारा राजधानी नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित अंतरराष्ट्रीय युवक केंद्र में कलाम युद्ध लीडरशिप कॉन्फ्रेंस-5 में बिहार के प्रत्येक जिले से समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में विश्व के कई देशों के समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाजसेवियों को सम्मानित किया जा रहा है, जिसमें बिहार के 38 जिला से 38 समाजसेवियों को उनके उत्कृष्ट समाज सेवा के कारण सम्मानित किया जा रहा है। मधुबनी जिला से रक्तदान एवं अन्य सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे जयनगर के मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कहते हैं चाहो तो सब कुछ है आसान, बस उस चाहने मे आपकी शिद्दत हो।सच्चा कार्य वही हैं, जो समाज के हित को सर्वोपरि बना सके। इसलिए कहा जाता है कि समाज सेवा का मतलब तलवार की धार पर चलने का कार्य और यह कायरों का काम नहीं। जिंदगी में संघर्ष जरूरी हैं। मतलब की दुनिया में कौन किसका सोचता है, जो जैसा देखता है वो वैसा खोजता है। ये बात भले ही सच होगी, लेकिन आज भी दुनिया में ऐसे लोग है, जो अपने मतलब और स्वार्थ को पीछे छोड़ किसी और को खुश करने में जी जान से लगे हुए है। हम बात कर रहे है माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति की, जो न केवल किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम करती है, बल्कि किसी भी इंसान की जान बचने के लिए जहां तक कोशिश की जा सकती है। वहां तक उसका साथ निस्वार्थ भाव से देती है।

रक्तदान करवाना, किसी गरीब का इलाज करवाना, किसी की पढाई में पैसे लगाना, किसी की छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी जरुरत को पूरा करना इत्यादि। ऐसे ही शिद्दत के साथ मधुबनी जिले के जयनगर की एक संस्था अनवरत सामाजिक सेवा कार्य करती आ रहीं है। पिछले लॉक डाउन के समय से ही ये संस्था जरूरतमंद लोगों की सेवा निःस्वार्थ भावना से बगैर दिन-रात की परवाह किये इसके संरक्षक एवं सदस्य बिना जान की परवाह किये ही अनवरत सेवा करती आ रही है।बीते कुछ समय मे क्षेत्र के चहूँ और इनकी कीर्ति और यश फैल रहा है। हाल मे कई सामाजिक कार्यों मे उल्लेखनीय भूमिका के लिए विभिन्न संस्थान द्वारा इनको प्रोत्साहित करने हेतु सेवा सम्मान किया गया है।दिल्ली में आयोजित हुए इस कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम आजाद के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ।आयोजन समिति ने बताया कि समारोह में बिहार समेत देश भर मे कला,संगीत,साहित्य,समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली प्रतिभाओं के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्थाओं का सम्मान किया गया। इसके अलावा देश भर से कुछ चुनिंदा सामाजिक सेवा कार्यों मे अग्रणी सेवा संस्थान एवं भारत के अलावा कई देशों के विशिष्ट विलक्षण प्रतिभाओं का भी इस कार्यक्रम मे सम्मान किया गया। इसी क्रम मे बिहार के मधुबनी जिले के जयनगर की सामजिक संस्था माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति का भी सम्मान किया गया।इस मौके पर माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के मुख्य संयोजक समाजसेवी भाई अमित कुमार कुमार राउत ने कहा कि हमारे इस सम्मान में हमारे समिति के हर एक सदस्यो का समर्पण है, इसलिए यह सम्मान हमारे सभी सदस्यों का सम्मान है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राजीव गांधी विश्वविद्यालय अरुणाचल प्रदेश के प्रति कुलपति एवं विश्व के टॉप हंड्रेड में एक स्पेशल स्थान रखने वाले साकेत कुशवाहा थे। इस कॉन्फ्रेंस में ख्वाब फाउंडेशन के संरक्षक मुन्ना कुशवाहा, अध्यक्ष अमित कुशवाहा, सुब्रॉ राय, सीकेन शेखर वाजपई, समस्तीपुर के ट्री मैन राजेश कुमार सुमन एवं बिहार को विशेष राज्य दर्जा अभियान के संयोजक सुनील गुरु, अर्चना भट्टाचार्य, सहरसा से गणेश कुमार भगत, जूली सिन्हा सहित देश एवं विदेश के सैकड़ों समाजसेवी मौजूद रहे।

संवरने वाले हैं शिक्षकों के दिन सम्मान भी लौटा है, दशा भी सुधरेगी- डा. अशोक कुमार

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।सम्पूर्ण बिहार के परंपरागत विश्वविद्यालय के अनुदानित तथा अंगीभूत महाविधालय के कायाकल्प हेतु सरकार तथा शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। स्थिति एवम आधारभूत संरचना के आधार पर सरकार और शिक्षा विभाग निर्णय भी लेने जा रही है।अनुदानित डिग्री महाविद्यालय अंगीभूत हो सकते हैं वहीं अतिथि शिक्षकों की हो सकती है स्थायीकरण।

उक्त बात बिहार प्रदेश अनुदानित डिग्री महाविद्यालय प्रधानाचार्य महासंघ के अध्यक्ष डा अशोक कुमार एवम प्रधान महासचिव डा माधवेंद्र झा ने बिहार में शिक्षा के उन्नयन तथा मुख्यमंत्री के साथ शिक्षा विभाग के संयुक्त पहल की सराहना करते हुए आशा व्यक्त किए हैं कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था पूर्व से सुदृढ़ रही है। विगत कुछ वर्षों में शिक्षकों का घोर अभाव तथा वित्तीय संकट का शिकार बिहार में शिक्षा विभाग एवं शिक्षण संस्थानों को झेलना पड़ा। शिक्षा में अभिनव प्रयोग का भी असर पड़ा। सबसे ज्यादा कोविड 19से शिक्षण संस्थान रेगिस्तान बन गया। ऑनलाइन शिक्षा और परीक्षा की यदि समीक्षा की जाय तो हम सभी के रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन ऐसे समय में अपर मुख्य सचिव के के पाठक जी का अवतरण शिक्षण संस्थानों में भागीरथी प्रयास कर रहे शिक्षकों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है।

अभिभावकों में जहां जिज्ञासा बढ़ी है वहीं छात्र छात्राओं में परिसर लौटने की ललक भी। मोबाइल से दूरी भी छात्र छात्राओं में अत्यंत सकारात्मक प्रभाव डाला है। अब शिक्षा विभाग और मंत्रालय संस्थानों की समस्या का निदान लेने का संकल्प लिया है। पूरे बिहार के

उच्च शिक्षा से जुड़े संस्थानों का होगा कायाकल्प- डा. माधवेन्द्र झा

विश्वविद्यालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ एक साथ बैठक सचमुच रंग लाने का संदेश हैं। पी पी टी के माध्यम से स्वच्छ छवि प्रदर्शित होने का संकल्प निश्चित रूप से उसके निदान की ओर लक्ष्य माना जा रहा है। अनुदानित डिग्री महाविद्यालय अभी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रीढ़ का काम कर रहा है लेकिन इसमें कार्यरत शिक्षक एवम कर्मचारियों को जीवन यापन भत्ता भी नहीं मिल रहा है। आवश्कता है कि सभी अनुदानित महाविद्यालयों को एकबारगी अंगीभूत कर समतुल्य शिक्षा, परीक्षा एवम व्यवस्था को प्रखर बनाया जाय। सभी अंगीभूत महाविधालय अतिथि शिक्षकों के भरोसे पर चल रहा है। उनकी नियुक्ति कमीशन के पूर्ण मापदंड के आधार पर हुई है लेकिन वे अपने ही संस्थान में अछूत जैसा व्यवहार पा रहे हैं। शिक्षा में गुणवत्ता के मानक शिक्षकों की दशा में सुधार होना भी चाहिए ताकि तनावमुक्तएवं भयमुक्त होकर वे राष्ट्र की सेवा सुनहरे कल के संकल्प युवा को संस्कारित वो ऊर्जावान बना कर कर सकें। आवश्यकता है कि सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवम पदाधिकारी जज्बात से सरकार को रु बरु करा सके।

फारबिसगंज, बीडीओ एवं मुखिया ने हरी झंडी दिखाकर, अपशिष्ट प्रबंधन का किया उद्घाटन

फारबिसगंज।प्रखंड क्षेत्र के भाग कोहलिया पंचायत को साफ व स्वच्छ बनाये जाने के उद्देश्य से लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज टूट के अंतर्गत ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन का उद्घाटन को लेकर भागकोहेलिया पंचायत के सामुदायिक भवन के परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बीडीओ संजय कुमार व मुखिया जैबुन निशा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर पंचायत में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन का विधिवत रूप से उद्घाटन किया. उद्घाटन के बाद स्वच्छता कर्मी पंचाय के पर्यवेक्षक सर्वे करेंगे जिसके बाद तत्काल प्रत्येक घर से 30 रुपये महीना व प्रत्येक दुकान से 90 रुपये महीना लिया जायेगा. जो इच्छुक होंगे व देंगे. बीडीओ ने कहा कि पंचायत में डब्लूपीयू के लिए जमीन चिह्नित कर लिया गया है. जल्द ही खटाल बन जायेगा.सभी 15 वार्डो में पैडल रिक्सा व ई- रिक्शा सें घूम-घूम कर कचरा का उठाव करने का कार्य शुरू कर दिया. मौके पर मुखिया जैबुन निशा ने बतायी कि पंचायत को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए 15 वार्डो में 30 स्वच्छता कर्मियों व एक स्वच्छता पर्यवेक्षक है. स्वच्छता कर्मियों को ड्रेस व स्वच्छता कीट के अलावा 15 पैडल रिक्सा व 01 एक ई रिक्शा दिया गया है. वहीं मुख्य अतिथि बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि भागकोहलिया पंचायत शहर से सटा हुआ पंचायत है. इस पंचायत को साफ स्वच्छ बनाने के लिए यहां सरकार के लोहिया स्वच्छ बिहार योजना के तहत ठोस व तरल कचरा अपशिष्ट प्रबंधन का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया है. स्वच्छता कर्मी पंचायत में डोर टू डोर पहुंच कर कचरा का संग्रह करेंगे।

चर्चित साहित्यकार भोला पंडित प्रणयी जी को मिला नागार्जुन पुरस्कार

अररिया। जिले के आम लोगों खासकर साहित्यकारों व साहित्यप्रेमियों के लिए ये खबर गौरवान्वित करने वाली है कि रेणु माटी के एक बुजुर्ग साहित्यकार भोला पंडित प्रणयी को राज्य सरकार ने नागार्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया है।राज्य सरकार ने वर्ष 2021-22 के हिंदी सेवा सम्मान और पुरस्कार योजना के तहत साहित्यकार प्रणयी का चयन नागार्जुन पुरस्कार के लिए किया था। सोमवार को पटना में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद अपने हाथों से उन्हें सम्मानित किया। सम्मान के रूप में उन्हें दो लाख का चेक, प्रशस्ति पत्र, मेडल के अलावा, शॉल, पुस्तकें आदि प्रदान किया गया। गौरतलब हो कि मूल रूप से रानीगंज के कवैया गांव निवासी हैं श्री प्रणयी एक सरकारी शिक्षक के रूप में 1996 में सेवानिवृत हुए। कुम्हार जाति में जन्म लेने वाले श्री प्रणयी का जीवन संघर्ष पूर्ण रहा। दस वर्ष की उम्र में ही उनके पिता श्री का निधन हो गया था। 12-13 साल की आयु में विवाह भी हो गया था, लेकिन तमाम मुश्किलों के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। मैट्रिक पास करने के बाद शिक्षक प्रशिक्षण लिया। इसके बाद बतौर शिक्षक पूर्णिया और अररिया के विभिन्न प्राथमिक और मध्य विद्यालय में अपनी सेवा देने के बाद वे आदर्श मध्य विद्यालय, अररिया बाजार से रिटायर हुए। फिलहाल अररिया के ही जयप्रकाश नगर में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता कव्वाली गाते थे। उन्होंने भी नृत्य संगीत सीख लिया। स्कूल शिक्षा के दौरान वो विभिन्न गांव में आयोजित होने वाले संगीत और नृत्य के कार्यक्रमों में भी भाग लेते थे। उन्हें स्कूल के समय से ही साहित्य में रुचि थी। उन्होंने लेखनी 1962 से शुरू किया। शुरुआत में उन्होंने कहानियां और उपन्यास आदि लिखे, फिर बाद के समय में पूरी तरह काव्य की विधा को अपना लिया। वे गजलें आदि आदि भी लिखते रहे हैं। 1934 में जन्म लेने वाले श्री प्रणयी आज भी साहित्य सृजन के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

जांच शिकायत पर दीपक कुमार ने मेडिकल कॉलेज पहुंच कर इसकी जांच की।

संवेदनहीन बना हुआ है मेडिकल कॉलेज मधेपुरा

मधेपुरा। मेडिकल कालेज से बिजली सहित अन्य समस्यों की मिल रही शिकायत पर भाजपा मधेपुरा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार ने मेडिकल कॉलेज पहुंच कर इसकी जांच की। वहां वाशरूम से इतना बदबू दे रहा था कि रोज नई बीमारी उत्पन्न हो सकता है। सोमवार की रात मेडिकल कॉलेज में जिस वक्त बिजली गुल हुई उस समय मेडिकल कॉलेज के विभिन्न वार्डों में ढाई सौ के करीब मरीज भर्ती थे । ये बड़े भाग्य की बात है की इस दौरान कोई बड़ी घटना नहीं हुई । हालांकि करीब 7 घंटे के ब्लैक आउट के दौरान मरीज के परिजन सरकारी मरीज के संग दौड़ते भागते देखे गए । सात घंटा मरीजों के पहाड़ के समान बीतता रहा लोग अपनी जान बचाने के लिए लगातार परिजन के देखते रहे।मेडिकल कॉलेज तो बना दिया गया लेकिन सुविधा के लिए अब भी काफी काम करना शेष है।मरीज के परिजन बबलू ठाकुर से हालचाल जाना तो उसने कहा कि शौचालय जाने लायक नहीं है, बाहर का सहारा लेना पड़ता है।तत्काल माननीय भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दीपक कुमार मेडिकल कॉलेज के सुपरिटेंडेंट मालती कुमारी से मिलकर समस्या के समाधान हेतु बात की और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दीपक कुमार ने कहा कि तीन साल पूर्व साढ़े आठ सौ करोड़ की लागत से बने जन नायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज आज भी मौलिक सुविधाओं से कोसो दूर है। मेडिकल कॉलेज को लेकर कई बार समाचार पत्र के माध्यम से यहां की समस्या से अवगत कराया जाता है लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रशासन सुधरने की जगह बड़े कारनामे कर गुजरता है। सरकार और इसे बनाने वाली कंपनी दावा करती फिर रही है कि उक्त मेडिकल कॉलेज वर्ल्ड क्लास का मेडिकल कॉलेज है।मेडिकल कॉलेज में बिजली की समस्या को देखते हुए स्थानीय स्तर पर जेनरेटर की व्यवस्था की गई।उसके बाद इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, बल्ड बैंक सहित विभिन्न वार्डों में बिजली सेवा बहाल की जा सकी।हालांकि बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिजली विभाग के आलाधिकारी और टेकनिशियन लगातार काम कर रहे हैं । मौक़े पर जिला आईटी सेल संयोजक, अरविन्द मिश्रा, सिंघेश्वर मंडल अध्यक्ष संतोष मल्लिक, महामंत्री द्वय राजा साह, सुभाष चौहान उपस्थित थे।

नवोदय विद्यालय में मेहंदी रचना प्रतियोगिता का आयोजन

अररिया।जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में सह पाठयक्रम गतिविधि के अंतर्गत मेंहदी रचना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सावन के महीने में प्राकृतिक सौंदर्य चहुंओर दिखाई देता है वहीं महादेव शिव की पूजा अर्चना की जाती है। शिव सृजनात्मक शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इस कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार ने बताया कि बच्चों में मेहंदी रचना प्रतियोगिता के माध्यम से सृजनात्मक और रचनात्मक प्रवृत्तियां बढ़ाने का सफल प्रयास किया गया। बच्चों ने विद्यालय परिवार के सदस्यों के हाथों पर मेहंदी रच कर एक पारिवारिक स्नेह प्राप्त करने का अवसर भी पाया। कौशल विकास को बढ़ावा देने वाली इस मेहंदी रचना प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में आयुषी झा प्रथम,जीकरा नाज द्वितीय व नुरिश तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कनिष्ठ वर्ग में मनतशा जीनत प्रथम, शिवांगी मरांडी द्वितीय व कुशमी हेम्ब्रम तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागी बच्चों व अन्य में एक नवीन ऊर्जा और खुशी का संचार होते देखा गया। विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा ने बताया कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, इसे प्रकट करने का पुर्ण अवसर देकर इसे निखारने का कार्य हमारे शिक्षक बखुबी कर रहे हैं। ऐसी गतिविधियां न केवल रचनात्मक ऊर्जा को विकसित करती है बल्कि दिलों को पास लाकर मानवीय मूल्यों को भी बढ़ाती है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिकाएं वीणा मैडम, रीया मैम समेत सभी छात्रा ने काफी उत्साह पूर्वक भाग लिया।

ख़ास ख़बर

बायसी शक्ति केंद्र प्रमुख के पद पर संजय का चयन

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल/जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में बायसी पंचायत के डुमरी चौक यात्री शेड में पूर्व मुखिया सह पूर्व शक्ति केंद्र प्रमुख अनिल कुमार मेहता की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी राघोपुर उत्तरी मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में मंडल अध्यक्ष भरत सिंह उपस्थित थे। इस दौरान सर्वसम्मति से बायसी शक्ति केंद्र प्रमुख के रूप में पंसस सदस्य संजय पासवान, संयोजक वैद्यनाथ मेहता एवं उपाध्यक्ष शिव कुमार मुखिया को मनोनीत किया गया। मनोनयन के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। वहीं नवनियुक्त शक्ति केंद्र प्रमुख ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करूंगा। इस मौके पर मंडल महामंत्री प्रदीप कुमार जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष रमेश मेहता, ललित कुमार मिश्र, महादेव शर्मा, विनोद कुमार मरीक, अनन्त कुमार यादव, राजकुमार, शिव नारायण मेहता, अंगद राम, रंजीत मांझी, रमेश मंडल, देबू रजक, मुकेश कुमार पासवान, बुध नारायण मेहता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बाइक सवार दो बचाने में अनियंत्रित होकर ट्रक मारी पलटी,बाल-बाल बचे चालक

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल/जिले में पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 327 ई पिपरा सुपौल मार्ग के पीडब्ल्यूडी समीप में सड़क दुघर्टना में बाल-बाल बचे बाइक सवार और ट्रक चालक बाइक सवार को बचाने के दरमियान कार्यालय के सामने एक सीमेंट लदे ट्रक बी आर 01 जी एच 9169 बुधवार सुबह करीब तीन बजे पलटी मार दी। जबकि बाइक सवार मौके से भाग खड़े हुए।घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ट्रक कर्मी ने बताया औरंगाबाद से सीमेंट लादकर किशनगंज जा रहे थे कि एन एच 327 ई पर पूरब की और से आ रही एक ट्रक और एक ट्रिपल बाइक सवार को बचाने के क्रम में गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और टेलर पिन टूट गया जिसके बाद पी डब्लू डी के बाउंड्री को तौरते हुए गाड़ी पलटी मार दी। गनीमत रहा की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई।हालांकि पी डब्लू डी का बाउंड्री टूटकर छत बिछत हो गया। घटना की जानकारी गाड़ी मालिक को दी गई जिसके बाद दूसरे ट्रक पर सीमेंट की बोरी लादकर किशनगंज के लिए निकल पड़ा। इधर ट्रिपल लोडिंग बाइक सवार का खुलेआम सड़क पर चक्कर लगाने से आमलोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश का इजहार किया जा रहा है लोगों का कहना है कि पुलिस चेकिंग नहीं होने के कारण थाना क्षेत्र में आए दिन एक बाइक पर तीन से चार लड़के सवार होकर खुले आम सफर करते हैं जिस कारण कभी भी बड़ी से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पिपरा पुलिस घटनास्थल का जायजा लिया और छानबीन में जुट गई।

प्रखंड के घीवहा शक्ति केन्द्र प्रमुख मनोनित हुए सिकेन्द्र मंडल, मिला पार्टी संगठन की मजबूती का दायित्व

सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर/छातापुर, सुपौल/जिले के छातापुर प्रखंड अन्तर्गन घीवहा में भाजपा की विशेष बैठक हुई। जिसमें पार्टी संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार हजारी समेत अन्य प्रखंड स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति हुई बैठक में घीवहा पंचायत में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने को लेकर घीवहा शक्ति केन्द्र प्रमुख (भाजपा पंचायत अध्यक्ष) कार्यकर्ता सिकेन्द्र मंडल को मनोनित किया गया। जिन्हे समय से अपने मिले दायित्व का निर्वहन करने की भी बात कार्यकर्ताओं ने कही। मौके पर सुधीर पाठक, ललन कुमार आदि थे।

नवविवाहिता की मौत के बाद, हो हंगामा के उपरांत परिजनों के सहमति पर शव का किया गया अंतिम संस्कार, पति ने अर्थी को कंधे देकर दिया खान जी मुखाग्नि

परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द ही दोषियों के ऊपर कार्यवाई की जाएगी।

अभिषेक आनंद/ दैनिक शुभ भास्कर ,बीरपुर, सुपौल/ जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड के अंतर्गत दहेज के लोभियों के कारण परिणय सूत्र में बंधने के लगभग 3 महीने में ही नवविवाहिता की जान चली गयी। ताजा मामला रतनपुर थानाक्षेत्र रतनपुर पंचायत के बहुरवा वार्ड 12 में बीते 29 जुलाई को दहेज प्रताड़ना के मामले में नवविवाहिता की फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला था। रविवार को परिजनों के समक्ष पहुंचे एसडीपीओ वीरपुर पंकज कुमार मिश्र ने कहा कि पुलिस अनुसंधान में जुटी है। विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द ही दोषियों के ऊपर कार्यवाई की जाएगी। वही मृतिका के माता- पिता अपने कार्यस्थल पंजाब से शाम के करीब 6 बजे घटना स्थल पर पहुँचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। जिसके बाद रतनपुर थाना में 7 लोगो को नामजद कर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी। मृतिका नीतू के माता-पिता व परिजन के घटना स्थल पर पहुचते ही हो हंगामा शुरू हो गया और घटना के मामले में दोषियों की गिरफ्तारी व सख्त करवाई की मांग करने लगा। घटना स्थल पर लड़की के मायके पक्ष के भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों की भीड़ लगी रही। इससे पूर्व दहेज प्रताड़ना को लेकर लड़की के परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। लड़की के परिजनों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने रामसागर मेहता के सभी आवासीय घरों में ताला जड़ दिया। करजाईन थानाक्षेत्र के बौराहा पंचायत के जनप्रतिनिधि, रतनपुर पंचायत के जनप्रतिनिधि समेत अन्य कई पंचायत के जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी वर्ग के लोग और कई थाने के पुलिस बल की मौजूदगी में शव की अंतिम संस्कार करने के लिए लगभग 6 घंटे तक विचार विमर्श चलता रहा। देर रात्रि करीब 1 बजे परिजनों की सहमति पर शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में मुखाग्नि मृतिका के पति दीपक कुमार मेहता ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिया। अंत्योष्टि के बाद पुलिस ने नवविवाहिता के पति को पुलिस अपने हिरासत में ले लिया। वहीं लड़की के ससुर राम सागर मेहता दो दिन पूर्व से ही पुलिस हिरासत में है।

क्या है पूरी मामला- बीते 29 जुलाई को दहेज उत्पीड़न मामले रतनपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत रतनपुर पंचायत के बहुरवा वार्ड नं 12 में फांसी के फंदे से नवविवाहिता 21 वर्षीय नीतू कुमारी का लटकता हुआ शव मिला। मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा रतनपुर थाना पुलिस एवं नवविवाहित के मायके को सूचना दी गयी थी। बता दे कि करजाईन थानाक्षेत्र के बोराहा पंचायत वार्ड नंबर 4 निवासी महानंद मेहता अपने इकलौती पुत्री नीतू कुमारी की शादी रतनपुर पंचायत के पूर्व सरपंच ललिता देवी के जेष्ठ पुत्र दीपक कुमार मेहता से 1 मई 2023 को 5 लाख रुपये दहेज देकर शादी रचाया था। साथ ही लगभग 15 भरी जेवरात व अन्य दैनिक उपयोगी समाने भी दी थी। रतनपुर पंचायत के स्थानीय प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि शनिवार की देर शाम करीब 9 बजे दीपक मेहता ने हमें फोन किया और कहा कि हमको रतनपुर बाजार पर छोड़ दो बस पकड़ना है। दीपक को बाजार पर छोड़कर आने के बाद मैं अपने घर आ गया।

रविवार की सुबह करीब 9 बजे राम सागर मेहता के बुलाने व कहे जाने पर काफी मशक्कत के बाद घर मे घुसा और देखा कि नीतू फांसी के फंदे से झूल रही है। मैन गेट को खोला उसके बाद क्या हुआ हमें पता नही है। परिजनों का कहना है कि जिस फांसी के फंदे से नीतू लटकी हुई थी। रूम के फर्श से धरेन की दूरी काफी कम है। सुनियोजित तरीके से नीतू की हत्या करके फांसी के फंदे से लटकते हुए आत्महत्या करने का रूप दे दिया गया है। ताकि हत्या को छुपाया जा सके। ये सुसाइड नही सुनियोजित हत्या है।शादी के बाद भी दहेज के लोभी ससुर व पति नीतू को प्रताड़ित करते थे = नीतू एवं दीपक के परिणय सूत्र में बंधने के बाद मृतिका के ससुर राम सागर मेहता के द्वारा बार-बार दहेज मांग कर प्रताड़ित किया जाता था। रुपये नही देने पर पंजाब में मजदूरी कर रहे लड़की के पिता महानंद मेहता को धमकी भी दिया जाता था कि यदि 2 लाख पचास हजार नही दिए तो आपके बेटी को जान से मार दिया जाएगा। महानंद मेहता ने बताया कि दहेज के रुपए का लेनदेन ढाई लाख चेक के माध्यम से एवं शेष राशि यूपीआई एवं नगद के रूप में रामसागर मेहता को दिया गया था। आरोप है कि नवविवाहिता के पति दीपक मेहता, ससुर रामसागर मेहता एवं उनके पूरे परिवार के सदस्यों के द्वारा बार-बार दहेज की मांग कर प्रताड़ित किया जाता था।शादी के बाद भी परिजनों ने ससुराल वालों को नगद व मोटरसाइकिल भी दिया = शादी के बाद भी कई बार यूपीआई के माध्यम से लड़की के ससुर रुपये दिया गया है।

साथ ही लड़के को एक मोटरसाइकिल भी दिया गया था। लड़की के बड़े पापा अरुण मेहता ने 4 जुलाई 2023 को रामसागर मेहता के बैंक खाते में 25000 रुपये भेजा था। आवेदन ने 7 लोग को किया नामजद = मामले में महानंद मेहता ने मृतिका के पति दीपक मेहता, ससुर रामसागर मेहता, देवर रौशन मेहता, सास ललिता देवी, देवरानी चंचल देवी, चचेरा ससुर पिंटू मेहता, देवरानी के पिता अशोक मेहता के ऊपर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने के आरोप में थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है।वहीं इस संबंध में रतनपुर थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार सिंह ने बताया कि मृतिका के पिता के आवेदन पर ससुराल पक्ष के सात लोगों को नामजद करते हुए मामला दर्ज किया गया है। मृतका के पति व ससुर को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

एस एस बी सीमा चौकी नरपटपट्टी एवं सिमरी घाट ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार

अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर, सुपौल। जिले में बीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के एस .एस. बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी नरपटपट्टी एवं सिमरी घाट के नाका दल ने ड्यूटि के दौरान 1260 बोतल नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार ।जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा , द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से आसूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 220 (स्पर संख्या 2132), के क्षेत्र से नेपाल से भारत की तरफ प्रतिबंधित समान की बड़ी खेप की तस्करी होने वाली हैं । सूचना की पुष्टि करने के उपरांत तस्करों को पकड़ने के लिए एक नाका दल का गठन किया गया मुख्य आरक्षी राजेंद्र मंडल के नेतृत्व में एवं अन्य 07 कार्मिकों का नाका दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ। चिन्हित स्थान पर नाका दल सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगा कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि दो व्यक्ति नदी में नाव में कुछ समान लेकर आ रहे है इसी क्रम में नाका दल को देख उनमे से एक व्यक्ति नाव से नदी में कूद गया तथा नदी के रास्ते नेपाल प्रभाग की तरफ फरार हो गया तथा एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया तलाशी के दौरान उनके पास से नाव में नेपाली शराब दिलवाले 1260 bottle कुल- 378 लिटर शराब बरामद की गयी । हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान मो.अफरोज उम्र-20 साल पुत्र-मो.मुस्तकीन , ग्राम- जिलादोमरी थाना भपटियाही जिला- सुपौल, बिहार के रूप मे हुई ।आवश्यक कागजी कार्यवाई के उपरांत जब्त की गई शराब तथा हिरासत में लिए व्यक्तियों को उत्पाद विभाग, सुपौल जिला-सुपौल बिहार को सुपुर्द किया गया

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कर्मी पर उपभोक्ताओ ने लगाया मनमानी का आरोप

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल/जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया पथरा शाखा कर्मियों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोगताओं ने बताया बैंक में पर्याप्त कैश नहीं रहने से ग्राहकों को बेरंग लोटना पड़ रहा है यह सिलसिला अक्सर देखा जाता है जिससे ग्राहकों को परेशानी होती है। बैंक में कभी कैश नहीं रहती है तो कभी सर्वर फैल रहने से ग्राहकों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कभी सीमित कैश रहने के कारण तो कभी कैश समाप्त हो जाने से उपभोक्ताओं को बिना भुगतान लिए वापस होकर अगले दिन आना पड़ता है यह सिलसिला एक दिन का नहीं बल्कि रोजमर्रे की है। वहीं खाता अपडेट करने के लिए भी उपभोक्ताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इधर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम भी बंद पड़े हैं जिसे चालू करवाने की कोशिश भी नहीं की जा रही है। बैंक के बगल में एटीएम होने के बावजूद उससे पैसा निकालना असंभव हो गया है। बैंक से ऋण लेने के लिए भी उपभोक्ताओं को काफी जद्दोजहद करना पड़ता है। पीएम स्वनिधि योजना से ऋण लेने के लिए आवेदन कर चुके गोरवगढ वार्ड नंबर 5 निवासी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया वे लगभग दो माह पहले पीएम स्वनिधि योजना से ऋण के लिए आवेदन देकर बैंक का चक्कर लगाते आ रहे हैं बैंक मेनेजर द्वारा बैंक कर्मी को निर्देशित कर स्त्यापित करने के लिए कहा गया। मगर बैंक कर्मी द्वारा टाल मटोल कर ऋण देने में आनाकानी कर रहे हैं।

पिपरा पुलिस ने 712 बोतल नेपाली सोफी शराब की बरामद

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,पिपरा, सुपौल/ जिले में पिपरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता हाथ लगी है थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर पंचायत के दो अलग-अलग जगहों से पिपरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 712 बोतल नेपाली दिलवाले सोफी शराब बरामद किया। शराब कारोबारी के विरुद्ध सूचना मिलते ही पिपरा पुलिस थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगातार छापेमारी कर रही है और शराब बरामद करने में कामयाब हो रही है। बाबजूद शराब कारोबारी चोरी छिपे शराब कारोबार कर रहे हैं। मामले के संबंध में थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया मंगलवार की देर रात गुप्त सूचना मिली की महेशपुर वार्ड न0/11 के सड़क किनारे बड़ी मात्रा में शराब रखा हुआ है। मौके पर पुलिस बल को भेजा गया पुलिस महेशपुर वार्ड 11 पहुंच कर देखा तो सड़क किनारे करीब चार बोरा शराब रखा मिला जिसमे कुल 447 बोतल शराब बरामद कर थाना लाया। वहीं दूसरा मामला जहां सड़क किनारे तीन बोरा में करीब 265 पिस नेपाली सोफी शराब भी बरामद कर थाना लाया गया। और उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया और पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।ताजुब इस बात कि है की पिपरा पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में शराब कारोबारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शराब बरामद करने में कामयाब तो हो रहें हैं लेकिन शराब कारोबारी पुलिस गिरफ्त में नहीं आते हैं। फिलहाल एक महीने का डेटा देखा जाए तो दर्जनों जगहों से बरामद हुए शराब में कारोबारी पुलिस पकड़ से दूर हैं। पुलिस की इस तरह की कार्यशैली क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है आखिर शराब कारोबारी तक पुलिस क्यों नहीं पहुंच पाती है। यह पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है।

टेंट लगाकर लौट रहे व्यक्ति से पच्चीस हजार नगद और एक स्मार्ट फोन की गई छिनतई

डॉ विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल/जिले में निर्मली थाना क्षेत्र के मझारी चौक से बेला सिंगारमोती जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग में बुधवार की सुबह अपराधियों ने पच्चीस हजार नकद सहित एक स्मार्टफोन छीन लिया। पीड़ित ने घटना को लेकर थाने में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित बेला सिंगारमोती पंचायत के धोबियाही गांव निवासी प्रेम सिंह ने बताया कि वह बुधवार की सुबह टेंट लगाकर मझारी से अपने घर धोबियाही जा रहा था। इसी दौरान मझारी बेला के बीच में पटवा के झाड़ी में पहले से घात लगाए अपराधी ने उसके बाइक को रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए साथ में रखे पच्चीस हजार नकद सहित एक स्मार्टफोन छीन लिया। जोर जोर से चिल्लाने की आवाज पर आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो उसके बाद अपराधी वहां से भाग निकला। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों की जुटान नहीं होती तो उसका गाड़ी भी अपराधी द्वारा छीन लिया जाता। उन्होंने थाने में आवेदन देकर गुहार लगाई है।

प्रदर्शन आजादी से बाद पहली बार बनाये जा रहे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में संवेदक के द्वारा भारी लूट खसोट

अनियमिताता को लेकर गुरुवार को महेशपुर गाँव के सेंकड़ों लोगो ने नव निर्मित सड़को पर खड़े होकर संवेदक के विरुद्ध जोड़दार किया प्रदर्शन

ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,मरौना सुपौल/जिले में मरौना प्रखंड के बेलही पंचायत के महेशपुर गाँव में आजादी से भी पहले करीब 75 वर्ष बाद पहली बार बनाये जा रहे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में संवेदक के द्वारा भारी लूट खसोट व अनियमिताता को लेकर गुरुवार को महेशपुर गाँव के सेंकड़ों लोगो ने नव निर्मित सड़को पर खड़े होकर संवेदक के विरुद्ध जोड़दार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल अनिल कुमार यादव, किशुन लाल मुखिया, छत्रधारी मुखिया, राम बाबू कामत, हरीश चंद्र राय,शुभाष कुमार मंडल, प्रकाश कुमार मंडल, शायम सुंदर राय, महेश कुमार राय, दौलत देवी, मंजू देवी, अरहुलिया देवी, प्रमिला देवी, पूनम देवी, अजय कुमार राय, परमेश्वर राय समेत सैकड़ो लोगो ने संवेदक विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शनकरियो का कहना था कि महेशपुर गाँव में आजादी के बाद मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क का निर्माण कार्य किया गया और अभी वर्तमान में सड़क का कालीकरण किया जा रहा है । एक तरफ कालीकरण किया जा रहा है तो दूसरी तरफ किए गये कालीकरण पर घास उग रहा है।कहा कि ऐसा पहली बार देखा जा रहा है की एक ओर कालीकरण किया जा रहा है तो दूसरी तरफ किए गये कालीकरण पर घास उग रहा है । कहा कि सड़क का कालीकरण किए हुए एक सप्ताह भी नही हुआ है और जगह -जगह पर घास उग आये है तो कही पर अभी से ही सड़क पर किए गये कालीकरण उखड़ने लगा है । प्रदर्शनकरियो का कहना था कि एक करोड़ अस्सी लाख से उपर कि राशि कि लगत से बेलही वार्ड 7 से लेकर महेशपुर गाँव से सटे बिहुल नदी तक 1.9 कि मी तक किया जा रहा है । जिसमे 550 मीटर पिसीसी सड़क भी शामिल है । कहा कि सड़क के दोनो साईड फ्लाइंग के रूप में कोई भी कार्य नही किया है जो अभी से ही बगल से सड़क टूटने लगा है । और कालीकरण उखड़ने लगा है । संवेदक पर आरोप लगया गया कि जब उनसे अच्छी कार्य करने के लिए कहा जाता था तो अपने मर्जी कि बात कर हमलोगो को डांट फटकार कर भगा दिया जाता था।

प्रखंड के मौजा पंचायत में आग लग जाने से एक ही परिवार के दो घर, जानवर,सामन सहित जलकर हुआ राख

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल/जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के मौजहा पंचायत के सिसवा गांव के वार्ड नंबर 10 में बुधवार को खाना बनाने के क्रम में आग लग जाने से एक ही परिवार का दो घर जलकर राख में तबदिल हो गया है। जानकारी अनुसार खाना बनाने के क्रम में आग सबसे पहले जगदीश मंडल के घर में लगा देखते ही देखते रामकुमार मंडल के घर को भी अपने आगोश में ले लिया जिसके चलते घर में रखा सारा सामान भी जलकर राख में बदल गया है। वहीं पीड़ित व्यक्ति जगदीश मंडल और रामकुमार मंडल ने बताया की एक भैंस घर में बंधा था जिसे घर से नहीं निकाल पाया और जलकर राख में बदल गया। हालांकि ग्रामीण मौके पर शीघ्र ही पहुंच गया जिसके कारण किसी तरह आग पर काबू पाया ।

वही पंचायत के मुखिया अमर कुमार चौधरी ने बताया की गरीब परिवार था। किसी तरह ये सब अपना जीवन यापन करते थे। दो परिवार का दो घर जला है अभी पिड़ित व्यक्ति खुले आसमान के नीचे है। एक भैंस भी झुलस गया है।लगभग तीन लाख से ज्यादा छती हुई है। इस बाबत अंचलाधिकारी संध्या कुमारी ने बताई की आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है हालांकि जानकारी प्राप्त हुई है। आवेदन प्राप्त होते ही जांच प्रताल कर जो उचित मुआवजा होगा वह दिया जाएगा। मौके पर पप्पू कुमार यादव,सुधीर यादव,संतोष यादव,रमेश यादव आदि लोग मौजूद थे

ख़ास ख़बर

शराबी को पुलिस ने भेजा जेल

दैनिक शुभ भास्कर/नासरीगंज (रोहतास) कच्छवा थाना क्षेत्र के कोनी गांव से स्थानीय पुलिस ने एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जो गिरफ्तार पियक्कड़ जयशंकर राम कोनी गांव का निवासी बताया जाता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि शराब के नशे में धुत्त वह गांव में हंगामा कर रहा था। गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे मेडिकल जांच कराने के बाद शराब पीने की पुष्टि होते ही जेल भेज दिया गया।

नगर पंचायत चुनाव के प्रत्याशी 4 अगस्त तक जमा करें आय-व्यय विवरण

दैनिक शुभ भास्कर/नासरीगंज(रोहतास) नगर पंचायत चुनाव को ले सभी अभ्यर्थी यथाशीघ्र अपना आय व्यय विवरणी जमा करें। इस संबंध में बताते हुए सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ मो0 जफ़र इमाम ने बताया कि उक्त चुनाव में सम्मिलित होने वाले सभी पदों के अभ्यर्थी आगामी चार अगस्त तक आय व्यय विवरणी कार्यालय में जमा कर दें। उक्त विवरणी जितने वाले और पराजित होने वाले दोनों अभ्यर्थियों के लिए मान्य होगी। निर्धारित तिथि तक विवरणी नहीं जमा करने वाले अभ्यर्थियों पर जिला निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को विधि सम्मत कार्रवाई हेतु रिपोर्ट भेजी जायेगी। बताते चलें कि नगर पंचायत चुनाव विगत वर्ष दिसम्बर महीने में हुआ था। चुनाव के आठ महीने होने के बाद भी अभी तक कई लोगो ने आय व्यय विवरणी प्रस्तुत नहीं किया है।

देसी महुआ शराब व बाइक साथ धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर/नासरीगंज(रोहतास) कच्छवा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर आरा मुख्य लाइन नहर से स्थानीय पुलिस ने 45 लीटर देसी महुआ शराब व बाइक के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार धंधेबाज काराकाट थाना क्षेत्र के मलपूरा गांव निवासी संदीप साह बताया जाता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर इब्राहिमपुर आरा मुख्य लाइन नहर से 45 लीटर देसी महुआ शराब व बाइक के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। जो गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच उपरांत जेल भेज दिया गया।

सीओ ने अग्निपीड़ित को सहायता राशि चेक प्रदान किया

दैनिक शुभ भास्कर/नासरीगंज (रोहतास) स्थानीय प्रखण्ड सह अंचल परिसर स्थित सीओ कक्ष में महादेवां निवासी भिखर चौधरी को अग्नि सहायता आपदा कोष से जिला से प्राप्त पंद्रह हजार की राशि का चेक सीओ अमित कुमार ने बुधवार को दिया। इस अवसर पर सीओ ने बताया कि गत 16 जून 2023 को उक्त गांव निवासी भिखर चौधरी के पूस की झोपड़ी में आग लग गई थी। जिसमें वस्त्र समेत झोपड़ी में रखे अन्य सामग्री जल गई थी। जिसमें चार हजार झोपड़ी का और 11 हजार जले सामग्री के कुल 15 हजार की राशि का चेक क्षतिपूर्ति को ले भुगतभोगी को प्रदान किया गया है। मौके पर प्रमुख योगेश कुमार, अतिमि मुखिया प्रतिनिधि पंकज कुमार, बिडीसी अलबेला पासवान, मुखिया वकील सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

लापता पत्नी के चिंतन में पति की हालत बनी गंभीर

कोचस (रोहतास) रोहतास जिले के कोचस प्रखंड के लहेरी गांव के एक महिला 8 वर्ष पूर्व अपने दो बच्चो के साथ पति को छोड़ अपने प्रेमी के साथ चली गई, जिसके वियोग में पति की तबियत बिगड़ गई। पीड़ित व्यक्ति कोचस थाना क्षेत्र के लहेरी गांव के राम सिहासन राम के पुत्र हरदेव राम बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार यह मामला लहेरी पंचायत के लहेरी गांव का है। बताया जाता है की पत्नी का दूसरे के साथ प्रेम संबंध था जो अपने प्रेमी व दो बच्चों के साथ चली गई थी। पीड़ित ने इसी बातो को अपने जहन मे डाल घुट घुट कर जीता रहा। स्थिति यह हुआ कि पीड़ित की तबीयत दिन पर दिन बिगड़ती गई जो बुधवार के दिन अपनी पत्नी के वियोग मे उसकी हालत गंभीर हो गई।स्थिति गंभीर होने के बाद परिवार वालों के लोगों के द्वारा कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घर वापस भेज दिया गया।

बिहार में सर्कस कुमार बन चुके हैं-मुख्यमंत्री नीतीश कुमार- डॉ0 मनीष रंजन

बिक्रमगंज (रोहतास) भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह रोहतास जिला के काराकाट विधानसभा क्षेत्र के युवा जुझारू भावी प्रत्याशी नेता डॉ0 मनीष रंजन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सर्कस कुमार की उपाधि दे डाला हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मात देने को लेकर विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के प्रयास में लगे हैं नीतीश कुमार। जहां नीतीश कुमार ने देश के विभिन्न प्रदेशों का भ्रमण करते हुए ममता बनर्जी,राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव,अरविंद केजरीवाल समेत कई विपक्ष के नेताओं से लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने हेतु मुलाकात कर चुके हैं। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा,आम आदमी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और भारतीय राष्ट्र समिति के नेता भी शामिल हुए।

भाजपा नेता डॉ0 मनीष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सर्कस बताते हुए कहा कि उन्हें बिहार का कुर्सी कुमार भी कहा जाता है। जो देश का प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब लिए बेचैनी में सर्कस की तरह कसरत कर रहे हैं। जबकि उन्हें भी मालूम है कि सत्र-2024 में भी विश्व के सबसे लोकप्रिय व शक्तिशाली नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही पुनः तिसरी बार देश की जनता के समर्थन से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद का ÷शीशे का घर बना÷ दूसरों के घरों पर पत्थर फेंकने का योजना बना बना रहे हैं। डॉ0 मनीष ने कहा कि माननीय नीतीश कुमार को अपना मुंगेरीलाल के हसीन सपने को छोड़ कर बिहार में खिसक रहे जनाधार को बचाने की कोशिश में लगनी चाहिए। महागठबंधन की सरकार भाजपा को डराने-धमकाने का काम कर रही है लेकिन ऐसा कभी नहीं होने वाला है। क्योंकि जनता 2024 व 2025 के लोकसभा-विधानसभा चुनाव में जवाब देकर बतायेगी।

बारिश के उम्मीद में धान के पौधे सूखने से किसान चिंतित

दैनिक शुभ भास्कर/संझौली (रोहतास)बारिश का भाव, कड़ाके की धूप व उमस में किसानों ने कठिन परिश्रम कर जिन खेतों में धान के पौधे लगा चुके हैं, अर्थात रोपनी कर चुके है। उन खेतों में लगाया गया पौधे हरा होने के बाद सूखने लगा है, जिससे किसान काफी चिंतित है। किसानों को डर सताने लगी है की एक तो इस वर्ष बारिश का भाव रहा, कड़ाके की तेज धूप व उमस में जो भी पॉकेट में राशि थी उसे खर्च कर धान की रोपनी कुछ खेतों में अवश्य कर दी गई है।

लेकिन पौधा हरा होते हैं सूखने लगा है। किसान सतनारायण सिंह, विकास कुमार, इंद्रासन सिंह, अजय कुमार, रामेश्वर सिंह,भीम सिंह सहित दर्जनभर किसानों ने बताया कि इस वर्ष किसानों के माथे पर काली छाया मारा रही है इतनी भीषण परिस्थिति में भी सरकार किसी तरह का ध्यान किसानों पर नहीं दे रही है। इस भीषण परिस्थिति में सरकार को धान रोपनी और सिंचाई करने के लिए कम से कम बिजली फ्री कर देनी चाहिए थी। किसानों की माने तो इन्हें डर सताने लगी है की खेत में लगाए गए धान के पौधे अगर सूख जाते हैं, तो हम पुनः रोपनी करने के लिए धान का बिचड़ा कहां से लाएंगे ईस स्थिति में खेत खाली रह जाएगा, किसानों के परिवारों के सामने भुखमरी की समस्या आ जाएगी. खेतों में लगाए गए धान के पौधे सूखने के संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र रोहतास बिक्रमगंज के वरीय वैज्ञानिक डॉक्टर रामा कांत सिंह कहते हैं। धान की फसल खेत में रोपाई के लगभग 30 दिन बाद जो पौधों में विस्तार हो रहा है यानी पौधों में ब्याछ होकर, 10 से 15 टिलर्स सहायक तना में से चार या पांच जड़ से सुख रहा है, इसका मुख्य कारण जड़ व तना के जुड़ाव के पास से किड़ो का प्रकोप है. मिट्टी में छुपे हानिकारक कीड़े पौधे को काट रहे हैं, जिस कारण पौधे सूख रहे हैं। इसके नियंत्रण के लिए किसान भाई कॉलरोपेयरोफोस दो मिली लीटर पानी या चार किलो प्रति एकड़ कार्टफ हाइड्रोक्लोरिड दवा का छिड़काव कर पौधों को बचाया सकते है।

जातीय आधारित गणना को लेकर अधिकारीयौन ने की बैठक

नासरीगंज (रोहतास) स्थानीय प्रखण्ड परिसर स्थित बीआरजीएफ भवन में प्रखण्ड नोडल अधिकारी सह जिला कृषि पदाधिकारी ने सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों की जातीय आधारित गणना को ले बैठक किया।

इस अवसर पर चार्ज पदाधिकारी सह बीडीओ मो.जफ़र इमाम भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार के निर्देश अनुसार सभी अपने छूटे हुए कार्य मे तमन्यता से जुट जायें। चार्ज पदाधिकारी सह बीडीओ ने बताया कि जातीय आधारित गणना का कार्य आज से शुरू हो गया है। पूर्व में जो आप सभी को बताया गया था उसी आधार पर अपने कार्य को तीव्रता से पूरा करने में लग जाएं कहीं कोई असहजता हो तो उसकी जानकारी अपने मास्टर ट्रेनर से प्राप्त करें।

कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। सभी प्रगणकों एवं शिक्षकों को गणना कार्य के लिए विधालय के कार्य से राहत दी गई है ताकि उक्त कार्य को पूरा कर सकें। सभी लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसारित हों इसका ध्यान रहे।

बताते चलें कि जातीय आधारित गणना का कार्य उच्च न्यायालय के हरि झंडी के बाद पुनः आज से शुरू हो गया है। उक्त कार्य को ले प्रतिनियुक्त शिक्षकों ने अपना गणना का कार्य अधिकारीयों के निर्देशानुसार शुरू कर दिया है। मौके पर मास्टर ट्रेनर निखिल आनन्द, धर्मपाल प्रसाद, उपेंद्र कुमार समेत सभी प्रगणक व पर्यवेक्षक सह शिक्षक गण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव बनने पर लोगों ने दी बधाई

दैनिक शुभ भास्कर/कोचस (रोहतास) राष्ट्रीय जनता दल रोहतास के जिला महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता बनाए जाने पर टेलीफोन के माध्यम से तथा उनके आवास पर मुलाकात कर बुके देकर पार्टी के कार्यकर्ता तथा अन्य लोगों ने बधाई दिया। जिला महासचिव मुख्य प्रवक्ता राजेश कुमार उर्फ राजू यादव ने बताया कि जनता दल का नए जिला कार्यालय का मंगलवार को उद्घाटन हुआ जिसमें पार्टी के शीर्ष नेता पूर्व मंत्री कांति सिंह, दिनारा विधायक विजय मंडल, सासाराम विधायक राजेश गुप्ता, मंत्री अनिता चौधरी, सहित अन्य नेता उपस्थित थे। जिसमे राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेताओं के सुझाव पर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर के द्वारा मुझे प्रमाण पत्र दीया गया। उस जिम्मेवारी को मैं दल के शीर्ष नेताओं के दिशा निर्देश में राष्ट्रीय जनता दल को मजबूत करने का काम करूंगा साथ ही जिले के राष्ट्रीय जनता दल के सम्मानित नेतागण एवं सभी कार्यकर्ता तथा सभी समर्थकों के प्रति आभार प्रकट करते हैं। बधाई देने वाले में मुरारी ठाकुर, जगदीश पहलवान, सुरेंद्र सिंह, श्री भगवान चंद्रवंशी, अभय सिंह, हरेंद्र चौहान, अरविंद सिंह, आलोक मंडल, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विद्यालय का ताला तोड़ सामान ले भागे चोर

दावथ (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के हमीर डिहरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़कर सोमवार की रात हजारो रुपये के सामान की चोरी हुयी है. प्राथमिकी हेतु दिए गये आवेदन में प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद ने लिखा है कि,तीन दिनो की छुट्टी के बाद जब मै मंगलवार को सुबह नौ बजे विद्यालय पहुंचा,तो देखा कि ताला टूटा हुआ है.जब कार्यालय में जाकर देखा तो आलमिरा का ताला खोलकर आठ पीस ट्युबलाइट, आठ सिलिंग फैन ,एक एचपी का बिजली का मोटर,लाउडस्पीकर का एम्लीफायर उक्त, बिजली का तार,स्वीच वायरिंग का सामान, सभी सामान स्कूल में लगाने हेतु खरीद कर लाया गया था.साथ में खेल सामग्री व लगभग एक क्विंटल चावल चोर ले गये हैं. लगभग 50 हजार रुपये से अधिक मुल्य के सामान की चोरी हुयी है. इसकी सूचना विद्यालय शिक्षा समिति वार्ड सदस्य,मुखिया, बीईओ को देने के बाद,थाना में प्राथमिकी हेतु आवेदन दिया है.खबर लिखे जाने तक थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुयी है.

युवा व किशोरों को तेजी से अपना शिकार बना रहा है हाईपरटेंशन

अररिया । हाई ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ता हुआ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। जो आगे चलकर हृदय रोग का कारण बन सकता है। जानकारों की मानें तो पहले ब्लड प्रेशर उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के तौर पर जाना जाता था। जो अब हर उम्र के लोगों को अपना शिकार बनाने लगा है। हाल के वर्षों में देखा जाये तो हाई ब्लड प्रेशर किशोर व युवा आयु वर्ग के लोगों को आसानी से अपना शिकार बनाने लगा है। एक अनुमान के मुताबिक देश में हर चार में से एक व्यक्ति ब्लड प्रेशर का शिकार हैं। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग हाइपरटेंशन के प्रति आम लोगों को जागरूक करने, स्वास्थ्य संस्थानों में इसके इलाज व दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के प्रयास में जुटा है। सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि रक्तचाप के कारण व इसे नियंत्रण संबंधी उपायों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समय-समय पर विभाग द्वारा जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को इसके खतरों के प्रति सजग किया जा रहा है। अमूमन जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बीपी मरीजों की जांच, इलाज व जरूरी परामर्श संबंधी सेवा संचालित है। लोगों को नियमित अंतराल पर अपने बीपी की जांच कराते रहना चाहिये। जो बीपी को नियंत्रित रखने के लिहाज से भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित जीवनशैली को अपना कर हाइपरटेंशन के खतरों को बहुत हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। एनएफएचएस के आंकड़ों के मुताबिक जिले के 15 साल या इससे अधिक उम्र की 05 पांच फीसदी महिलाएं बीपी की सामान्य समस्या से ग्रसित हैं। वहीं 2.9 फीसदी महिलाएं मध्यम व 12.1 फीसदी महिलाएं गंभीर रूप से बीपी की समस्या की शिकार हैं। वहीं इसी उम्र के पुरुषों में 8.9 फीसदी पुरुष सामान्य बीपी, 3.1 फीसदी मध्यम व 15.8 फीसदी गंभीर रूप से बीपी के शिकार हैं। सर दर्द, सांस का फूलना, थकान या भ्रम, छाती में दर्द, पसीना आना, धुंधला नजर आना, उल्टी आना हाइपरटेंशन के सामान्य लक्षण हैं। इस तरह का कोई लक्षण दिखने पर तत्काल बीपी की जांच जरूरी है। ये हैं हाईपरटेंशन के कारण एसीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया कि हाईपरटेंशन का मुख्य कारण तनाव व अनियंत्रित खानपान होता है। इसके अलावा मोटापा, नींद की कमी, तैलीय पदार्थों का अधिक सेवन व नमक का अधिक सेवन भी इसके कुछ अन्य कारणों में से एक है। इसलिए यह जरूरी है कि अपनी डाइट पर खास तौर पर ध्यान रखा जाये। हाईपरटेंशन से बचाव के लिए फल, सब्जियां व अंकुरित अनाज का सेवन महत्वपूर्ण है। नियमित रूप से व्यायाम करने से काफी लाभ होता है। इसके साथ शरीर के वजन व बीपी को नियंत्रित रखना और इसकी नियमित जांच भी जरूरी होती है।

जाति आधारित गणना को लेकर बीडीओ ने की बैठक

दावथ (रोहतास) प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को जाति आधारित गणना को लेकर बीडीओ ने पर्यवेक्षक व प्रगणक के साथ बैठक किया। बीडीओ कुमार अश्वनी ने बताया कि मंगलवार को पटना हाईकोर्ट से जाति आधारित गणना को लेकर पारीत आदेश व सरकार के आदेश के आलोक में, डीएम से प्राप्त निर्देश के बाद बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित शिक्षक प्रशिक्षण भवन में, जाति आधारित जनगणना कार्य में लगे प्रगणक, पर्यवेक्षक व कर्मियों के साथ बैठक की गयी। इस दौरान पूर्व के हुए कार्यों की समीक्षा के साथ उपस्थित सभी प्रगणक,पर्यवेक्षक व कर्मियो को गणना का कार्य पुनः शुरू करते हुए बचे हुए कार्य को समय सीमा के अंदर पुरा करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

अभियान जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान नवजात शिशु के लिए अमृत समान- मदन सहनी

बोतल मुक्त गाँव अभियान की हुई शुरुआत

पटना ।"जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान नवजात शिशु के लिए अमृत के समान होता है. समुदाय में इसे लेकर जानकारी भी है लेकिन सामाजिक बाध्यताओं एवं भ्रांतियों के कारण अभी भी लोग इसे अनदेखा करते हैं. जिला से लेकर गाँव स्तर तक जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान के महत्त्व को प्रसारित करने की जरुरत है. "बोतल मुक्त गाँव" अभियान की शुरुआत की जा रही है और इसे सफल बनाने के लिए सभी को प्रयास करने की जरुरत है", उक्त बातें मंत्री, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार मदन सहनी ने विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहीं. कार्यशाला में सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार प्रेम सिंह मीना, निदेशक समेकित बाल विकास सेवायें, बिहार डॉ. कौशल किशोर, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मातृ स्वास्थ्य डॉ. सरिता, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य डॉ. बी.पी.राय, विभागाध्यक्ष, शिशु रोग विभाग, डॉ. विनोद कुमार सिंह, यूनिसेफ की बिहार क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख, नफीसा बिनेते शफीक, पोषण विशेषग्य, यूनिसेफ रबी नारायण पाढ़ी, आईसीडीएस के पोषण सलाहकार डॉ. मनोज कुमार सहित सभी जिलों की डीपीओ एवं अन्य लोगों ने भाग लिया. जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान के आंकड़े में होगा सुधार मंत्री, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार मदन सहनी ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार राज्य के 31 प्रतिशत नवजात ही जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान कर पाते हैं. इसे 60 प्रतिशत तक लाना हमारा लक्ष्य है. मंत्री महोदय ने बताया कि राज्य में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा 90 प्रतिशत है और जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान को भी और बढ़ाने की जरुरत है. इसके लिए हर स्तर पर लोगों को इसके फायदों के बारे में अवगत कराने की जरुरत है. मदन सहनी ने बताया कि एक सुपोषित माता ही एक स्वस्थ शिशु की जननी होती है इसलिए गर्भवती महिलाओं के पोषण पर भी ध्यान देने की जरुरत है. प्रसव कक्ष में कार्यरत चिकित्सकों की निगरानी जरुरी कार्यशाला को संबोधित करते हुए सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार प्रेम सिंह मीणा ने कहा कि जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान सुनिश्चित करने के लिए प्रसव कक्ष में कार्यरत चिकित्सकों एवं नर्सों की निगरानी जरुरी है. इससे तुरंत स्तनपान के आंकड़ों में वृद्धि की जा सकेगी. सचिव, समाज कल्याण विभाग ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 100 क्रेच खोलने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है तथा 5 वर्किंग विमेंस हॉस्टल भी शीघ्र शुरू किये जायेंगे. सभी पंचायत को एक वर्ष में बोतल मुक्त करने का है संकल्प कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए निदेशक, समेकित बाल विकास सेवायें, बिहार डॉ. कौशल किशोर ने कहा कि सभी पंचायतों को एक साल में बोतल मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है. उन्होंने बताया कि आईसीडीएस निदेशालय में एक कॉमन रूम की व्यवस्था की गयी है

प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में हुई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर/नोखा (रोहतास) प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पंचायत समिति की बैठक बुधवार को आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख धनंजय चौधरी ने किया। जहां पर की उपस्थित सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहां की पंचायत समिति की बैठक को अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते। जिनमें की प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बिजली विभाग,मनरेगा के जेई सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित नहीं रहने पर कार्रवाई की मांग की गई ।इस मौके पर 15 वे वित्त आयोग की योजनाओं का चयन किया गया। वही मॉडिहा पंचायत के मुखिया द्वारा मध्य विद्यालय तराढ में प्रधानाध्यापक की अनियमितता की बात उठाई गई। यहां पर कि स्कूल में अनियमितता की बात पर पंचायती राज पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने कहां की शिक्षा विभाग से जांच कराई जाएगी। इस बैठक में कई समस्याओं को भी रखा गया। बैठक में सीडीपीओ आभा कुमारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधक मुकेश कुमार, उप प्रमुख कैलाश पासवान, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष दयानंद सिह, सरस्वती देवी, कलावती देवी, हिना देवी ,पूजा कुमारी, बबलू गुप्ता ,तृप्ति देवी, निशा कुमारी, विवेक कुमार, पप्पू कुमार, टुनटुन कुमार, राकेश कुमार ,अरविंद कुमार, ब्रिज बिहारी पांडे, अजय कुमार पाल, सहित पंचायत समिति सदस्य के कई सदस्य उपस्थित रहे।

ख़ास ख़बर

जातीय जनगणना को लेकर दिया गया दिशा निर्देश

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/जाति जनगणना को लेकर जिला पदाधिकारी कैमूर श्री सावन कुमार द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की एवं शेष बचे हुए जनगणना का कार्य शनिवार तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। आँकड़ों की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।बैठक में अपर समाहर्ता, डीडीसी ,सभी प्रखंड के वरीय पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, BDO, CO,सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे

3:27 पर बंद दिखा अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र ठकुरहट

शुभ भास्कर/रामपुर (कैमूर) एक तरफ कैमूर जिला पदाधिकारी स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर काफी एक्शन में है तो वहीं दूसरी तरफ रामपुर प्रखंड के स्वास्थ विभाग के कर्मी सुधारने का नाम ही नहीं ले रहे हैं आपको बता दें कि यह ताजा मामला रामपुर प्रखंड के अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र ठकुरहट का है 3 बचकर 27 मिनट पर वहां गार्ड के अलावा कोई गर्मी नहीं थे इस विषय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ राकेश कुमार से बात किया गया तो उनके द्वारा कहां गया कि आप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आइए तब जानकारी दी जाएगी ऐसे लिया तो जांच का विषय है कि केंद्र का खुलने का और बंद होने का कितना बजे समय निर्धारित किया गया है

बारिश होने से किसानों में आई खुशी का माहौल



शुभ भास्कर/ रामपुर (कैमूर) आपको बता दें कि की रामपुर प्रखंड करीब 15 दिनों से बारिश नहीं हो रही थी जिससे की किसानों की टेंशन बढ गई थी क्योंकि प्रखंड में करीब 90% रोपनी हो चुकी थी जोकि धान का पौधा सुख रहा था दिन पर दिन किसानों का निराशाजनक स्थिति बनी रहती थी लेकिन मंगलवार को देर रात करीब 11:00 बजे रात में बारिश होने की कारण किसानों में काफी खुशी का माहौल बना हुआ है वहीं बुधवार को दिन काफी ठंडा रहा

बाइक चोरी घटना सीसीटीवी में कैद के बाद भी पुलिस मौन

दावथ (रोहतास) थाना क्षेत्र के मलियाबाग बाजार से सोमवार को दिन दहाड़े एक व्यक्ति की बाइक चोर ने चोरी कर लिया. जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर केवल कोरम पूरा कर रही है। बाइक मालिक परसिया कला निवासी चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि, सोमवार को जेएच 10 बीएफ 2116 नम्बर की बाइक डुमरांव रोड स्थित शिवाजी मार्केट के सामने लगा कर, पास में घर खाना खाने चला गया। वापस लौटने पर बाइक गायब थी। जिसे लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। वहीं बाजार में लगे कैमरे में चोरी का वीडियो दिख रहा है, परंतु पुलिस कुछ नहीं कर रही है।

परिवारों को मानसिक रूप से एवं झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे का इस्तेमाल

भभुआ (बिहार)– रोहतास के प्रखण्ड चैनारी के भरंदुआ सिवाना मैं बिहार सरकार द्वारा बंदोबस्ती 1984 में चतुर्गुण राम के पुत्र बच्चनु राम को खाता संख्यां- 364, पलौट न.799, रकबा 87 डिसमिल जमीन आवंटन किया गया था। उक्त भूमि पर तालाब खुदाई करके मछली का पालन उनके उत्तराधिकारी अपने जीवन का निर्वाह कर रहे थे। उक्त भूमि पर अनुसूचित जाति के परिजनों को लंबे अरसे से दखल कब्जा एवं रसीद नियमित रूप से बिहार सरकार द्वारा अटेंड किया गया। जैसे-जैसे भूमि का कीमत बढ़ने लगा तो स्थानीय दबंग किस्म के लोगों ने भूमि पर दखल कब्जा करने के लिए भिन्न भिन्न प्रकार के षड्यंत्र रचने लगे उसी कड़ी में श्री ठाकुर अवध बिहारी जी मंदिर भरंदुआ के सेवारत रघुवर प्रसाद की पत्नी सावित्री देवी एक षड्यंत्र के तहत भूमि से बेदखल करने एंव उन परिवार को तरह-तरह के कानूनी प्रक्रिया के तहत झूठे मुकदमे में फसाने का षड्यंत्र रचने लगी। बच्चनु राम के उत्तराधिकारी स्थानीय थाना चेनारी में चौकीदार नरेंद्र पासवान को भी बदनाम करने से पीछे नहीं हटती।

नरेंद्र पासवान मीडिया को बताया कि मेरे पिता के नाम पर भूमि आवंटन को स्थानीय लोगों् ने मार्केट की कीमत समझकर हमें अनुसूचित जाति परिवार को बेदखल करके कब्जा करके उक्त भूमि को बिक्री करने का एक षड्यंत्र चल रहा है। उन्होंने अंचलाधिकारी चेनारी एवं स्थानीय थाना को सूचना किया कि मेरी भूमि पर अवैध रूप से दखल कब्जा का साजिश चल रहा है स्थानीय अंचलाधिकारी ने भूमि मापी के लिए आदेश निर्गत किया हैं। अंचलाधिकारी को अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम द्वारा मौखिक आदेश दिया गया था कि स्थानीय चौकीदार नरेंद्र पासवान के पिता को मिली भूमि को यथाशीघ्र मापी करवा कर न्याय दिया जाए। अंचलाधिकारी को स्थानीय मीडिया कर्मी के नाम पर गुमराह करके तरह-तरह के उक्त भूमि पर कब्जा करने के लिए एक साजिश चल रही है बिहार सरकार के द्वारा उक्त भूमि पर जांच कराकर भूमि आवंटन बच्चनु राम के परिजनों को सौंपने का कार्य करना चाहिए। श्री ठाकुर अवध बिहारी जी मंदिर भरदुआ के सेवारत श्रीमती सावित्री देवी के द्वारा उक्त भूमि को दखल कब्जा करने के लिए उनके पुत्र उनके परिवारों को मानसिक रूप से एवं झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे का इस्तेमाल किया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश को स्थानीय अंचलाधिकारी के द्वारा मीडिया के दबाव में उनके आदेश को ठेंगा दिखाने का कार्य कर रहे है। सवाल यह उठता है कि बिहार सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति में भूमिहीनों को भूमि आवंटन किया जाता है फिर समाज के दोगली नीति रखने वाले अनुसूचित जाति को बेदखल करने से बाज नहीं आते हैं उक्त खेल में स्थानीय प्रशासन भी रुपए के लालच में गंदा खेल खेलने से पीछे नई हटती है जो बिहार सरकार के द्वारा उच्च स्तरीय जांच होता है तो इनके गिरेबान में सरकार हाथ डालती है तो फिर वही गुहार लगाना शुरू कर देते हैं देखना यह है कि उक्त घटना में स्थानीय प्रशासन का भूमिका क्या होता है।

पंजराव राजकीय मध्य विद्यालय पर एक रसोईया का हुआ चयन पूर्व मुखिया प्रभावती देवी रहीं उपस्थित

रामगढ़ कैमुर/शुभ भास्कर/ग्राम पंचायत पंजराव के ग्राम पंजराव में राजकीय कृत्य मध्य विद्यालय पंजराव के प्रांगण में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रधानमंत्री पोषण योजना कैमूर(भभुआ) के पत्रांक 461 दिनांक 19 /7/2023के निर्देशानुसार रसोईया सह सहायक के एक पद के लिए विद्यालय शिक्षा समिति एवं पूर्व मुखिया, वार्ड सदस्य, वर्तमान उप मुखिया, तथा पंच , एवं ग्रामीण अभिभावक की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।नियुक्ति से संबंधित विभाग द्वारा प्राप्त आदेश

उपस्थित सभी लोगों को पढ़कर सुना दिया गया। जिसमें गांव के ही 2 महिलाओं के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ दोनों आवेदन पर विचार करते हुए बैठक में सर्वसम्मति से दो विधवा महिला का नाम आया कमलावती कुंवर एवं संजू कुंवर का प्रस्ताव आया। जिसमें समिति एवं ग्रामीणों द्वारा दोनों की परिवारिक नियोजक जांचा परखा गया। जिसमें जिसकी अत्यंत दयनीय परिस्थिति थी उसका नाम प्रस्तावित किया गया जिसमें संजू कुंवर पति ट्ठ स्वर्गीय धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ग्राम पोस्ट, पंजराव, थानाट्ठ नुआंव, जिला (भभुआ) के नाम का सर्वसम्मति से सबकी सहमति बनी वही पूर्व मुखिया प्रभावती देवी ने कहा कि बच्चों कि जनसंख्या बढ़ जाने के कारण कम रसोईया होने के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिस पर विभाग के निर्देशानुसार एक रसोईया का नियुक्ति किया गया है इस मौके पर उप मुखिया, रमेश बिंद, वार्ड सदस्य, सोनू राम, सतीश गुप्ता, चंद्रावती देवी, पंच, धर्मशिला कुंवर, एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शामिल थे।

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाते हुए

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध को मानते हुए किसान हित में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाते हुए 10 अगस्त तक के लिए विस्तार कर दिया है।

खरीफ 2023 के अन्तर्गत किसान भाई 10 अगस्त, 2023 तक अपनी फसल का बीमा करा सकते है।

जनपद में खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें- धान, बाजरा, ज्वार, केला व मिर्च है। प्राकृतिक

आपदा से फसल की क्षति की सम्भावना है, फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान की जोखिम को कवर किया गया है। गैर ऋणी कृषक अपना पहचान पत्र, आधार कार्ड, फसल बुवाई का घोषणा पत्र, खतौनी की नकल, बैंक खाते का विवरण, आई0एफ0एस0डी0 कोड के साथ निकट के कामन सर्विस सेन्टर अथवा बैंक शाखा से फसल पर देय प्रीमियम अंश को जमा करते हुए अपनी फसल का बीमा करा सकते है। शासन द्वारा योजना हेतु टोल फ्री नम्बर- 18008896868/ 18002091111 जारी किया गया है, जिस पर कृषक काल करके योजना की विस्तृत जानकारी ले सकते है तथा बीमित कृषक आपदा की स्थिति में क्षतिपूर्ति हेतु 72 घण्टे के अन्दर टोल फ्री नम्बर पर सूचित कर सकते है।

फिर गंगा नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि शुरू

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। लगभग 1 हफ्ते तक घटाव की स्थिति बने रहने के बाद आज एक बार फिर गंगा नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि शुरू हो गई है। आज सुबह 1 सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ाव दर्ज किया गया। गंगा का जलस्तर 58.150 मीटर पहुंच चुका है। मालूम हो कि गाजीपुर में गंगा का सामान्य जल स्तर 59.906 मीटर है, जबकि 61.550 मीटर चेतावनी बिंदु बनाया गया है। ऐसे में कई दिनों तक घटाव की स्थिति रहने के बाद आज

अचानक गंगा के जलस्तर में वृद्धि की रफ्तार बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं, जबकि जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी बनाए हुए हैं। रेवतीपुर क्षेत्र में बीते साल हुए बड़े नाव हादसे को देखते हुए पीएसी जल जवानों और गोताखोरों की तैनाती कर दी गई है। वही जनपद की सभी बाढ़ चौकियों को भी सक्रिय कर दिया गया है। जीवनदायिनी गंगा का बढ़ता जलस्तर गाजीपुर के गंगातट वासियों के लिए दहशत का कारण बना हुआ है। पतित पावनी गंगा का ये रौद्र रूप जिले के गंगातट वासियों के लिए लगातार विनाशकारी साबित हुआ है। ऐसे में बीते सालों में आई गंगा की विनाशकारी लहरों से जूझ चुके लोग संभावित बाढ़ को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

लापरवाही पर प्रखंड सांख्यीकी पदाधिकारी दुर्गावती से स्पष्टीकरण करने का आदेश

भभुआ कैमुर/शुभ भास्कर/ जातीय जनगणना के अवशेष कार्यों को पूर्ण करने संबंधी माननीय उच्च न्यायालय पटना के आदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 02.08.2023 को चाँद, मोहनियां एवं दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत जातीय जनगणना में कार्य प्रगति के संबंध में जानकारी हेतु निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रखंड चाँद एवं मोहनियां में जातीय जनगणना से संबंधित प्रपत्र प्रगणक एवं सुपरवाइज़र को उपलब्ध करा दिया गया है। दुर्गावती प्रखंड में यह कार्य प्रारंभ करने में लापरवाही पर प्रखंड सांख्यीकी पदाधिकारी दुर्गावती से स्पष्टीकरण करने का आदेश दिया गया।

सुभम दूबे ने जी-20 के सहभागी समूह सिविल-20 (सी-20) का तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में लिया हिस्सा



भभुआ कैमुर/ शुभ भास्कर/ सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, इस अवसर पर माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा), राजस्थान की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, प्रिंसिपल को-ऑर्डिनेटर शेरपा विजय नांबियार, मेक्सिको दूतावास के राजदूत फेडरिको सालास लोटफे समेत कई हस्तियां मौजूद रही। वहीं दुबे ने नदियों के पुनरजीवन एवं जल संरक्षण विषय पर अपने विचार रखा, फ्रांस की प्रतिनिधि मंत्री एलिसाबेथ मोरेनो से पारंपरिक कला, शिल्प और संस्कृति का संरक्षण के पारंपरिक और नवीन तरीकों पर चर्चा की एवं Y-20 के अध्ययक्ष अनमोल सोभीत से अपने जिला एवं राज्य के युवाओं की स्थिति पर चर्चा की। दूसरे और तीसरे दिन विभिन्न सत्रों में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समेत कई हस्तियों ने संबोधित किया। सम्मेलन में दुनिया भर के नागरिक समाज संगठन, प्रसिद्ध संस्थानों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और जी-20 अधिकारी शामिल हुए। शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और जी-20 इंडिया के शेरपा अमिताभ कांत मौजूद रहें।

भैंसा चोरी करने के जुर्म में दो गिरफ्तार एक पिकअप गाड़ी जप्त

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/कैमूर- जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत सलथुआं पंचायत के सिलौधा गांव से भैंसा चोरी करने के मामले में 2 लोगों को किया गया गिरफ्तार पिकअप गाड़ी जप्त। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि थाना क्षेत्र के सिलौंधा गांव में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों द्वारा देखा गया कि दो व्यक्तियों द्वारा, एक पिकअप गाड़ी में भैंसा लोड किया जा रहा है। सूचना के मिलते ही भैंसा के संरक्षक नवाब सिंह द्वारा थाना प्रशासन को सूचित करने के साथ ही उसे रोकने का प्रयास किया गया। उपरांत मौके पर पुलिस थाना प्रशासन द्वारा व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम प्रक्रिया जारी हैं। गिरफ्त में लिए गए नंदकिशोर राम पिता स्वर्गीय श्री भगवान राम व संजय राम पिता जमुना राम दोनों ग्राम- बन्नी, थाना- धनसोई, जिला- बक्सर के निवासी बताए जा रहे हैं।

गिरफ्तार (पुलिस के पहुंचने से पहले एक अपराधी फरार)

चोरी के मोटरसाइकिल व मोबाइल सहित दो लुटेरे गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/कैमूर- जिला के कुदरा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पुसौली पेट्रोल पंप के समीप रामपुर मार्ग से, प्रशासन द्वारा चोरी के मोटरसाइकिल व मोबाइल सहित दो लुटेरे को किया गया गिरफ्तार। पुलिस के पहुंचने से पहले एक अपराधी हुआ फरार।संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि मंगलवार देर शाम थाना क्षेत्र के पुसौली पेट्रोल पंप के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 2 से रामपुर मार्ग में लूट कांड को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को ग्राम वासियों द्वारा गिरफ्त में लेते हुए मारपीट करने की सूचना प्राप्त हुआ।सूचना की पुष्टि हेतु थाना अध्यक्ष के निर्देश में थाना प्रशासन द्वारा, स्थल पर पहुंचा गया। जिस क्रम में यह पाया गया, कि

दोनों अपराधियों को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर बैठाया गया है। जिनके पास से एक मोटरसाइकिल गाड़ी क्रमांक बीआर 39 ए जे 0598, एक मोबाइल व लगभग 11 इंच का छुरा प्राप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्त लेते हुए, थाने लाया गया। थाना प्रशासन द्वारा अपराधियों से पूछताछ के क्रम में यह पाया गया कि जप्त मोटरसाइकिल व मोबाइल चोरी का है। अपराधियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन अपराधियों द्वारा रात के समय उक्त रास्ते सेआते हुए राहगीरों से लूटपाट किया जाता था। जिस क्रम में लूटपाट की घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे हुए, अपराधियों को ग्रामीणों द्वारा पकड़ लिया गया व मारपीट भी किया गया। जिससे कि वह घायल भी हो गए, व एक अपराधी प्रशासन को पहुंचने से पहले ही फरार हो गया।

उप जिला अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ किया बैठक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादूर मौर्या/ जमानिया। तहसील स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में बुधवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत विधानसभा वार मतदान स्थलों का संभाजन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई और सहयोग करने की अपील की।उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराते हुए मतदेय स्थलों के परिवर्तन के संबंध में आपत्ति व सुझाव मांगा। इसके साथ ही स्थलों के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत व सुझाव के संबंध में उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत करने की अपील की।

यादव महासभा गाजीपुर के प्रतिनिधियों ने समाज को जोड़कर एकता बनाने का कार्य जो कर रहे है सराहनीय है- दिनेश यादव

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर– महासंपर्क अभियान यादव महासभा गाजीपुर के प्रतिनिधियों ने दिन प्रतिदिन समाज मे जॉकर लोगो जोड़ने का कार्य कर रहे है

इस अभियान के तहत पूर्व नगर अध्यक्ष व पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद गाजीपुर श्री दिनेश यादव ,ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संघ करण्डा श्री मोती यादव, मास्टर साहब खिदिरपुर, श्री सुरेन्द्र यादव जी , एवम बरवा चोचकपुर के प्रधान छांगुर यादव जी आदि लोगो से मिलकर समाज को मजबूत करने का कार्य किया इस अवसर पर दिनेश यादव ने प्रतिनिधियो को बताया कि ये कार्य सराहनीय जो समाज को एक करने का कार्य किया जा रहा है इन्होंने ने

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव व सभी प्रतिनिधियों श्री रामनगीना यादव श्री बलिस्टर यादव जीश्री सिंहासन यादव श्री अजय यादव जी इत्यादि लोग का स्वागत अभिनंदन किया और बोला कि आप लोग के साथ सम्पूर्ण यादव समाज कन्धा से कन्धा मिलाकर साथ देगा इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने उनका आभार प्रकट किया और बताया कि समाज के हर ब्यक्ति की सेवा करना मेरा फर्ज है और यादव महासभा से सभी दल के नेताओ को जोड़कर एक मंच पर लाकर समाज को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा

ख़ास ख़बर

दो पक्षों में कहासुनी को लेकर हुई मारपीट पुलिस ने किया चालान

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ जमीन जायजात को लेकर समाज में हमेशा झगड़ा देखने को मिलती है इसी तरह की घटना गुलहरी देवी पति राजेंद्र राजभर ,निवासिनी ग्राम सभा मेहंदीपुर शकुंतला देवी पति गोविंद राजभर, फूलमती पति धुरंधर, कौशल्या पति रामशरण, मेवा लाल पुत्र जीउत ,संगीता पुत्र जयराम ,यह लोग आपसी का सनी करते-करते मारपीट कर लिए इसी तरह की घटना पप्पू यादव पुत्र शंकर यादव, गप्पू यादव पुत्र शंकर यादव, विशाल पुत्र रामवृक्ष ,रामवृक्ष पुत्र रामशरण ,गौरव पुत्र श्री राम, यह लोग भी बकरी को लेकर आपस में मारपीट कर लिए सभी लोगों ने स्थानीय थाना दुल्लहपुर में तहरीर दी अंत में पुलिस के द्वारा सभी लोगों का चालान कर दिया इन लोगों में पुरानी रंजिश बताई जा रही है

सेवानिवृत्त होमगार्ड कंपनी कमांडर को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/जमानियां। कोतवाली में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड के कंपनी कमांडर को अंगवस्त्र मोमेंटो तथा गीता पुस्तक देकर विदाई दी। विदाई के इस पल में होमगार्ड परमानंद दुबे के लिए काफी भावुक रहे और पुलिस कर्मियों की ओर से दिए गए इस सम्मान पर धन्यवाद ज्ञापित किया। सब्बलुपर गांव निवासी परमानंद दुबे रविवार को स्वयंसेवी होमगार्ड के कंपनी कमांडर पद से सेवानिवृत्त हुए। यह जानकारी जब प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह को हुई तो उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को एकत्रित किया और सीसीटीनएनग महिला हैल्प डैस्कग प्रभारी निरीक्षक कार्यालय के उद्घाटन समारोह के साथ ही विदाई समारोह का आयोजन कर दिया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया। वही होम गार्ड के कार्यालय पर विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने भी उन्हें स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि हम सभी मानव हैं पद किसी का कोई भी हो सेवानिवृत्ति के अवसर पर उसे सम्मान पूर्वक विदाई देनी चाहिए। इस अवसर पर एसपीआरएग अधिशासी अधिशासी अखिलेश तिवारीग प्रभारी निरीक्षक रेवतीपुर आलोक त्रिपाठीग अनिल यादवग अरुण कुमारग विकास सिंहग अखिलेश कुशवाहाग रविकांत सिंह आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार,दो लाख तीस हजार की अवैध शराब बरामद

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ग़ाज़ीपुर। मुखबिर की सूचना के आधार पर गाजीपुर पुलिस ने बिहार राज्य ले जाई जा रही भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। पुलिस ने इस कार्यवाही के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार भी किया है। बरामद अवैध अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत लगभग दो लाख तीस हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस गिरफ्तार शातिर तस्कर के बाकी नेटवर्क की छानबीन में जुटी हुई है। थाना शादियाबाद पुलिस द्वारा 40 पेटी (1920 पाउच) 8क्क्रू अंग्रेजी शराब तथा एक टाटा सूमो गोल्ड गाड़ी के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बरामद अवैध शराब की कीमत दो लाख तीस हजार रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रभारी निरीक्षक थाना शादियाबाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिरी की सूचना पर मनिहारी मोड़ ठेके से एक टाटा सूमो गोल्ड गाड़ी पकड़ा, जिसमे मनिहारी मोड़ के अग्रेजी शराब के ठेके से शराब लादकर बिहार राज्य में विक्रय करने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। थाना शादियाबाद पुलिस द्वारा पकड़े गए टाटा सूमो गोल्ड गाड़ी में 40 पेटी (1920 पाउच) 8क्क्रूअंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इस कार्यवाही में बिहार के कैमूर जनपद निवासी तस्कर रंजीत कुमार गिरफ्तार किया गया। पुलिस गिरफ्तार तस्कर के बाकी नेटवर्क की छानबीन में जुटी हुई है।

पुलिस उपाधीक्षक और थाने के उपनिरीक्षक का भव्य तरीके से हुआ विदाई समारोह

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चंद्र पांडे/ जखनियां गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली में मंगलवार की देर रात पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र कुमार वर्मा थाने के उपनिरीक्षक बलवंत यादव का 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद भव्य तरीके से विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम कमलेश सिंह ,नवागत सीओ शेखर सेंगर, कोतवाल तारावती ,सहित सीओ सर्किल के सभी थानाध्यक्ष, एसआई ,पुलिस कांस्टेबल, बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने मोमेंटो, अंगवस्त्रम ,रामायण की पुस्तक देकर विदाई समारोह। की इस मौके पर उप जिला अधिकारी कमलेश सिंह ने कहा कि पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र कुमार वर्मा क्षेत्र में कुशल और तेजतर्रार माने जाते थे क्षेत्र के हर व्यक्ति भी उनसे अपनी बातें रखने में पीछे नहीं हटता था और लोगों को फरियाद सुनते थे और उस पर कार्रवाई करते थे।इनकी विदाई समारोह काफी खल रहा है। नवागत

सी ओ शेखर सेंगर ने कहा कि हमारे गुरु थे पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र वर्मा जिनसे काफी कुछ सीखने को मिला। लेकिन एक बात तय था कि वर्मा जी हर मामले में पारंगत हासिल था।उनके पास जो ज्ञान का भंडार है उससे हर लोगों को सीखने की जरूरत है। बहुत ऐसे कम लोग होते हैं जिनके पास हर प्रकार का ज्ञान होता है।भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि सी ओ काफी दिन से भुड़कुड़ा सर्किल में रहे जहां इनका सौम्य सरल स्वभाव आम जनमानस में भी काफी प्रचलित था। किसी भी फरियादी को निराश ना करना रविंद्र वर्मा जी बखूबी जानते थे।उन्होंने कहा कि हमारी पुलिस जितनी तत्परता से क्षेत्र में मुस्तैद रहती है हम उतने ही अमन चैन के साथ सोते हैं। पुलिस उपाधीक्षक और थाने के निरीक्षक बलवंत यादव दोनों लोगों का कार्य शैली काबिले तारीफ था। भाजपा के वरिष्ठ नेता सर्वानंद उर्फ झुन्ना सिंह ने कहा कि हर नौकरी करने वाला का एक दिन आता है कि वह अपने परिवार का सेवा करें और काफी खुशी का पल होना चाहिए क्योंकि पुलिस विभाग में रहते रहते हैं परिवार रिश्तेदारों से लोग नहीं मिल पाते लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद अपने परिवार में रहकर सबके बातों को सुनना रहना काफी मायने रखता है। अंत में कोतवाल तारावती ने आए हैं मुख्य अतिथियों आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष दुल्लहपुर अशोक कुमार मिश्रा, महेश पाल सिंह शादियाबाद, नंदगंज पाल जी, हीरामणि यादव, अशोक गुप्ता ,उपेंद्र सिंह ,अजीत सिंह, सर्वानंद गिरी, राहुल मिश्रा, जलालपुर धनी चौकी प्रभारी गोविंद मौर्य,नंदू गुप्ता, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कोतवाल तारावती और संचालन वेद प्रकाश पांडे ने की।

मृदा प्रदूषण रासायनिक खादों के अंधाधुन्द प्रयोग का परिणाम- निशांत सिंह

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। पी0जी0 कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह संगोष्ठी महाविद्याल के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रही।

उक्त संगोष्ठी में कृषि संकाय के कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान विषय के शोधार्थी निशांत सिंह ने अपने शोध प्रबंध शीर्षक "क्रोमियम प्रभावित मृदा में चरणबध्द तरीके से धान और सरसों की फसल में कार्बनिक खाद का प्रभाव" नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुन्द प्रयोग से कृषि भूमि प्रदूषित हो गयी है, भारी धातुओं से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिए एक घातक माना गया है। क्रोमियम एक सर्वव्यापी भारी धातु

है जिसमें तीन मुख्य ऑक्सीकरण अवस्थाएँ होती हैं, जैसे क्रोमियम डबल प्लस, क्रोमियम ट्रीपल प्लस एवं क्रोमियम छः प्लस एक। यह क्रोमियम चमड़े के कल कारखानों, लौह अयस्क खदानों, कपड़ा रंगाई उद्योगों आदि से निकलता है और पर्यावरण में फैल जाता है। हेक्सावलेंट क्रोमियम सबसे जहरीला माना जाता है क्योंकि यह जीवों की बायोमेम्ब्रेन को आसानी से पार कर सकता है और घातक बीमारियों को जन्म देता है।

धान और सरसों पर किये गए शोध से यह निष्कर्ष सामने आया है कि क्रोमियम द्वारा हुए प्रदूषण के कारण धान और सरसों के पौधो की वृद्धि में कमी आती है तथा प्रति पौधा उपज घाट जाती है। शोध के दौरान यह देखा गया कि जब धान के भूसे से बनी पोल्ट्री खाद को प्रयोग किया गया तो क्रोमियम से होने वाले नकारात्मक प्रभाव कम हो जाते है, जिसके परिणामस्वरूप पौधो में पत्तियों की संख्या, प्रति पौधा शाखाओं की संख्या, पुष्पगुच्छ की लंबाई, पुष्प गुच्छ की संख्या, प्रति सिलिका में बीजों की संख्या, शुष्क पदार्थ का संचय और प्रति पौधा बीज उपज में वृद्धि पायी गई है। प्रस्तुतिकरण के बाद विभागीय शोध समिति, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ व प्राध्यापको तथा शोध छात्र-छात्राओं द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए जिनका शोधार्थी निशांत सिंह ने संतुष्टिपूर्ण एवं उचित उत्तर दिया। तत्पश्चात समिति एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शोध प्रबंध को विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे0 (डॉ0) जी0 सिंह , मुख्य नियंता प्रोफेसर (डॉ0)एस0 डी0 सिंह परिहार, शोध निर्देशक एवं कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफे0 (डॉ0) अवधेश कुमार सिंह, प्रोफे0 (डॉ0) अरुण कुमार यादव, डॉ0 रामदुलारे, डॉ0 कृष्ण कुमार पटेल, डॉ0 अमरजीत सिंह, डॉ0 सुधीर कुमार सिंह, डॉ0 प्रोफे0 (डॉ0) सत्येंद्र नाथ सिंह, डॉ0 हरेंद्र सिंह, डॉ0 रविशेखर सिंह, डॉ0 योगेश कुमार, डॉ0 शिवशंकर यादव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा शोध छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे। अंत में अनुसंधान एवं विकास प्रोकोष्ठ के संयोजक प्रोफे0(डॉ0) जी0 सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जनपद में भ्रमण, निरीक्षण एंव जनपदीय अधिकारियों संग बैठक सम्पन्न

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। डा0 देवेन्द्र शर्मा अध्यक्ष(राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का जनपद में भ्रमण, निरीक्षण एंव जनपदीय अधिकारियों संग बैठक सम्पन्न हुआ।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने व्यवस्थाओ पर संतोष व्यक्त किया। मंत्री जी ने पूर्वान्ह 10:30 बजे से जिला अस्पताल, पीकू वार्ड, प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा गाधी आवासीय बालिका विद्यालय, पोषण पूनर्वास केन्द, जिला जेल एवं आगनवाड़ी केन्दो का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। मंत्री जी जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डो,

आकस्मिक वार्ड, पर्ची काउण्टर, का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अस्पताल मे भर्ती मरीजो एवं उनके परिवारजनो से मुलाकात कर उन्हे अस्पताल द्वारा दी जा रही चिकित्सकीय एवं अन्य सुविधाओ के बावत जानकारी ली। तत्पश्चात मा0मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय गंगा विशुनपुर पहुचे जहां विद्यालय के शौचालय मे साफ-सफाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान का निर्देश दिया। इसके पश्चात माडल आगंनवाड़ी केन्द्र गंगा विशुनपुर मे छोटे बच्चो को अन्नप्रासन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम मे भाग लिया। इसके पश्चात मा0 मंत्री जी उच्च प्राथमिक विद्यालय परसादपुर छावनी लाईन का निरीक्षण कर वहां पर उपस्थित बच्चो से उनकी शिक्षा की गुणवत्ता परखी । तत्पश्चात मा0 मंत्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गंगाविशुनपुर पहुचकर बच्चो से शिक्षा की गुणवत्ता की जानकारी ली एंव बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजनान्तर्गत प्रोबेशन विभाग के माध्यम से मा0 मंत्री जी ने छात्राओ को खेल-कूद किट वितरण कर बच्चो के साथ मध्यान्न भोजन भी किया। जिला जेल एंव बाल सुधार गृह के निरीक्षण के दौरान उन्होने बन्द कैदियों से वार्ताकर उनकी समस्याओ को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये।

विहिप और बजरंग दल ने जताया आक्रोश, किया हनुमान चालीसा का पाठ

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ग़ाज़ीपुर। हरियाणा के नूह मेवात की घटना को लेकर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने जिला मुख्यालय स्थित सरयू पांडेय पार्क में धरना देते हुए सदर एसडीएम को पत्रक दिया। उनका कहना है कि नूह मेवात को हिंदुओं की कब्रिस्तान नही बनने दिया जाएगा। ज्ञात हो कि 30 जुलाई के दिन नूह में हिंदुओं की धार्मिक यात्रा पर हमला किया गया था। विहिप व बजरंग दल के सदस्यों का कहना है कि उक्त घटना साजिश के तहत अंजाम दी गई है। आगजनी, लूट-पाट, तोड़ फोड़, गोली चलाना व निर्दोषों की हत्या जैसा जघन्य कृत्य किया गया है। इस घटना में हजारों तीर्थ यात्री, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्त्ता घायल है। धरना प्रदर्शन हनुमान चालीसा के पाठ से शुरू हुआ। वक्ताओं ने ऐसी घटना के प्रति आक्रोश जताया। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं नही रुकी तो हम भी शस्त्र उठाने के लिए बाध्य होंगें। अंत में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सदर एसडीएम के हाथों सौपा गया। इस मौके पर विहिप जिलाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, बजरंग दल के संयोजक रवि राज, विनीत सिंह, विपिन श्रीवास्तव, ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, सतेन्द्र पाण्डेय, रोहित शर्मा, आनन्द तिवारी, नितिन आदि मौजूद रहे।

अपराध नियंत्रण तथा बाल अपराध निरोधन हेतु कार्यक्रम चलायेगी समिति

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर । उ.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) डॉ. देवेंद्र शर्मा के जिले में आगमन पर उ.प्र.अपराध निरोधक समिति लखनऊ के प्रांतीय विशेष सचिव मयंक सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया।समिति के पदाधिकारियों ने, मंगलवार को पी डब्ल्यू डी के डाक बंगले में माननीय अध्यक्ष को जिले में प्रथम आगमन पर अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।औपचारिक वार्ता में मंत्री जी से पदाधिकारियों ने समिति के अब तक किये गये कार्यों व क्रिया कलापों पर विस्तृत चर्चा की। समिति के मानवीय व जनोपयोगी कार्यों के सम्पादन पर उन्होंने समिति द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। बाल अधिकारों के प्रति लोगों में कम जागरूकता पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा बाल अधिकारों के बारे में समाज में जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक करने का आश्वासन दिया गया।प्रतिनिधि मंडल में समिति के प्रान्तीय विशेष सचिव मयंक सिंह, जिला सचिव अम्बरीष सिंह, सदस्य विपिन कुमार मिश्रा व कमलेश कुमार शामिल रहे।

भांवरकोल थाना प्रभारी सत्येन्द्र राय का शादियाबाद स्थानांतरण होने पर थाना परिसर में हुआ विदाई समारोह

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ भांवरकोल। स्थानीय थाना के निरीक्षक प्रभारी सतेन्द्र कुमार राय का भांवरकोल से शादियाबाद के प्रभारी के रूप स्थानांतरण हो जाने पर थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।विदाई समारोह में क्षेत्र के ग्राम प्रधान , संम्भांन्तजनों व थाना के पुलिस विभाग द्वारा फूल माला के साथ सतेन्द्र राय को विदाई दी गयी। इस दौरान उनके किए कार्यो की सराहना किया गया। साथ ही अल्पकाल में थाना के विकास कार्यों तथा कानून बेवस्था एवं पशुतस्करी पर पुरी तरह से रोक लगाने की प्रसंशा की गयी। इस मौके पर भाजपा नेता रविकांत उपाध्याय, बीरेंद्र राय,रामजी गिरी, रबीन्द्रनाथ राय, शशांक राय, आनंन्द राय, एस आई विकास सिंह, रामअजोर यादव, राजकुमार यादव, अतुल सिंह,नितेश यादव, प्रधान जुबेर अहमद सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

उद्घाटन शाम चार बजे कोतवाली पहुंचे वहा पुलिस के जवानों के साथ सलामी दी

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कार्यालय व अन्य भवनों के जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण का हुआ उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/जमानियां। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक कार्यालयग महिला हैल्प डेस्कग सीसीटीएनएस कार्यालय के सुंदरीकरण मंगलवार को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उद्घाटन किया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय शाम चार बजे कोतवाली पहुंचे वहा पुलिस के जवानों के साथ सलामी दी । और नव निर्मित महिला हेल्प डेस्कग सीसीटीएनएसग प्रभारी निरीक्षक कार्यालय के जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण के उद्घाटन से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चना किया। और फीता काटकर अत्याधुनिक कार्यालय का निरीक्षण कर प्रसन्नता जाहिर की। एसपी ओमवीर सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की दिशा में सरकार काफी संवेदनशील है। शासन की पहल का लाभ पीड़ित महिलाओं को मिल रहा है। उपस्थित लोगों को उन्होंने महिला हैल्प डेस्क संबंधित विभिन्न जानकारी दी और कहा कि महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए हेल्प लाइनों के अलावा महिला हेल्प डेस्क की शुरुआत एक प्रभावी कदम है। इस दौरान उन्होंने साइबर अपराध तथा इससे बचने के उपाय के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया ।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील स्तरीय बैठक संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ज़मानियां- ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई ज़मानियां की बैठक बुधवार को तहसील अध्यक्ष सन्तोष शर्मा की अध्यक्षता में ग्रापए कार्यालय जमानियां में की गयी। जिसमे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जमानियां संगठन की एकता और मजबूती प्रदान करने को लेकर विचार विमर्श किया गया

वही संगठन के उपाध्यक्ष वीर बहादुर मौर्या को किसी अन्य संगठन में पदाधिकारी बनने एवं संगठन के प्रति उदासीनता के कारण सर्वसम्मति से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई ज़मानिया से निष्कासित करते हुए संगठन में नये तहसील उपाध्यक्ष के पद पर पवन कुमार श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया।

इसी के साथ जमानियां तहसील के सदस्य अजय उपाध्याय को भी अनुशासनहीनता और ग्रापए संगठन को बार बार अनुपयोगी आदि शब्दों का उल्लेख करने कारण उन्हें भी सर्वसम्मत से तहसील इकाई से निष्कासित किया गया।

इन दोनों सदस्यों का जारी परिचय पत्र अब अवैध माना जायेगा।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री व जमानियां तहसील के प्रभारी रविन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि आपसी मतभेद के कारण हमारे समाज मे आज भी असमानता देखने को मिल रही है। इससे कभी भी किसी का भला नहीं हुआ है।

इसलिये हम सभी को आपसी तालमेल को बनाये रखते हुए संगठन को और मज़बूती बनाने और विकास के बारे में प्रयास करना चाहिए।इसी कड़ी में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गाज़ीपुर के ज़िला प्रवक्ता विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का अर्थ होता है संगठित होना।

इसलिये हमें इस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए सर्व प्रथम हमें भी संगठित होना जरूरी है। तहसील अध्यक्ष संतोष शर्मा ने सभी लोगो के प्रति आभार प्रगट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।बैठक में अजय यादव, रतन कुमार श्रीवास्तव, गौरव चौबे, विकास कुमार सिंह, लियाकत अहमद, ईशा नियाज़ी, पवन कुमार श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहें। बैठक का संचालन महामंत्री लियाकत ने किया।

ख़ास ख़बर

कथा में शिव विवाह का हुआ बखान



नवाबगंज गोण्डा शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा गोंण्डा कस्बे के निकट महंगूपुर गाँव डा अम्बरीश पाण्डेय के संयोजन में आयोजित शिव पुराण कि कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास ने शिव पार्वती कि कथा का सुंदर वर्णन किया.कथा व्यास आचार्य हरि प्रसाद मिश्र ने ने कहा कि सती का अगला जन्म हिमांचल कि पुत्री पार्वती के रूप में हुआ. नारद मुनि कि प्रेरणा से उन्होंने घोर तप किया. कई वर्षो के घोर तप से उनकी मनोकामना पूर्ण हुई. भगवान शंकर ने उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया. शिव विवाह में बारात का कथा व्यास ने बड़ा मनोरंजक व्यख्यान किया. आचार्य जी कहते हैं की पत्नी के लिए पति का हित ही अपना हित है. पत्नी को चाहिए की पति के सुख दुख में सदैव समान रूप से साथ रहे. पति के द्वारा मिली व्यवस्था को ही पूर्ण माने. पर्वत पर निवास करने वाले शिव के साथ पार्वती जी खुशी पूर्वक रहती हैं.स्त्रियां पति अच्छा पाने के लिए शिव पार्वती का पूजन तो करती हैं किन्तु पार्वती की तरह त्याग समर्पण नहीं सीखती यही कारण है की जप तप के बाद भी दुखी रहती हैं. व्यास जी ने अधिक मास के महत्व का वर्णन किया. उन्होंने कहा ये बड़े ही संयोग और सौभाग्य की बात है की शिव प्रिय 2 मास इस बार एक साथ हैं. ऐसे माह में किया गया जप तप ध्यान पूजन कई गुना फल देने वाला व सर्व मंगल करने वाला है. कथा में डा केशवदत्त पाण्डेय, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, हरिश्याम, आद्या स्वरूप पाण्डेय, भानु प्रताप, तरुणचंद्र, हेमराज, डा रमेश पाण्डेय,अभयनारायण मिश्र, मोनू पंडित आदि शामिल रहे.

योगी सरकार जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्क का करेगी निर्माण

अयोध्या। योगी सरकार अयोध्या के हर क्षेत्र में बहुत तेजी से विकास कर रही है। आमजन को सरयू की लहरों के किनारे जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्क मिलेगा। पार्क में रोशनीयुक्त झरना की अलग छवि दिखेगी। संगीत की धुन पर फौव्वारे लोगों को आकर्षित करेंगे। खूबसूरत पौधों से पार्क गुलजार रहेंगे। खूबसूरत फूल लोगों को आकर्षित करेंगे। इस खूबसूरत नजारे का लोग लुत्फ उठा सकेंगे। इसे साकार करने की तैयारी उद्यान विभाग ने शुरू कर दी है। विभाग की मंशा है कि सरयू नदी के किनारे ऐसा पार्क विकसित हो, जो जिलेवासियों के आकर्षण का केंद्र बन जाए। 20 एकड़ भूमि पर विकसित होगा यह आधुनिक पार्क गुप्तारघाट स्थित गुप्तार पार्क कंपनी गार्डेन 35 एकड़ में फैला है। सड़क के दोनों ओर स्थित 20 एकड़ भूमि पर इस आधुनिक पार्क को विकसित किया जाएगा। इसे विकसित करने में विभाग आठ करोड़ 50 लाख रुपये खर्च करेगा। पार्क में बच्चों के लिए तरह- तरह के आधुनिक झूले लगाए जाएंगे। यहां मनोरंजन के सभी साधन होंगे। बच्चों के खेलने के लिए बड़ा क्षेत्र विकसित किया जाएगा। जहां बच्चे हर पल का आनंद उठा सकेंगे। युवाओं और बुजुर्गों के लिए योग शेड व ओपेन जिम का होगा निर्माणयुवाओं और बुजुर्गों के लिए योग शेड व ओपेन जिम का निर्माण किया जाएगा। आसपास पौधों से पूरा क्षेत्र हरियाली से हराभरा रहेगा। पाथ-वे बनाया जाएगा, पीने के लिए आरओ वाटर कूलर की स्थापना की जाएगी और बेहतरीन लाइटिंग की जाएगी। बिजली पर निर्भरता खत्म करने के 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाया जाएगा। जिला उद्यान अधीक्षक रणविजय सिंह ने बताया कि गुप्तारघाट पर आधुनिक विकसित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा रहा है। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

आधा दर्जन माईनरों में अंतिम टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ गोशाईगंज, अयोध्या। शारदा सहायक नहर से निकली लगभग आधा दर्जन माईनरों में अंतिम टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है जिससे अन्नदाता परेशान है वह अपने धान की फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। जबकि क्षेत्र में सूखा पड़ गया है।उल्लेखनीय है कि शारदा सहायक नहर से कई माईनरों में सफाई के अभाव में पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है ऐसे माइनरों में गौहनिया माइनर गणेशपुर बेसौरा माइनर प्रमुख इन माईनरों की सफाई नहीं होने से नाहर में साल्ट घास फूस आदि उग आए हैं। सफाई के नाम पर विभागीय कर्मचारी लाखों करोड़ों रुपए हर वर्ष हजम कर जाते हैं और खानापूर्ति करते हैं फिर भी नहर की सफाई नहीं हो पाती ऐसी स्थिति में अंतिम छोर पर बसे गांव को अपने फसलों की सिंचाई करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है गौहनिया माइनर स्थित सबसे बहतर है ।इस माइनर के किनारे बसे गांव गोपियापुर,हांसापुर, जोगापुर सुमेरपुर, डढ़वा ,लोहरा का पूरा ,लंगड़ा तर ,बैरी साल का पूरा ,कादियापुर , हरदी रामपुर आदि गांव स्थित है लेकिन इन गांव के किसान इस माइनर का कोई लाभ उठा नहीं पा रहे हैं पानी माइनर में आता तो है। लेकिन सफाई स्वच्छता के अभाव में तथा कुछ दबंग ग्रामीणों द्वारा पानी आगे रोक ले जाने से दिक्कतें पैदा हो रही है। और कभी कभी सिंचाई को लेकर मारपीट की स्थिति पैदा हो जाती है।

मनाली के रास्ते से लापता 11 लोगों में से तीन के शव मलबे से बरामद, पंजाब रोडवेज की बस के नीचे से रेस्क्यू के दौरान 62 वर्षीय वृद्ध सहित मां बेटी के शव मिले

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के पिठला गांव से हिमाचल प्रदेश कुल्लू मनाली के रास्ते से ही परिवार के 10 सदस्यों सहित लापता हुए 11 लोगों में से 62 वर्षीय वृद्ध सहित वृद्ध की पुत्रवधू एवं 4 वर्षीय नातिन का शव रेस्क्यू के दौरान मिले होने की जानकारी उनके पैतृक गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और घर पर मौजूद लोग दहाड़े मार-मार कर रोने बिलखने लगे। पैतृक घर पर मौजूद महिलाएं चीख चीख कर यही कह रही थी कि हम लोग कितने अभागे रहेगी अपने खून पानी का अंतिम दर्शन तक नहीं कर सके। बता दें कि पिठला गांव निवासी अब्दुल मजीद अपने दामाद रहबर समेत पूरे परिवार के साथ कुल्लू मनाली में रहकर मेहनत मजदूरी करके परिवार का गुजर-बसर कर रहा था। जो बीते 6 जुलाई को अब्दुल मजीद अपने परिवार में बेटे बहु व छोटे बच्चों तथा एक रिश्तेदार समेत 11 लोगों के साथ कुल्लू मनाली के लिए निकले थे।

चंडीगढ़ तक अपने परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों के संपर्क में 8 जून की रात लगभग 12 बजे तक थे। लेकिन 8/9 जुलाई की रात व्यास नदी में आई प्रलयकारी बाढ़ में रोडवेज बस सहित कई वाहन बह गए

थे। तब से ही इन परिवारों का कोई अता-पता नहीं चल रहा था।

बीते 23 जून को ही एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने ग्राउंड के ग्रीन टैक्स बैरियर से लगभग 300 मीटर नीचे नदी के बीच में पंजाब रोडवेज की पीबी 65 बीबी-4893 बस दबी होने की बात कही थी।

कयास लगाया जा रहा था कि इसी बस में सभी लोग होंगे। नदी में पानी कम हुआ मौसम साफ होने के बाद 1 अगस्त को हिमाचल प्रशासन की टीम द्वारा बाढ़ में बही बस को नदी के पानी का रुख मोड़कर दो पोकलैंड मशीन से बस को बाहर निकाला गया। इस दौरान बस के नीचे से अब्दुल मजीद 62 वर्ष, परवीन 40 वर्ष, व अलवीरा 4 वर्ष का शव बरामद हुआ हैं। वहीं बस के चालक-परिचालक के अलावा मृतक अब्दुल मजीद की पत्नी नजमा 60 वर्ष, बेटा बहार 42 वर्ष, बेटा इश्तिहार 21 वर्ष, बेटी ओमाइशा, शबाना 19 वर्ष, करीना 18 वर्ष, पोता वारिस अली 10 वर्ष, पोती मौसम 6 वर्ष एवं रिश्तेदार एजाज 20 वर्ष अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज संजीव सिंह ने बताया कि हिमाचल पुलिस प्रशासन ने तीन शव बरामद होने की सूचना दी है।

जानकारी मिलने के बाद मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। लापता लोगों में से 3 लोगों का शव मिलने की जानकारी के बाद उनके पैतृक गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार जनों से बात की तब विभीषिका में मारे गए अब्दुल मजीद की 65 वर्षीय भाभी जहरा पत्नी सदीक ने फुट फुट कर रोते हुए कहा कि हम लोगों को पूरी जिंदगी पूरे परिवार के एक साथ बिछड़ने का गम कभी नहीं भूलेगा उन्होंने बताया कि हम लोगों की तमन्ना यही थी कि परिवार के सभी 11 लोगों का अंतिम संस्कार तो कम से कम अपने पूर्वजों के कब्रिस्तान में कर देते। अब्दुल मजीद के छोटे भाई पुन्ने की पत्नी नूरजहां ने सिसकियां लेते हुए कहा कि हमारे जेठ परिवार में एक साथ बैठने के बाद कभी चर्चा होती थी तो कहते थे कि हमारी मिट्टी यही होनी चाहिए। लेकिन उनका वह भी सपना पूरा नहीं हो सका, क्योंकि कुल्लू मनाली में मौजूद अब्दुल मजीद के छोटे भाई पुत्तन एवं तीनों दामाद रहबर छंगू और गुलाब तथा उनकी बेटियों ने फोन पर उन्हें जानकारी दी है कि तीनों लोगों के शव बिल्कुल क्षत-विक्षत हो चुके थे।

आधार कार्ड, मोबाइल और कपड़ों से ही उनकी पहचान हो सकी है। फिलहाल शवों के मिलने की जानकारी के बाद गांव में पूरी तरह से मातमी सन्नाटा पसर गया है और पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मदद का भरोसा देते हुए ढांढस बंधाने वालों का तांता लगा है।

विश्व कल्याण के निमित्त सरयू तट पर हुआ रुद्राभिषेक, हवन एवं भंडारा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।मां सरयू के तट पर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विश्व कल्याण के निमित्त रुद्राभिषेक व हवन पूजन के साथ भंडारा आयोजित किया गया। यह आयोजन देर रात तक चलता रहा। उसके बाद नमामि सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजा महाराज के सानिध्य में मां सरयू का पूजन व संध्या आरती सभी भक्तों द्वारा की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान घुरेहटा निवासी यूको बैंक के मैनेजर अशोक दूबे व उनकी धर्मपत्नी कृष्णावती दूबे तथा पुरोहित प्रतापगढ़ निवासी पंडित दुर्गा प्रसाद रहे।कार्यक्रम में भागीदारी निभा रहे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं अयोध्या जिलाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार बलराम तिवारी ने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव भगवान की कृपा से पिछले पंद्रह वर्षों से प्रत्येक चतुर्दशी उपरांत पूर्णिमा को रुद्राभिषेक एवं हवन तथा भंडारे का आयोजन हो रहा है।

विश्व कल्याण के लिए रूद्राभिषेक और भण्डारा अनवरत जारी है। उन्होंने बताया कि इसके पहले कई बार बद्रीनाथ, अमरकंटक, विंध्याचल, पांडुकेश्वर, उत्तरकाशी के साथ विभिन्न तीर्थ स्थलों पर यह आयोजन हो चुके हैं। गुरुदेव भगवान के शिष्यों के घर पर भी ऐसे धार्मिक अनुष्ठान चलते रहते हैं। जून महीने का अनुष्ठान विन्ध्यपर्वत पर मोती तालाब के निकट गुरुदेव भगवान की तपस्थली सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर पर हुआ था। इस बार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि श्री अयोध्या धाम में यह आयोजन किया गया। इस अनुष्ठान में काफी महिला, पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की भावना के साथ हवन में आहुति दी। संध्या बेला में सभी भक्तों ने नमामि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मां सरयू का पूजन व संध्या आरती की।

इस मौके पर गुरुदेव भगवान के प्रथम शिष्य अमेठी निवासी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुदेव भगवान ने मध्यप्रदेश के अमरकंटक से उत्तराखंड के उत्तरकाशी में साधना के लिए जाते उनके घर पर अखण्ड दीप प्रज्ज्वलित किया था। जो अनवरत प्रकाशमान रहकर भक्तों को निरंतर ज्ञान एवं आस्था का प्रस्फुटन कर रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में संतोष परिहार, गुड्डू परिहार, पवन तिवारी, जय नारायण शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार पवन पाण्डेय, ओमप्रकाश तिवारी, सुरेंद्र सिंह, मदन चंद्र ओझा, हरि सिंह, रामसुख वर्मा, रामकृपाल यादव, डॉक्टर घायल, श्याम नारायण, राकेश तिवारी, अजय यादव, वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रकाश मिश्र, सुभाष यादव, सज्जन कुमार, विपिन तिवारी, हनुमान मंदिर के महंत राजेन्द्र दास आदि सैकड़ों लोगों ने हवन-पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक सरयू तट पर भोजन प्रसाद का वितरण होता रहा। इसके पहले सभी श्रद्धालुओं ने धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, विश्व का कल्याण हो की भावना के साथ मां सरयू का पूजन एवं आरती कर भगवान से विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हरकत में आया पंचायत विभाग, महिला केयर टेकर के भुगतान का 48 हजार समूह के खाते में भेजा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या। तारुन ब्लाक की सहसीपुर गांव पंचायत के सामुदायिक शौचालय पर तैनात महिला टेकर को मानदेय मांगने पर नौकरी से निकाले जाने का मामला उच्च न्यायालय पहुँच गया हैं। मामले में महिला टेकर की अर्जी पर न्यायालय ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुये पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत, बीडीओ को नोटिस भेजकर जिला पंचायतराज अधिकारी को दो माह के भीतर बकाया मानदेय भुकतान दिलाकर मामले का निस्तारण कराने का आदेश दिया है। नोटिस मिलते हैं महिला टेकर को मानदेय भुकतान देने में आनाकानी करने वाले सिकरेट्री ने आनन फानन में नाथ बाबा स्वयं सहायता समूह खाते में 48 हजार रुपये भेज दिया।

जिससे केयर टेकर सुमन निषाद के मानदेय का भुकतान अब समूह के पाले में है। पीड़िता महिला टेकर सुमन निषाद का आरोप हैं कि गांव पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय पर उसकी नियुक्ति बर्ष 2021 में हुई थी। तब से वह शासन के दिशा निर्देशों के तहत सामुदायिक शौचालय की देख रेख व साफ सफाई का कार्य देख रही थी।लेकिन उसे मानदेय के साथ शौचालय साफ सफाई में मिलने वाली धनराशि का भुकतान देने में पंचायत सचिव लवकुश गुप्ता द्वारा हीला हवाली की जा रही थी। भुगतान के बदले आधी धनराशि में कमीशन मांगा जा रहा था। मामले में गर्दन फंसती देख तब आनन फानन में सिकरेट्री ने समूह के खाते में मानदेय भुकतान का बकाया 48 हजार समूह के खाते में भेज दिया। उच्च न्यायालय के दखल के बाद अब विभाग के अधिकारी मामला सुलझाने की तरकीब ढूढ रहे हैं। वही पंचायत सचिव लवकुश गुप्ता का कहना है कि उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुये केयर टेकर सुमन निषाद की बकाया मनादेय के भुकतान की समस्त धनराशि नाथ बाबा समूह के खाते में भेज दिया है

> तारुन ब्लाक की सहसीपुर गांव पंचायत के सामुदायिक शौचालय पर तैनात महिला टेकर को मानदेय मांगने पर नौकरी से निकाले जाने का मामला उच्च न्यायालय पहुँच गया हैं।पीड़ित महिला का आरोप कमीशनखोरी के चक्कर मे भुगतान नही कर रहा था सेक्रेटरी लवकुश गुप्ता

जिला अस्पताल आए तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ अयोध्या। मरीज को दिखाने जिला अस्पताल आए तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच कई राउंड मारपीट हुई, जिससे अस्पताल में हलचल मच गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। सेवा ठप कर चिकित्सकों और स्टाफ का धरना जारी है, जबकि दूसरे पक्ष को कोतवाली भेजा गया है।बताया गया कि पूरा बाजार भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और वर्तमान प्रभारी दिनेश मिश्र के छोटे भाई बृजेश मिश्र निवासी मोहत्सीनपुर थाना पूराकलंदर को पेट दर्द की शिकायत थी। उनका भाई अजय कुमार मिश्रा उसे लेकर जिला अस्पताल आया था। सुबह ड्यूटी की शिफ्ट बदलने के दौरान हुए इस विवाद में पहले इमरजेंसी ओपीडी में मारपीट हुई और फिर परिसर में दोनों पक्षों में मारपीट हुई। काफी देर तक चले मारपीट और विवाद को लेकर हलचल रही।अस्पताल के दो चिकित्सक तथा दूसरे पक्ष समेत कई लोगों को चोटे आई हैं। मारपीट के बाद स्वास्थ्य सेवाएं ठप कर अस्पताल प्रशासन के लोग धरने पर बैठ गए तो दूसरे पक्ष ने भी धरना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर भाजपा नेता के पक्ष को कोतवाली भेजवाया है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह का कहना है कि जिला अस्पताल में दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हुई है। कोतवाली पुलिस मौके पर है और शिकायत के आधार पर कठोर कार्रवाई कराई जाएगी।

"मेरी माटी-मेरा देश" कार्यक्रम भव्य एवं गौरवपूर्ण ढंग से होगा- जिलाधिकारी

गोण्डा, शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ''मेरी माटी - मेरा देश'' कार्यक्रम को भव्य एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजित किए जाने के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम देश भावना को जोड़ने के लिए है। इस कार्यक्रम के द्वारा प्रधानमंत्री देश के सभी गांवों को एक राष्ट्र भावना से जोड़ेगे। उन्होंने मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित किया जाए। सभी संबंधित अधिकारी अपने अपने विभाग की ओर से इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा मंगल दल, महिला मंगल दल, एनसीसी, पीआरडी आदि का भी सहयोग लिया जाए। इसके अलावा डीएम ने 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव एवं शहरी इलाकों में इस अभियान को चलाया जाए। डीएम ने कहा कि इस अभियान के तहत सभी गांव में शिलापट्टिका लगाई जाएगी यदि उस गांव से संबंधित कोई शहीद होगा तो उसका नाम शिलापट्ट पर लिखा जाएगा। अमृत कलश यात्रा का होगा आयोजन बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम अरूम्मौली ने ''मेरी माटी-मेरा देश'' कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने इस वर्ष मातृभूमि को नमन करते हुए देश की माटी पर ध्यान केन्द्रित किया है। इसी क्रम में नौ अगस्त से 15 अगस्त, 2023 तक ग्राम पंचायतों/गांवो व छोटे स्थानीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी प्रकार 16 से 20 अगस्त, 2023 तक ब्लाकों, नगर पालिकाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान अमृत कलश यात्रा भी निकाली जाएगी जिसमें हर गांव-हर शहर की मिट्टी होगी। यह कलश गांव से गांव से ग्राम पंचायत, फिर ब्लॉक मुख्यालय होते हुए जिला मुख्यालय पर एकत्रित होंगे, इसी प्रकार सभी नगरीय निकायों के कलश जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका पर एकत्रित हो। इसके बाद यह कलश प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचेंगे. फिर नोएडा होते हुए राजधानी दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पूरे देश से आए अमृत कलश के साथ एकत्रित होंगे। मेरा माटी मेरा देश अभियान का हो व्यापक प्रचार प्रसार जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों व सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे कि सभी आमजन इस अभियान के बारे में जान सके और इससे जुड़ सकें। उन्होंने होर्डिंग, स्टैंडी, बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, डीसी एनआरएलएम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

हैदरगंज पुलिस ने दो चोरी की घटनाओं का किया पर्दाफाश

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/जाना बाजार- अयोध्या। दो चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को हैदरगंज पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है।पुलिस टीम ने अभियुक्तों के पास से चोरी के सामान सहित रुपए भी बरामद किए हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज थाना हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने बताया कि पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही के तहत थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय बहादुर पांडेय ने अपने हमराही हेड कॉन्स्टेबल संतोष कुमार और कांस्टेबल अजीत कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर पंचायत भवन रखौना मोड़ से रखना गांव निवासी अमन वर्मा पुत्र श्याम बहादुर वर्मा को गिरफ्तार कर चोरी का पंपिंग सेट बरामद किया है । इसी के साथ ही पलटू वीर कोरो राघव पुर मोड से थाने के उपनिरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने अपने हमराही कांस्टेबल सुशील कुमार सोनकर कांस्टेबल नरेंद्र भारद्वाज कांस्टेबल ओमवीर सिंह के साथ मुखबिर की सूचना पर मदरहवा गांव निवासी अभियुक्त भोलानाथ मिश्र पुत्र भवानी चरण को चोरी की ओप्पो मोबाइल सहित 4000 नकदी के साथ गिरफ्तार किया है।

रोड शो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी तथा मिलेट्स प्रदर्शन कार्यक्रम एवं रोड शो का आयोजन

गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी कृषि विभाग जनपद गोंडा द्वारा जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी तथा मिलेट्स प्रदर्शन कार्यक्रम एवं रोड शो का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मिलेट्स जागरूकता हेतु निकाली गई रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपकृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर एवं जिला कृषि अधिकारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में संचालित मिलेट्स रोड शो को कलेक्ट्रेट से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तत्पश्चात जनपद के डॉक्टर संपूर्णानंद प्रेक्षागृह टाउन हॉल में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मौली, उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी जगदीश प्रसाद, उपनिदेशक रेशम श्री आर एन मल्ल, भूमि संरक्षण अधिकारी पारस राम, डिप्टी आरएमओ, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी सहित सभी प्रमुख विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों, कृषि एवं अनुषांगिक विभागों के कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में किसानों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों प्रतिष्ठानों एवं कृषि निवेश से जुड़ी कंपनियों के द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाए गए। अपने उद्बोधन में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री एम अरुन्मौली ने उपस्थित किसान भाइयों को अपने कृषक उत्पादक संगठनों के द्वारा उत्पादित किए जाने वाले विभिन्न पदार्थों का अरगा ब्रांड से रजिस्ट्रेशन करवाने का सुझाव देते हुए उन्हें उत्पादित किए जा रहे विभिन्न पदार्थों के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। उन्होंने मेलेट्स के उत्पादन पर विशेष बल देते हुए कृषकों को बताया कि इसके पोषण संबंधी लाभ को देखते हुए आज यह आवश्यक है कि इस से बनी हुई विभिन्न प्रकार की डिशेज को अपने आहार में शामिल किया जाए। मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम मिश्र ने अपने संबोधन में कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे आयोजनों की प्रशंसा करते हुए कृषकों को अधिक से अधिक संख्या में कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राविधिक सहायक श्री आर. पी. एन. सिंह के द्वारा किया गया। उपकृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने अपने उद्बोधन में खरीफ 2023 में जनपद में कृषि निवेशों की उपलब्धता तथा वर्षा संबंधी मौसम के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कृषकों को अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वैज्ञानिक डॉ. राम लखन सिंह ने कृषकों को मिलेट्स उत्पादन तकनीक के विषय में जानकारी प्रदान की।

विकास कार्यों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिया दिशा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या ।मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने मांझा रामपुर हलवारा स्थित गाटा संख्या 04 रकबा 105.205 हे0 का स्थलीय निरीक्षण किया। उक्त भूमि वन विभाग द्वारा पौधारोपण कर वन विकसित किये जाने हेतु प्रस्तावित है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने अयोध्या धाम में स्थित धर्मशालाओं में और अधिक सुविधाओं एवं स्वच्छता आदि मानकों को पूर्ण करने हेतु प्रेरित करने के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अयोध्या रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित गुजराती धर्मशाला का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई व्यवस्था के लिए उन्होंने धर्मशाला

के संचालक से पूर्व की स्थिति एवं वर्तमान में धर्मशाला में किये गये सुधारों की स्थिति के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि जो धर्मशाला प्राधिकरण के मानकों के अनुसार साफ सफाई व्यवस्था एवं अन्य मानकों को पूर्ण कर लें उनमें अयोध्या के लोगो आदि के माध्यम से अयोध्या की ब्रांडिंग की जाय। अन्त में मण्डलायुक्त ने अमानीगंज स्थित जलकल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने जलकल परिसर की पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार कराकर विश्व स्तरीय फूड जोन संचालित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि इस परिसर में पार्किंग आदि के लिए पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध है इसलिए परिसर में फूड जोन, कैफेटेरिया सहित अन्य जन सुविधाओं को विकसित किया तथा परिसर में पर्यटन विभाग के विभागीय भवन का निर्माण परिसर के अन्त छोर पर प्रस्तावित किया जाय। निरीक्षण के दौरान मंदिर मजिस्ट्रेट संदीप श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक सिंह, राजकुमार पांडेय, डीडी पर्यटन राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ख़ास ख़बर

सालुका पंचायत भवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर कैंप का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला(जामताड़ा)/ विभागीय निर्देश के आलोक में बुधवार को सालुका पंचायत भवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुको के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखिया नेफालाल मरांडी की देखरेख व पर्यवेक्षण में कैंप की विभिन्न गतिविधि निष्पादित की गई।इस अवसर पर कैंप के माध्यम से उपस्थित किसानों का ई-केवाईसी एवम आई पी पी(इंडिया पोस्ट पेमेंट) के तहत खाता खोला गया एवम आधार सीडिंग की गई। प्रज्ञा केन्द्र संचालक व डाटा ऑपरेटर राजू गोराई के द्वारा उन किसानों का ई-केवाईसी किया गया। जिनका ई-केवाईसी नही हुआ था। इस अवसर पर सालुका पंचायत के मुखिया नेफालाल मरांडी ने इस कैंप की उद्देश्य एवं विशेषता के बारे में जानकारी दी। साथ ही किस प्रकार किसान इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । इस अवसर पर कृषक मित्र विधान राय, सुखदेव मरांडी ,शेख इलियास आदि मौजूद थे।

आदिवासी एभेन अखाड़ा की एक बैठक आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/आदिवासी एभेन आखड़ा द्वारा बुधवार को एक बैठक की गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजन करने के सम्बन्ध में रूपरेखा तय किया गया । विगत कई वर्षो से विश्व आदिवासी ÷दिवस के अवसर पर एभेन आखाड़ा द्वारा डाक बंगला मैदान मधुपुर में एक कार्यक्रम करती आ रही है। परन्तु इस वर्ष डाक बंगला मैदान का सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति में होने के कारण अनुमंडल पदाधिकारी ने मैदान उपलब्ध कराने में असमर्थता जतायी है। जिसके कारण इस वर्ष रेलवे बैड मिन्टन हॉल मधुपुर में कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में देवघर जिला के साथ-साथ गिरिडीह, जामताड़ा, दुमका से मांझी हड़?म, समाज सेवी, तथा कई आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे द्य मौके पर आदिवासी प्रभुजन हॉसदा, वेरनादत तिर्की समेत एभन आखडा चांदमारी के सदस्या मौजुद थे।

रेलकर्मी की सूझबूझ से रेल हादसा टला, रेलपटरी के टुटे होने की सूचना समय पर दी

दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/आसनसोल रेल मंडल के मथुरापुर और नयापतरो स्टेशन के बीच बुधवार शाम को रेल हादसा टल गया । बताया जाता है कि नयापतरो और मथुरापुर स्टेशन के बीच अप रेलवे मार्ग पर पोल संख्या 298/21-23 के समीप रेलवे पटरी टूटे रहने की सूचना रेल प्रशासन को मिली । घटना के कुछ ही देर पहले हावड़ा पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन गुजरी थी ।

सूचना पर तुरंत रेल प्रशासन ने अप मार्ग पर परिचालन बंद कर दिया । संबंधित रेल अधिकारी और कर्मी घटनास्थल पर गए और रेलवे ट्रैक की मरम्मति कर दुरुस्त किया ।

तकरीबन एक घंटे के बाद अप रेल परिचालन प्रारंभ हुआ । इसके बाद रेल यात्रियों ने राहत की सांस ली । इस बीच मधुपुर में सियालदह बलिया, कोलकाता गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस, विद्यासागर में आसनसोल बैधनाथधाम झाझा मेमू मेमोस समेत कई ट्रेन जहां-तहां खड़ी रही । रेल अधिकारियों ने बताया कि टूटी हुई पटरी पर नजर नयापतरो स्टेशन के पोर्टर की पड़ी थी ।

उसने तुरंत इसकी सूचना विभाग को दिया । रेलवे ट्रैक की पटरी कैसे टूटी इसकी जांच रेल अधिकारी कर रहे हैं । इधर रेलवे प्रशासन का कहना है कि रेलवे ट्रैक में तकनीकी खराबी आने के कारण परिचालन बाधित हुआ ।

हेमंत सरकार के जनविरोधी नीतियों के विरोध में भाजयुमो ने शहर में निकाला मशाल जुलूस

दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष अनूप पांडे के नेतृत्व में वर्तमान हेमंत सरकार के विरोध में वीर कुंवर सिंह चौक से लेकर सुभाष चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस मशाल जुलूस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल सम्मिलित हुए। बेरोजगारी , पारा शिक्षकों के साथ उचित न्याय नहीं करने,युवाओं को रोजगार नहीं देने के विरोध और तुष्टीएकरण नीऊति के विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया। बतौर मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन झारखंड सरकार के द्वारा गलत स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति, भ्रष्टाचार, युवाओं को रोजगार , पारा शिक्षकों के साथ उचित न्याय नहीं करने के विरोध में भाजयुमो के तत्वधान में वीर कुंवर सिंह चौक से लेकर सुभाष चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। महागठबंधन सरकार ने आम जनों को झांसे में लाकर और झारखंडीयों को बरगला कर सत्ता हथियाने का काम किया है। सत्ता में आने के बाद सरकार ने राज्य के लोगों को ठगने का काम किया हैं। श्री मंडल ने कहा कि वर्तमान जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने लगातार हिंदू सभ्यता संस्कृति और आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम किया हैं।

विधायक के कार्यकाल में गौ हत्या ,गौ तस्करी ,लव जिहाद धर्मांतरण जैसे अनैतिक कार्यों को बढ़ावा मिला हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह ने कहा कि जब से जामताड़ा का मौलाना इरफान अंसारी विधायक बना है, तब से उसकी मानसिक स्थिति बहुत खराब हो गई है। इसे इलाज की जरूरत है ए सिर्फ हिंदुओं को बेवकूफ बनाने का काम कर रहा है। इसके समय में लव जिहाद, गौ तस्करी, गौ हत्या ,धर्मांतरण के मामले में काफी बढ़ोतरी हो गई है इतना विधानसभा में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ाकर अपने वोट बैंक बनाने का काम कर रहा है । जिला प्रशासन को बांग्लादेशियों को चिन्हित कर अविलंब बांग्लादेश भेजने का काम करना चाहिए। झारखंड में गौ हत्या प्रतिबंध होने के बावजूद भी जामताड़ा विधानसभा में गौ हत्या जैसे मामले में काफी बढ़ोतरी हो गई है, इसका ताजा उदाहरण पबिया में देखने को मिला है। विधायक इरफान अंसारी मंदिरों में घुसकर हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाने का काम कर रहा है। मंदिर में घुसकर तिलक को मिटा कर हिंदू का वोट नहीं चाहिए कहना हिंदू धर्म और हिंदू समाज का अपमान है।जिसे भाजपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। विधायक इरफान अंसारी का विधानसभा में यह कहना कि आदिवासी कितना तेज कैसे हो गया है।यह आदिवासी समाज का अपमान है, जो भाजपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री सुमित शरण, भाजयुमो जिला महामंत्री चंदन राउत, सुकुमार सरखेल, दुबराज मंडल ,सुनील हांसदा सतीश सिंह, महेंद्र मंडल अर्जित मिश्रा, अशोक मंडल , नागेश्वर मंडल प्रदीप रावत ,प्रकाश चौधरी सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

मधुपुर आरपीएफ ने अकाल तख्त ट्रेन से हजारों रुपए मूल्य का विदेशी शराब किया जब्त

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/ मधुपुर आरपीएफ ने बुधवार को सियालदह से अमृतसर जा रही अकालतख्त सुपर फास्ट ट्रेन से हजारों रुपए मूल्य के विदेशी शराब जब्त किया है । आरपीएफ इंस्पेक्टर इंचार्ज देवनाथ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब तस्कर अवैध रूप से ट्रेन से शराब लेकर बिहार जा रहे हैं 7 ट्रेन जब मधुपुर में खड़ी हुई । आरपीएफ के एएसआइ शौकत कमाल, सुरक्षा बल के जवान के साथ ट्रेन की बोगी की जांच शुरू कर दी । चेकिंग के दौरान ट्रेन के कोच नं 8 में बाथरूम के पास एक बड़ा प्लास्टिक चट का बोरी . पड़ा था । पास में एक व्यक्ति भी बैठा था। पूछने पर व्यक्ति ने अपना नाम सुनील राम बताया । कहा कि वह बिहार के पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के बाजीदपुर भवानी चौक का रहने वाला हैं । ट्रेन से शराब ले जाने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया । फिर बैग समेत व्यक्ति को आरपीएफ ने हिरासत में लिया गया। बैग जांच करने पर 95 पीस बाजीगर ब्रांड देशी शराब पाया गया । प्रत्येक का वजन 300 मिली और प्रत्येक का मूल्य रु। 28/-, कुल अनुमानित मूल्य रु। 2660/-. बताया गया । फिर सभी शराब को उपस्थित गवाहों के समक्ष जब्त की गई। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने खुलासा किया कि वह अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए बाढ़ शराब ले जा रहा था। जब्त शराब के साथ गिरफ्तार व्यक्ति को सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के बाद, कागजात के साथ आगे की कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग देवघर को आबकारी अधिनियम के प्रावधान के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भेजा गया।

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कई प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/मधुपुर शहर के 52 बीघा मोहल्ला के टीटीसी स्काउट प्रशिक्षण केंद्र में पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के द्वारा आयोजित सात दिवसीय गाइड रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बुधवार को कई प्रतियोगिता आयोजित किए गए 7 राज्य स्तरीय उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ध्वज समारोह आयोजित किया गया।

फिर प्रतिभागियों के कैंप का निरीक्षण किया गया ।बुलबुल के लिए वर्दी पर अनुभाग (बेसिक) सत्र आयोजित किया गया।

सत्र कबिता दास और खुशबू कुमारी द्वारा लिया गया । गाइड अनुभाग (उन्नत) के लिए, आग पर सत्र रुशुमिता दास द्वारा लिया गया था।

पापिया भट्टाचार्य एसटीसी (जी) द्वारा धार्मिक सहिष्णुता पर रेंजर अनुभाग (उन्नत) सत्र के लिए लिया गया। संगठन पर सत्र रूपाली सरकार एएसओसी (जी) द्वारा लिया गया और झंडे पर सत्र अनिंदिता मंडल द्वारा लिया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे लीडर सुरक्षा के साथ-साथ में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रहे है।

श्री शिव कथा पुराण का समापन आज, भंडारे में शामिल रहे हजारों लोग

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या। श्री शिव कथा पुराण का आयोजन अवधपुरी कॉलोनी फेज एक अमानीगंज अयोध्या में रामा जिम सेंटर के पार्क के पास वन संरक्षक आवास के समीप 24 जूलाई 2023 से शुभारंभ किया गया जिसकी पूर्णाहुति 1 अगस्त 2023 को हुई भंडारा कार्यक्रम 2 अगस्त 2023 को सायं 4 बजे से चल रहा है मुख्य कथा वाचक मधुसूदनाचार्य महाराज के मुखारविन्द से कथा पान किया । जिसमें मुख्य यजमान आचार्य सुरेंद्र मिश्र रहें । श्री मिश्र ने शिव भक्तो से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में शिवभक्त आकर प्रसाद ग्रहण करें और हमें कृतार्थ करें ।

असकरनपुर गांव में आयोजित हुआ आयुष्मान रजिस्ट्रेशन शिविर

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/बीकापुर-अयोध्या। ब्लॉक क्षेत्र के पूरे नंदा तिवारी असकरनपुर गांव में बुधवार को आयुष्मान योजना में पंजीकृत लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड के आवेदन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान आशा देवी द्वारा शिविर का शुभारंभ कराया गया। शिविर में 23 लाभार्थियों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनने के लिए आवेदन किया गया। शिविर के दौरान सूची में शामिल अंतोदय योजना के राशन कार्ड धारक गरीबों और उनके परिजनों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया गया। आयुष्मान भारत योजना के पात्रता सूची में शामिल वार्ड के लाभार्थियों द्वारा शिविर में पहुंचकर अपना ऑनलाइन आवेदन कराया गया। आयुष्मान मित्र नवीन पांडे ने बताया कि शिविर के दौरान सूची में शामिल 23 लाभार्थियों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अजय तिवारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

जुआ खेलते आधा दर्जन गिरफ्तार ताश की गड्डी और नकदी बरामद

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/बीकापुर-अयोध्या। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा कोतवाली क्षेत्र के जैनपुर गांव के पास मंगलवार शाम तमसा नदी के किनारे जुआ खेलने की सूचना पर छापामारी की गई। मौके पर 6 आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से ताश के 52 पत्ते व माल फड 11200 रुपये नकद बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि जुआ खेल रहे गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अजय मिश्रा निवासी बिहारीपुर थाना पूराकलन्दर, जय प्रकाश वर्मा, निवासी परसोंडा थाना हर्रैया जनपद बस्ती, रत्नेश जयसवाल निवासी खानपुर मसौधा थाना पूराकलन्दर, ओम प्रकाश चौहान निवासी बक्स पूरे बाबा का पुरवा थाना पूराकलन्दर, शशि प्रकाश निवासी गद्दोपुर थाना कैण्ट अयोध्या, सुनील कुमार सिंह निवासी अशरफपुर डाभासेमर थाना कैण्ट अयोध्या शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज करके बुधवार को चालान किया गया है।

भूखे युवक ने सरयू नदी में लगाई छलांग, जल पुलिस ने बचाई जान

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या ।कहा जाता है कि भूख लगने पर खाना न मिले तो व्यक्ति कुछ भी कर गुजरता है ऐसा ही एक वाक्या अयोध्या में हुआ है जहां वाराणसी के निवासी पाटन ने भूख से परेशान सरयू में छलांग लगा दी। उफनाई सरयू में छलांग लगाते ही वह गहरे पानी मे चला गया और डूबने लगा मौके पर मौजूद जल पुलिस के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए युवक की जान बचाई और मानवता दिखाते हुए जल पुलिस के प्रभारी रूबे प्रताप मौर्या,कॉन्स्टेबल नित्यानंद यादव,शिवकुमार और कॉन्स्टेबल कमरुद्दीन तथा एसडीआरएफ के जवान सोनू सिंह ने उसको खाना खिलाकर नयाघाट चौकी को सुपुर्द किया।दिखाई नहीं देता साहब पर शामिल जरूर होता है, खुदकुशी करने वाले का भी कोई कातिल जरूर होता है

स्कूली बच्चियों को महिला पुलिस ने किया प्रोत्साहित

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/रुदौली- अयोध्या। महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को शिक्षा क्षेत्र रुदौली के सीबीएसई विद्यालय एल.एस.डी.पी पब्लिक स्कूल में कोतवाली रुदौली की महिला आरक्षीयों की ओर से बच्चियों को नारी सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया।कार्यक्रम के मुख्यातिथि क्षेत्राधिकारी सतेंद्र भूषण तिवारी व प्रबंधक अनिल पाठक ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आए हुए अतिथियों का प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने स्वागत एवं आभार व्यक्त किया व विद्यालय की ओर से बनाई गई सेक्सुअल हरासमेंट एवं पॉक्सो कमेटी की जानकारी दी । मुख्य अतिथि सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी ने विद्यालय की छात्राओं को महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी उनके अधिकार बताएं। इस दौरान सीओ ने कई प्रेरक प्रसंग भी सुनाएं व कहा कि आप सभी अपने स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दीजिए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क व स्वस्थ विचार का निर्माण होता है। इस मौके पर महिला आरक्षियों पुष्पा सागर व ज्योति तिवारी ने कहा कि लड़कियों को अपने साथ होने वाली किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाओं को बिना डर भय के अपने अभिभावकों को अवश्य साझा करना चाहिए,या फिर महिला हेल्पलाइन के नम्बरों पर बेहिचक सूचित शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। इसके अलावा किसी भी समय छेड़छाड़ या छींटाकशी आदि की गतिविधियों को लड़कियों को पुलिस के सीयूजी नम्बर पर तुरन्त सूचित करना चाहिए। पुलिस तत्काल पांच मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर लड़कियों की मदद करेगी।इस मौके पर आरक्षियों ने महिला हेल्पलाइन नंबर और पुलिस के नम्बरों को सभी छात्राओं को नोट कराया। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं और लड़कियों को समय-समय पर प्रशासन की ओर से उनके लिए चल रही योजनाओं और उनके लिए विशेष तौर पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया जाता है। सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी ने विद्यालय की सेक्सुअल हैरेसमेंट व पॉक्सो कमेटी के कार्यों की सराहना की व प्रशस्ति पत्र देकर महिला अध्यापकों को सम्मानित भी किया

कांफ्रेंस मुहर्रम उल हरम के मौके पर शहीदेए कर्बला कांफ्रेंस का प्रोग्राम का आयोजन

इस्लाम मोहब्बत और शांति का संदेश देने वाला धर्म है!

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/देवघर/मधुपुर शहर के हरलातांड़ स्थित मस्जिद के सेहन में मुहर्रम उल हरम के मौके पर शहीदेए कर्बला कांफ्रेंस का प्रोग्राम का आयोजन मस्जिद बिलाल कमेटी हरलाटांड़ की खतीब इमाम हजरत मौलाना कारी रजउल्लाह की जेरे परस्ती में किया गया।

इस मौके पर कई उलमा ए कराम और शायरों ने शिरकत की। इस मौके पर प्रोग्राम का आगाज कुरान ए पाक की तिलावत करीम से मौलाना फिरोज राहत मधुपुर की खूबसूरत नकाबत अपनी सुनहरि आवाज से प्रोग्राम का आगाज हुआ। मौलाना जिया उल्लाह जिया मौलाना सज्जादुल कादरी ने मुर्हम के ताल्लुक से नातीया कलाम से सभी का मन मोह लिया और इसके बाद हजरत मौलाना शाहिद रजा फैजी मधुपुरी ने मोहर्रम के ताल्लुक से बयानात पर रोशनी डालते हुए कहा की इमाम हुसैन की कर्बला के मैदान में हुए शहादत के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा सच्चाई और अच्छाई के साथ जिंदगी बिताएं इमाम हुसैन ने इस्लाम की खातिर अपने परिवार सहित खुद को कुर्बान कर दिया लेकिन यजीद का साथ नहीं दिया तकरीर के दौरान मौलाना ने नमाज को पाबंदी से पढ़ने झूठ नहीं बोलने एक दूसरे की मदद करने पर जोर दिया। और शिक्षा पर भी रोशनी डाली इस दौरान मौलाना ने देश और दुनिया में आपसी भाई चारे की दुआ मांगी।

उन्होंने कहा इस्लामिक वर्ष के पहले माह मोहर्रम को इमाम हुसैन की शहादत के लिए याद किया जाता है। कहा इस्लाम ईसार सब्र और मोहब्बत का पैगाम दिया है इस्लाम आपस में मिलजुल कर रहने का पाठ पढ़ाया सही रास्ते पर चलने का सबक सिखाया है। इस्लाम ऐसी मजहब है जिसके रास्ते में चल कर हम एक इंसानियत का हसीन नमूना पेश कर सकते हैं।

यही इस्लाम का माने हैं! बताया कि माहे मोहर्रम में किस तरह का वाकिया इमाम हुसैन के साथ हुआ उस पर रोशनी डाला गया और हम सब के लिए क्या जायज है और क्या नाजायज है इस पर तफसीर से बयान किया।उन्हों ने कहा यजीद पलीद हक परस्त नहीं बल्कि बद परस्त था। इसलिए इमाम हुसैन ने कहा कि सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं।

एसडीएम न्यायिक के पेशकार सुशील राय पर अधिवक्ताओं ने लगाये गंभीर आरोप

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/रूदौली -अयोध्या। एसडीएम न्यायिक के पेशकार सुशील राय पर अधिवक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए है। अधिवक्ताओं की नाराजगी के बाद एसडीएम न्यायिक को बैकफुट पर आना पड़ा।मामला 21 जुलाई का है।मोहर्रम की दूसरी तारीख को लेकर बार एसोसिएशन ने कार्य विरत का प्रस्ताव भेजा था।इसके बावजूद एसडीएम न्यायिक के न्यायालय से मोहम्मद तालिब बनाम ताहिर अली ग्राम मीरमऊ के मामले में भूमि को क्रय विक्रय से रोकते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित कर दिया गया था।22 जुलाई को आदेश की जानकारी के बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायिक के न्यायालय में ताला बंदी कर दी थी।बार अध्यक्ष और महामंत्री से अधिवक्ताओं ने पेशकार सुशील राय पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्टे कराने का आरोप भी लगाया था।मंगलवार को एसडीएम न्यायिक अनामिका श्रीवास्तव के न्यायालय में अध्यक्ष हरिनारायण यादव व महामंत्री संतोष पांडे के साथ भारी संख्या में अधिवक्ता पहुंचे।21 जुलाई को हड़ताल के दिन किए एक पक्षीय आदेश को वापस लिए बिना न्यायालय न चलाने की बात कही।पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता कमलेश कुमार मिश्रा और अधिवक्ता कृष्ण मगन सिंह ने बताया कि पेशकार सुशील राय ने अपने निजी लाभ के लिए बार के प्रस्ताव के बावजूद एकपक्षीय रूप से स्टे करा दिया था। एसडीएम न्यायिक अनामिका श्रीवास्तव ने बताया कि पेशकार की गलती है।पेशकार से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।न्यायालय से उसे हटा दिया गया है।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत करें आवेदन, प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

गोण्डा, शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी- उपायुक्त उद्योग बाबू राम ने बताया कि जनपद के परंपरागत कारीगर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 10 ट्रेड बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, सुनार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं प्रशिक्षण के पश्चात उन्नत टूलकिट हेतु 222.diupmsme.upsdc.gov.in पर अभ्यर्थियों द्वारा 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्सान एवं उद्यमिता विकास केन्द्र गोण्डा में सम्पर्क किया जा सकता है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

ख़ास ख़बर

सीवान से में छप्पर गिरने से दो लोगों की मौत

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सिवान।, सीवान जिले के सिसवन थाना क्षेत्र के कचनार में छप्पर गिरने से दो की मौत किशन सनी सूचना मिली है। जिस सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में मचा हड़कंप मच गया है। मौके पर पहुंचकर पुलिस मामले के जांच में जुटी हुई है। मकान पुराना बताया जा रहा है वही लगातार हो रही बारिश एवं गांधी के वजह से इस घटना के होने की चर्चा दी जा रही है वही पंचनामा के बाद सबको सिवान सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

गुठनी के ग्यासपुर दियारा क्षेत्र हुये हत्या मामले में पुलिस ने किया खुलासा, बेटे ने ही किया था पिता की हत्या

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता गुठनी सिवान।गुठनी। ग्यासपुर दियारा क्षेत्र में बीते सोमवार को एक बृद्ध की चाकू गोदकर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें यूपी के लार थाना की पुलिस ने घटना के 48 घंटे बाद बुधवार को हत्या का खुलासा कर दिया। गुठनी थाना क्षेत्र के ग्यासपुर गांव निवासी बंका राजभर की लार थाना क्षेत्र के महाल मंझरिया दियारा में हैरान कर देने वाले वारदात वृद्ध की हत्या के मामले का लार पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक बेटे ने ही पिता की हत्या किया था। रविवार की रात खेत में सो रहे वृद्ध की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध धारा 302 के तहत केस दर्ज किया था। जिसका अनावरण करते हुए लार थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह, उपनिरीक्षक राम राज सिंह, मुकेश यादव, साहिल खरवार, सुधीर यादव ने महाल मंझरिया दियारा से अभियुक्त धर्मेंद्र उर्फ तूफानी राजभर पुत्र स्वर्गीय बंका राजभर निवासी ग्यासपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।लहूलुहान स्थिति में मिला था वृद्ध किसान थाना क्षेत्र के ग्राम ग्यासपुर के रहने वाले बंका राजभर (70) का दियारा में झोपड़ी में खून से लथपथ हालत में मिला था। उसी में वह रहते थे और दियारा में खेती करते थे, रात को वह वहीं सोए थे, पुलिस के अनुसार स्वर्गीय बंका राजभर का पुत्र ने गले और सिर में चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया था। जिसको अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

दूसरे बैच के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

हसनपुरा (सीवान) प्रखंड स्थित मीटिंग हॉल में मंगलवार को वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का दूसरा बैच का प्रशिक्षण का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें शेखपुरा, तेलकथू, फलपुरा व लहेजी पंचायतों के वार्ड सदस्य शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के ट्रेनर बीपीआरओ शालू कुमारी व प्रखंड कार्यपालक सहायक विकास कुमार द्वारा प्रोजेक्टर चला कर व मौखिक प्रशिक्षण दी। इस दौरान उनके अधिकार, कर्तव्यों, योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन, राशि के खर्च संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में संबंधित पंचायत के सभी वार्ड सदस्य उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिवमहापुराण कथा व रुद्राभिषेक महायज्ञ के लिए निकाली गई विशाल शोभायात्रा



गुठनी। नगर पंचायत के योगियाडीह गाँव स्थित हेमेश्वर धाम पर हो रहे ग्यारह दिवसीय शिव महापुराण कथा के पहले दिन गाजे बाजे के साथ बिशाल कलश यात्रा निकाला गया। यह कलश यात्रा योगियाडीह स्थित खांकी बाबा के स्थान से शुरू होकर योगियाडीह, गुठनी बाजार, चौराहा होते हुए सेलौर चट्टी, ममउर, बसूहारी, बलुआ होकर ग्यासपुर पहुँची। जहाँ काशी से आये बिद्वान् आचार्यो द्वारा गंगादि तीर्थ पूजन के बाद कलश में जल भरा गया। वहीं मंदिर के पुजारी कुसुम बाबा नें बताया की प्रत्येक दिन सुबह से दोपहर तक शिव महापुराण का पारायण व दोपहर से शाम तक महारुद्राभिषेक काशी से आये विद्वान् ब्राह्मणो द्वारा किया जायेगा। वही शाम को प्रख्यात कथा वचिका सुश्री अनुराधा तिवारी द्वारा शिव महापुराण कथा किया जायेगा। आचार्य विनय कुमार द्विवेदी नें बताया की श्रावण मास विशेष कर के शिव जी को प्रिय होता है। सौभाग्य से इस वर्ष पुरुषोतम मास भी श्रावण मास में ही पड़ गया है।

बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ सिवान बिहार सभागार जनवादी लेखक संघ एवम जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा सिवान के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमचंद की याद में कवि सम्मेलन सह मुशायरा एवम संगोष्ठी का आयोजन

बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ सिवान बिहार सभागार जनवादी लेखक संघ एवम जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा सिवान के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमचंद की याद में कवि सम्मेलन सह मुशायरा एवम संगोष्ठी का आयोजन निराला नगर सिवान में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के सभागार में आयोजित की गई!

जिसमे संक्षिप्त विषय प्रवेश करते हुए मार्कण्डेय ने कहा कि प्रेमचंद ऐसे साहित्यकार थे जिन्होंने आम आदमी को साहित्य मे जगह दी !सिर्फ पूंजीवाद ही नही जमींदारों एवम सामंतवाद के शोषण के खिलाफ खड़े रहे सांप्रदायिकता पर गहरी चोट करते हुये कहा कि इसके अपने मूल रूप में आने पर शर्म आती है इसलिए वो हमेशा संस्कृति की ओर लेकर आती है !जलेस के उपाध्यक्ष युगल किशोर दुबे ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियां सामाजिक अंतर्विरोधों को रेखांकित कर मानवीय संवेदना को स्वर देती है! बड़े घर की बेटी और ईदगाह इसके मिशाल है! प्रेमचंद का सपना शिक्षित समाज का था जिसके लिए उनका माध्यम साहित्य रहा!

रविंद्र सिंह अधिवक्ता ने गांधी भगत सिंह एवम प्रेमचंद को याद करते हुये कहा कि तीनों ने अपने क्षेत्र में ऊंचाई को छुआ प्रेमचंद की लेखनी ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय फलक तक पहुंचाया। आज देश की दुर्दशा का मूलकारण गांधी भगत सिंह एवम प्रेमचंद के विचारो की उपेक्षा है !गणेश दत्त पाठक ने कहा कि प्रेमचंद के विचार आज भी प्रासंगिक है। वही डॉ के एहतेशाम अहमद ने कर्बला कहानी की चर्चा करते हुए कहा प्रेमचंद को सांप्रदायिकता के खिलाफ लड़ने वाला महान योद्धा बताया। वक्ताओं में मुख्य रूप से मुंशी सिंह , साहेब सिंह विजेता,उपेन्द्र यादव, विभूति राम, कनैह्य चौधरी, अखिलेश्वर दीक्षित ,परमा चौधरी भोगेंद्र झा, परशुराम प्रसाद, योगेंद्र सिंह जबकि द्वितीय सत्र में मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमे कवियों ने अपने रचनाओं से सभी को भाव विभोर कर दिया। नूर सुलतानी ने कहा कि वह गोते मार कर कहता है यारो, समंदर है मगर गहरा नही है!, वरिष्ठ शायर उस्ताद कमर सिवानी ने कहा किट्ठ एक जुगनू के जगमने से,चांद तारों में खलबली क्यों है!, गुलाम सरवर हाशमी ने कहा कि दिले आशिक में कुछ कुछ शक की वीमारी होती है, मोहब्बत करने वालो अदाकारी भी होती है!, रहमान सिवानी ने कहा कि जुर्म साबित है जब वकालत क्या?, कीजिए फैसला मरव्वत क्या?, डॉ के एहतेशाम अहमद ने कहा कि फसाना बनता जा रहा है मगर किरदार मरता जा रहा है, बिक्रमा पंडित विवेकी ने कहा कि आजादी के बाद देख लो गजब आई यह बेला सज्जन साहस छोड़ चले दुर्जन का लगता मेला।, लयाची हरि रही ने कहा कि मनसा वाचा कर्मण। से हम लड़ते रहेंगे किसी दमन से !और डॉ इल्तेफात अमजदी आदि ने रचना पाठ की!

15 अगस्त से 31 अगस्त तक जदयू0 के सभी कार्यकर्ता और नेता करेंगे गावों मे कैंप- राष्ट्रीय सचिव

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सीवान। बुधवार को जनता दल यूनाइटेड सिवान की जिलास्तरीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।

जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह विधान पार्षद रविन्द्र कुमार सिंह एवं प्रमंडलीय प्रभारी सतीश कुमार उपस्थित रहे। बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए कहा की आज प्रखंड अध्यक्ष ,प्रखंड प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, राज्यपरिषद सदस्यो की यह बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला का समीक्षा करना है। उन्होंने कहा हम जिला से लेकर पंचायतों बूथों तक कितना मजबूत है और आगे कैसे और मजबूत हो, हम सभी को अब पंचायतों मे लगातार बैठक करना है, साथ ही मुख्य अतिथि ने एक एक कर सबसे बात कर संगठन की जानकारी लिए जदयू0 नेता और कार्यकर्ता 15 अगस्त से 31 अगस्त तक गांव मे कैंप करेंगे साथ ही पार्टी ने निर्णय लिया है । की 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी के सभी पंचायत,वार्ड मे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति टोलो मे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वरिष्ठ नागरिक से राष्ट्रीय झंडातोलन किया जाएगा तत्पश्चात "ग्राम सांसद ; सदभाव की बात" कार्यक्रम कर राज्य सरकार के उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी आगे बताया की 6 अगस्त से कर्पूरी चर्चा का शुभारंभ किया जाएगा जो 24 जनवरी 24 तक लगातार चलेगा

जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह ने कहा की पार्टी के निर्देशानुसार मैं अपने जिला में सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का काम साथियों के सहयोग से करेंगे

बैठक में राष्ट्रीय सचिव रविन्द्र कुमार सिंह, प्रमंडल प्रभारी सतीश कुमार, जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा संगीता यादव, टुनटुन प्रसाद, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मुर्तुजा अली कैसर, मनोरंजन गिरी , पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, निकेश चंद्र तिवारी, नंदलाल राम, ओम प्रकाश सेतु, राजेश यादव, प्रदेश महासचिव प्रमोद पटेल, राजेश त्यागी, अंकित तिवारी, मो0 जुनैद आलम, प्रिंस बजरंगी, राजेश्वर चौहान, कमला कुशवाहा, बब्लू चौहान, आमोद प्रियदर्शी, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, नागेंद्र पटेल, अमरेन्द्र कुमार पटेल, विजय प्रसाद वर्मा, मुर्तुजा अली पैगाम, सतेंद्र भारती, छोटे सिंह, इंदु देवी आदि सामिल रहे ।

डीएम ने किया दरौली प्रखंड का निरीक्षण

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सिवान/ दिनांक 02/08/2023को जिला पदाधिकारी सिवान मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा दरौली प्रखंड का औचक निरीक्षण किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा बीडीओ कार्यालय, अंचल कार्यलय, आरटीपीएस काउंटर, प्रखंड आपूर्ति कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय, मनरेगा भवन आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। सरकारी कार्यालय के भवनों का जीर्णोद्धार करने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही दरौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी एवं अन्य चिकित्सक अपने ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए।उनपर स्पष्टिकरण करने का निदेश दिया गया। जाति जनगणना से संबंधित कई दिशा निर्देश दिये गए। बीडीओ दरौली द्वारा बताया गया कि दरौली प्रखंड में 91 फीसदी जनगणना का का हो चुका है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया की प्रगणक और सुपरवाइजर अपने निर्धारित क्षेत्र में काम करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ जाति जन गणना संबंधित प्रपत्र भरेंगे

जिलाधिकारी ने किया अंदर प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण



दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सिवान/ आज दिनांक 02/08/2023 को जिला पदाधिकारी सिवान श्री मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा आंदर प्रखंड का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी द्वारा BDO कार्यालय,अंचल कार्यलय, Rtps काउंटर, प्रखंड आपूर्ति कार्यालय,बाल विकास परियोजना कार्यालय, आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंदर का भी निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई संतोषजनक पाया गया एवं शेष बचे जीर्णोद्धार के कार्यो को पुरा करने का निदेश दिया गया। जाति जनगणना से संबंधित कई दिशा निर्देश दिये गए। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया की Enumerator एवं supervisor अपने निर्धारित क्षेत्र में काम करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ जाति जन गणना संबंधित प्रपत्र फरेंगे

हसनपुरा में टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार हुआ वितरण

हसनपुरा (सीवान) प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को हसनपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गोद लिए टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार वितरण किया गया। यह वितरण एमओआईसी डॉ अभय कुमार के नेतृत्व में वितरण किया गया। इस दौरान एमओआईसी श्री कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में दो टीबी मरीज चिन्हित किए गए है। जहां उनके बीच पोषण आहार में अंडा, आटा, दाल, तेल, पाउडर दूध आदि वितरण किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि पौष्टिक भोजन से शरीर में इम्युनिटी पावर बढ़ती है, जो टीबी बीमारी इलाज के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सही देखभाल और उचित उपचार से टीबी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। बता दें कि प्रधानमंत्री मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष 2025 तक टीबी जैसी संक्रामक बीमारी को जड़ से खत्म करने के लक्ष्य अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर से टीबी मरीजों का लगातार पर्यवेक्षक निगरानी कर रहा है। देश में टीबी मरीजों की संख्या में कमी लाने और दवा के साथ-साथ उसके बेहतर पोषण की दिशा में ध्यान देने के लिए निक्षय मित्र योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत मरीजों को गोद लिया जाता है। जहां निक्षय योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के दो मरीजों को गोद लिया गया है। मौके पर यक्ष्मा पर्यवेक्षक नीतू कुमारी, काउंसलर निर्मल कुमार, एलटी असलम फारुखी सहित अन्य उपस्थित थे।

जाति आधारित गणना का शेष कार्य तीन दिनों में करें पूर्ण- वरीय उपसमाहर्ता

बड़हरिया सिवान संवाददाता। बड़हरिया प्रखंड के प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह उपसमाहर्ता बृज भानु कुमारी की अध्यक्षता में बैठक कि गई। बैठक में सभी पर्यवेक्षकों से पूर्व में प्रगणक द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। वही वरीय उपसमाहर्ता द्वारा सभी पर्यवेक्षकों को सख्त निर्देश दिया गया कि सभी प्रगणको से संपर्क स्थापित कर सर्वेक्षण और प्रपत्र भरने का काम शत-प्रतिशत कल बारह बजे तक पूर्ण करें।एप्प से संबंधित समस्याओं का हल अलग से बाताया जाएगा। मौके पर बीपीआरओ सूरज कुमार सांख्यिकी पदाधिकारी कृष्ण कुमार मांझी,राकेश आनंद पूर्व बीआरपी मनोज कुमार सिंह, अचिंत प्रकाश,महेश कुमार प्रभात,हरेंद्र पंडित,वीरेश कुमार सिंह,राकेश कुमार,प्रेम कुमार शर्मा,लीलावती कुमारी,रवि भूषण पंडित,रजनीश पंडित,राजेश पंडित, पंकज कुमार शर्मा सहित सभी पर्यवेक्षक मौजूद थे।

खिलौने की दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपए की चोरी

सीवान। नगर थाना क्षेत्र के शांति वटवृक्ष के समीप स्थित पांडेय भवन मेहिया कुम्हार टोली मे संचालित एक खिलौना की दुकान से बीती रात चोरों ने हजारों रुपये के नगदी समेत दुकान में रखे कीमती खिलौने की चोरी कर ली है।इस संबंध में पीड़ित दुकानदार विंध्याचल पांडेय के पुत्र शशि भूषण पांडेय ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। नगर थाना क्षेत्र में दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि शांति वटवृक्ष मेहिया कुम्हार टोली स्थित पांडेय भवन में खुशबू ट्रेडर्स नामक खिलौने की दुकान है।1 अगस्त 2023 को वे अपना दुकान बंद कर अपने पैतृक गांव हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथौड़ा चले गए ।

2 अगस्त के पहले सुबह दुकान के समीप एक पड़ोसी द्वारा फोन कर दुकान में शटर तोड़कर चोरी की सूचना प्राप्त हु ई ।जिसके बाद पीड़ित ने दुकान पर जाकर चोरी के घटना की पड़ताल किया और पुलिस को सूचना दिया ।पुलिस की मौजूदगी में जब दुकान का शटर खोला गया तो दुकान के गल्ला से लगभग ?20000 और दुकान के कुछ कीमती खिलौने चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में नगर थाना अध्यक्ष सुदर्शन राम ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिली है और घटना के जांच पड़ताल और उद्भेदन के लिए पुलिस अग्रेसर कार्यवाही कर रही है ।

पत्र जिला प्रशासन भाजपाईयों के इशारे पर कर रही एकतरफा कार्रवाई- नजरे आलम

दरभंगा जिला में हुए सांप्रदायिक हिंसा को लेकर बेदारी करवाँ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखा पत्र

मधुबनी संवाददाता/ हाल के दिनों में मुहर्रम पर्व के मौके से कई जगहों पर हुए सांप्रदायिक घटना को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवाँ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर सच्चाई से अवगत कराया है। श्री आलम ने अपने पत्र में कहा है की दिनांक 23 जुलाई को हुए सांप्रदायिक घटना में बड़े पैमाने पर मुस्लिमों को निशाना बनाया गया है। चाहे वो बाजार समिति हो या धर्मपुर, मालपट्टी आदि जगहों पर जमकर तांडव मचाया गया है। कई महिला पुरुष जख्मी हुए उनका इलाज तक नहीं करवाया गया। हिंसा की दहशत से लोगों ने अपने अपने घर तक को छोड़ दिया है दूसरी जगहों पर रहने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय पुलिस द्वारा रात्रि में घरों में घुसकर दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। मालपट्टी की घटना असल में एक शव के दाह संस्कार को लेकर शुरू हुआ था। जिसका असली षड्यंत्र कारी स्थानीय मुखिया अजय कुमार झा और वार्ड नंबर 3 का वार्ड सदस्य सुरेंद्र पासवान है। मुखिया ने ही विवादित जमीन, जिस जमीन को मुस्लिम पक्ष के द्वारा कहा गया की यह हमारी जमीन है उसी जमीन पर जानबूझकर लाश को जलवाया। जिसके बाद रात्रि के 1 बजे पुलिस, मुखिया अजय कुमार झा और उसके गुंडे द्वारा दर्जनों मुस्लिम के घरों में तीन घंटे तक तांडव मचाया गया। एक घर में एक पुलिस वाले का नेमप्लेट भी मिला है जिसपर ब्रह्मदेव सिंह लिखा हुआ है। इस घटना में अंचलाधिकारी द्वारा एक मुकदमा कमतौल थाना कांड संख्या 164/23 दर्ज कराया गया।

जिसमें बाहर रह रहे लोगों को भी नामजद अभियुक्त बना दिया गया है। दूसरा मुकदमा पासवान समुदाय द्वारा 165/23 और तीसरा मुकदमा मुस्लिम समुदाय द्वारा 168/23 दर्ज कराया गया है। स्थानीय थाना एकपक्षीय करवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष के 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जब्कि दूसरे पक्ष से अबतक कोई दूसरी गिरफ्तारी नहीं की गई है। मब्बी ओपी अंतर्गत बाजार समिति चौक पर भी अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर उन्हें जेल में डाल दिया गया है। श्री आलम ने 13 सूत्री मांग पत्र माननीय मुख्यमंत्री को भेजा है और करवाई की मांग की है। उन्होंने कहा की भाजपा का खौफ दिखाकर अन्य सेकुलर पार्टियां मुस्लिमों का वोट तो ले लेती है लेकिन जिस समय मुसलमानों पर जुल्म ढ़ाया जाता है उस समय सारी पार्टियां और नेता गायब हो जाते हैं। अब तो सेक्यूलर पार्टीयों के राज में भी मुस्लिम सुरक्षित नहीं है। सरकार को इसपर जवाब देना चाहिए के जब सेक्यूलर पार्टियों की सरकार में ही मुस्लिम समुदाय पर हमला होगा तो फिर मुस्लिम समुदाय किस सरकार के साथ जाए।

विभिन्न स्थानों पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में शराब जप्त

रघुनाथपुर, सीवान/रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शराब को लेकर स्थानीय पुलिस के द्वारा छापामारी की गई।

छापेमारी के दौरान आदमपुर, संठी व टारी से देशी व देशी शराब जप्त किया गया। पु0अ0नि0 सनी कुमार रजक को गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र के भिन्न-भिन्न स्थानों में शराब की बिक्री की जा रही है।

सूचना पाकर दल बल के साथ आदमपुर गांव पहुंचे पुलिस वाहन को देख टिंकू बिन पिता राजमंगल बीन मौके से फरार हो गया। तलाशी के दौरान 40 पीस पॉलिथीन में महुआ शराब 500ml कुल मात्रा 20 लीटर बरामद बरामद हुआ। जिसे जब्ती कर रघुनाथपुर थाना काण्ड संख्या 177/23 दर्ज किया गया। वही गुप्त सूचना पर टारी बाजार से भी शराब

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शराब को लेकर स्थानीय पुलिस के द्वारा छापामारी की गई।

बरामद की गई। टारी में शराब के धंधेबाज की पहचान मुन्ना भगत पिता मंशी भगत के घर तलाशी के दौरान पॉलिथीन में 35 पीस देशी शराब 500ml बरामद हुआ।

जिसकी कुल मात्रा 17 लीटर बताई जा रही है। संठी गांव से भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब जप्त की गई। जिसमें मोहित सिंह पिता जीतेंद्र सिंह, कल्लू उर्फ राजवंश सिंह पिता शिवदास सिंह को थाना कांड संख्या 176/23 में नामजद किया गया है। तो वही पु0स0अ0नि0 प्रभाकर प्रसाद सिंह को गुप्त सूचना मिली कि पंजवार मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से शराब ले जाई जा रही है मौके पर पहुंचे पुलिस बल को देख मोटरसाइकिल छोड़ धंधेबाज भागने में सफल रहे। फरार धंधेबाज की पहचान रूपेश पांडेय व अखिलेश पांडेय दोनों पिता स्व0 शास्त्री पांडेय ग्राम कौसड के रूप में की गई। तलाशी के दौरान एक प्लास्टिक के बोरे में 138 पीस शराब बंटी बबली लिखित 200ml जिसकी कुल मात्रा 25 लीटर तथा दूसरे बोरे में 50 पीस देशी महुआ 500ml जिसकी कुल मात्रा 27 लीटर बरामद हुआ।

शराब एवं मोटरसाइकिल जप्त कर रघुनाथपुर थाना लाया गया जिसमें थाना कांड संख्या 180/23 दर्ज किया गया। सभी फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही।

ख़ास ख़बर

बजरंग दल ने नूह में हुए सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा पत्रक

वाराणसी। जिला मुख्यालय पर दर्जनों की संख्या में पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के नूह में हुए दो संप्रदायों के बीच हिंसा को लेकर प्रदर्शन किया। बजरंग दल ने इस पूरी घटना को आतंकी साजिश होने की आशंका जताते हुए राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी वाराणसी को पत्रक सौंपा। गौरतलब है कि सावन के महीने में शिव भक्तों के द्वारा निकाले गए यात्रा के दौरान दो संप्रदायों में हिंसा भड़की थी। हिंसा के पश्चात हरियाणा के नूह में तीन दिन के लिए इंटरनेट सेवा पर सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया। इस घटना को लेकर हरियाणा के अन्य जिलों में भी तनावपूर्ण माहौल है। वही दो संप्रदायों के बीच हुए हिंसा के खिलाफ उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बजरंग दल ने बुधवार को प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने बुधवार को देशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान किया था। इस ऐलान को देखते हुए प्रदेश के तमाम जनपदों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

गंगा के स्थिर जलस्तर को लेकर लोगों ने ली राहत की सांस

वाराणसी। जुलाई के दूसरे पखवारे में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा था। घाटों की सीढ़ियां डूब गई थीं। वहीं घाटों किनारे मंदिर डूबने लगे थे। गंगा आरती वाले स्थलों को बदलकर ऊपर करना पड़ा। पर्वतीय इलाकों में लगातार बारिश की वजह से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा था। फिलहाल जलस्तर स्थिर हो गया है। इससे लोगों ने काफी राहत महसूस की है। ज्ञातव्य हो कि वाराणसी में गंगा का चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर और खतरे का बिंदु 71.262 मीटर है। जलस्तर में सबसे अधिक 1978 में वृद्धि हुई थी। उस समय पानी 73.901 मीटर पर पहुंच गया था। बाढ़ का पानी काफी दूर तक फैल गया था। बता दें कि बुधवार को गंगा का जलस्तर मामूली गिरावट के साथ ही स्थिर रहा। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार जलस्तर 64.8 मीटर रिकार्ड किया गया। जलस्तर स्थिर होने से घाटों किनारे रहने वाले लोगों ने राहत महसूस की। गंगा में नौका संचालन जारी है। हालांकि इस पर नजर रखी जा रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने 101 पौधे लगाने का लिया संकल्प

दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह/राजस्थान/चित्तौड़गढ़/जिले के रावतभाटा तहसील में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाड़ोलिया पुरातत्व शिव मंदिर परिसर एवं बाडोलिया श्मशान घाट के रास्ते पर 51 पौधों का रोपण किया।भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राम कुमार मीणा ने बताया कि वनों का प्राणी जगत के लिए बहुत ही महत्व है इसलिए पर्यावरण की दृष्टि से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने 101 पौधे लगाने का संकल्प लिया जिसमे से 51 का पौधा रोपण कर दिया,पूर्व सरपंच काली बाई ने बताया कि लगाए जाने वाले पौधों में पीपल,नीम,शीशम, बड़,हरसिंगार,के पौधे प्रमुख रूप से लगाए।पौधा रोपण के समय पूर्व सरपंच काली बाई,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राम कुमार मीणा,मंदिर पुजारी मुकेश नाथ,प्रहलाद मेघवाल,मदन मेघवाल, कैलाश मेघवाल,पिंटू मीणा,गिर्राज मीणा, ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उदयपुर रेडिमेंट एंड होजरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित चतुर्थ प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह

दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर/रसम रिसोर्ट बड़ी रोड उदयपुर पर रखा गया कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमती प्रभा जी गौतम अतिरिक्त जिला कलेक्टर उदयपुर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान राजकुमार जी जैन मुख्य वन संरक्षक उदयपुर एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती मधु जी मेहता पूर्व जिला प्रमुख रेडिमेंट एंड होजरी स्टेशन के मुख्य सलाहकार श्री भूरा लाल जी जैन साहब एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीमान राजमल जी जैन साहब एसोसिएशन के महामंत्री अक्षय जी जैन साहब वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित जी लोढा साहब एवं कार्यक्रम संयोजक अशोक जी मंगवानी सभी ने अपना स्थान ग्रहण कर ईश वंदना द स्कॉलर एरीना स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा की गई तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया

एसोसिएशन की तरफ से सभी पधारे हुए मेहमानों का तिलक पगड़ी शाल एवं उपरना द्वारा शानदार स्वागत सम्मान किया गया इसी क्रम में संस्था सचिव द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन हुआ वह संस्था अध्यक्ष राजमल जी जैन द्वारा संस्था का परिचय एवं उद्बोधन हुआ इसी क्रम में संस्था के वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया जिसके अंतर्गत श्रीमान

तौकीर हुसैन जी सादड़ी वाला श्रीमान बलराम जी वाधवानी श्रीमान देवीलाल जी गंगावत श्रीमान मनोहर लाल जी जैन श्रीमान पूंजा लाल जी कलाल श्रीमान ललित जी लोढा श्रीमान गोवर्धन जी कोठारी एवं श्रीमती पुष्पा जी कोठारी का तिलक पगड़ी शॉल मोमेंटो प्रशस्ति पत्र श्रीमती प्रभा जी गौतम एवं राजकुमार जी द्वारा भेंट किया गया इसी श्रंखला में श्रीमती प्रभा जी गौतम द्वारा आशीर्वचन दिए गए एवं श्री राजकुमार जी जैन द्वारा भी विचार रखे गए इसी श्रंखला में अतिथियों को भी प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए श्रीमती प्रभा जी गौतम अतिरिक्त जिला कलेक्टर साहिबा एवं श्री राजकुमार जी जैन साहब मुख्य वन संरक्षक व श्रीमती मधु जी मेहता पूर्व जिला प्रमुखक इन सभी को संस्था के अध्यक्ष राजमल जैन एवं मंत्री अक्षय जैन द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया इसी श्रंखला में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री ललित जी लोढा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया इसी श्रंखला में सभी ने राष्ट्रगान किया वह अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया संस्था के कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी द्वारा इस में भाग लिया गया चतुर्थ प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह में बच्चों के गेम एवं कपल गेम वह ग्रुप गेम्स का आयोजन किया गया और सभी व्यापारियों ने फैमिली सहित इस स्नेह मिलन का भरपूर इंजॉय किया जिसमें पूल पार्टी का भी आयोजन रखा गया था

इसी के अंतर्गत सभी रेडिमेंट एंड होजरी एसोसिएशन के सदस्यों की एक जनरल मीटिंग बुलाई गई जिसमें अध्यक्ष एवं मंत्री जी द्वारा पिछले वर्ष की प्रोसिडिंग पढ़ी गई एवं आगे के कार्यक्रम के बारे में जानकारियां दी जो संस्था से नए मेंबर जुड़े उनका भी उपरना ओड़ा कर सम्मान किया गया मीटिंग में अध्यक्ष जी द्वारा सभी को आगामी योजना के अंतर्गत फॉरेन ट्रिप जाने का भी प्रस्ताव रखा व सभी व्यापारियों को एक स्थान पर एक साथ शॉप्स की प्लानिंग भी बताइए जिसमें सभी व्यापारियों को एक छत के नीचे मार्केट दिलाने का आश्वासन दिया इसके बाद सभी व्यापारियों ने लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया

विकास से ध्यान हटाने को भाजपा फैला रही है धार्मिक उन्माद- राजेश तिवारी

दैनिक शुभ भास्कर/शैलेश कुमार तिवारी कि रिपोर्ट/बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि देश आज विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। आवाम को सच्चाई से दूर किया जा रहा है। वर्तमान सरकार विकास के मुद्दे से जनता का ध्यान हटाने के लिए गाय, गोबर, मन्दिर-मस्जिद जैसे धार्मिक उन्माद खड़े कर रही है। जब से भाजपा एवं आरएसएस की सरकार सत्ता में आई है,तब से लगातार धार्मिक उन्माद फैलाकर देश की सामाजिक और संस्कृति परिदृश्य बदल कर भारत की संविधान को बदलने की साजिश रची जा रही है। भाजपा दलितों व गरीबों को शिक्षा, रोजगार व आवास उत्पीड़न जैसे मुद्दों से धार्मिक उन्माद फैलाकर भटका रही है। तिवारी ने कहा जैसे-जैसे लोकसभा का चुनाव 2024 नजदीक आ रहा है भाजपा

अपने धार्मिक एजेंडे पर काम करना शुरू कर दिया है उसका मकसद समाज में नफरत फैलाना गंगा जमुनी तहजीब को नष्ट करना तथा अपने चुनावी फायदा के लिए जाति और मजहब का लड़ाई खाई डालना होगा लेकिन इस बार देश की जनता ने यह तय कर लिया है 2024 भाजपा मुक्त देश होगा तथा समतामूलक समाज का स्थापना करने वाला एवं सब को लेकर चलने वाला एक ऐसी सरकार 2024 में बनेगी जो देश को विकास के रास्ते पर ले जाएगी तथा आपसी भाईचारा कायम होगा महंगाई आज चरम सीमा पर है जनता महंगाई की मार से कराह रही है लेकिन केंद्र सरकार व्यापारियों तथा पूजीपत्ती मित्रों को मदद करने में लगी हुई है आज डॉलर के मुकाबले रुपया का गिरना तथा विदेशी कर्ज का बढ़ना यह देश के लिए चिंता का बात है किसान मजदूर तथा गरीब तबका अपने आप को असहाय एवं थका हुआ महसूस कर रहा है केंद्र सरकार इन लोगों के लिए सिर्फ और सिर्फ सपने दिखाने तथा जुमला बाजी करने के सिवाय कुछ नहीं किया है लेकिन आने वाला समय इन लोगों को सबक सिखाएगी

जनपद में तेजी से बढ़ रही आई फ्लू के मरीजों की संख्या, प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंच रहे मरीज

वाराणसी। बीते कुछ दिनों से जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आई फ्लू के मरीजों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य केंद्रों पर हर दिन आंखों में लालीपन, चुभन और खुजली की समस्या लिए लोग पहुंच रहे हैं।

हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो तीन दिनों से हर दिन 35 से 40 मरीज आई फ्लू के पहुंच रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अलग-अलग बीमारियों के इलाज और जांच के लिए पहुंचे 40 से ज्यादा लोगों के आंखों में संक्रमण मिली। डॉक्टरों

ने बचाव के उपाय भी बताएं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि ओपीडी में हर दिन 20 से 25 प्रतिशत आई फ्लू के पहुंच रहे हैं। जिन बच्चों में आंखों में संक्रमण की समस्या मिल रही है उन्हें स्कूल जाने से भी मना किया जा रहा है। बता दें कि हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले एक महीने से नेत्र रोग विशेशज्ञ नहीं है। चिकित्सा प्रभारी द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर नरेंद्र कुशवाहा बीते 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त हो जाने के बाद हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभी तक किसी भी डॉक्टर की तैनाती नहीं की गई है। इसकी सूचना आला अधिकारियों को दे दी गयी है जल्द ही नेत्र चिकित्सक की तैनाती हो जायेगी।

केबल बाक्स के खुले तार के करेंट की चपेट में आने से बछड़े की हुई मौत

वाराणसी। बुधवार को नगर के लंका थानान्तर्गत सामनेघाट क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर एक हृदय विदारक घटना घटित हुई। जिसमें केबल बाक्स के खुले तार से उतरे करेंट की चपेट में आने से बछड़े की मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा उक्त घटना के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। लोगों ने केबल बाक्स को दुरूस्त कराने की मांग की है, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके। लोगों ने बताया कि बछड़ा मार्ग पर टहल रहा था। उसी दौरान करेंट की चपेट में आ गया। इसके चलते तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते कभी मनुष्यों की जो कभी जानवरों की जान पर बन आई है। स्थानीय निवासी अमन यादव का कहना है कि ठंड के मौसम में इसी बिजली के बाक्स में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे थे और बिजली के तारों पर सही ढंग से टेपिंग नहीं करने के कारण तार खुला हुआ था। खुले तार की चपेट में आने से बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई।

वंशवाद की राजनीति चल रहा है अक्सर देखा जाता है की जिस परिवार मे एकबार संसद बिधायक वगैरह बनते हैं उसी परिवार के लोग ही हमेशा संसद बिधायक बनते आरहे हैं,मनजर आलम समाजिक खिदमतगार

मधुबनी संवाददाता/बिस्फी विधानसभा क्षेत्र, मधुबनी के जन सुराज सेवक मंजूर आलम ने कहा कि आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी कहते हैं के बिहार के युवा राजनीति में आना चाहते हैं लेकिन उसे अवसर नहीं मिलता है सभी दलों में वंशवाद की राजनीति चल रहा है अक्सर देखा जाता है कि जिस परिवार में एक बार लोकसभा सांसद , विधायक या विधानपरिषद सदस्य बनते हैं उसी परिवार के लोगों ही हमेशा सांसद, विधायक बनते आ रहे हैं या चुनाव के समय बड़े बड़े कुबेर धन वाले राजनीतिक पार्टी से पैसे के बल पर टिकट खरीद लेते जाहे वह राजनीति में हो या न हो बाकि जो वर्कर वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहा है वह हमेशा वर्कर का वर्कर ही रह जाता है। ये है वंशवाद। लेकिन आप अगर जन सुराज के लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करते हैं चाहे आप कितना भी गरीब क्यों न हो जन सुराज आपके मेहनत और ईमानदारी को दरकिनार नहीं करेगा।युवा देश की रीढ़ की हड्डी होता जिस पर देश,राज्य, एवं समाज टीका रहता है लेकिन वंशवाद की राजनीति ने युवाओं की कमर तोड़ दी जन सुराज ने युवाओं को मौका दिया गया है राजनीति में पदार्पण करने का आप जन सुराज के लिए काम किजिए मेहनत,ईमानदारी और सच्ची लगन से और अगर आप का काम अच्छा रहा तो निश्चित रूप से जन सुराज के माध्यम से चुनाव में आप को खड़ा किया जाएगा और चुनाव में सारे संसाधन जन सुराज के माध्यम मुहैया कराया जाएगा आप ये समझें के आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी की ताकत आपके साथ रहेगा ।एक अच्छा अवसर है राजनीति में पदार्पण का जन सुराज को अपना साथी बनायें।आप सभी से आग्रह है कि जन सुराज के सहयोगी बनें और जन सुराज के अन्तर्गत चल रहे पदयात्रा में अपनी सहभागिता देकर आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के हाथों को मजबूत करें।

जयपुर में आयोजित विख्यात ओनारिका मिसेज़ इंडिया के भव्य ग्रैंड फिनाले का आयोजन

सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान/जयपुर पिंकसिटी में आयोजित विख्यात ओनारिका मिस मिसेज़ मिस्टर इंडिया के भव्य ग्रैंड फिनाले का आयोजन हुआ। जयपुर के निजी होटल में प्रोग्राम हुआ, जिसमे कल्पना सुमन ओनारिका मिसेज़ इंडिया क्वीन बनी। जिनकी ताजपोशी ऑर्गनाइज़र अमृता और चीफ गेस्ट राज ख़ान रहे। इसमें शो स्टॉपर डॉ अर्चना पुरोहित रही ! अमृता ने बताया की जितनी भी फेनलिस्ट हो चुकी है सबको राज खान केटिसी ग्रुप तरफ से सर पर पे ताज पहनाकर ताजपोशी की गई। राज खान महिलाओं और बच्चियों के उत्थान के लिए कार्य करते हैं। राज खान हाल ही में शिक्षा विभाग की तरफ से शिक्षा भूषण अवार्ड दिया गया है। समय-समय पर अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा के लिए दान में देते हैं सब महिलाएं बार्बी गाउन में बहुत खूबसूरत दिख रही थी ऐसा लग रहा था कि जैसे प्रोग्राम में परिया आसमान से उतरी हो और उसका मेकअप कोशिकी, राम मीनू राखी और सोनम द्वारा किया गया जो कि इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट है।

प्रशिक्षण शिविर छात्र-छात्राओं को विभिन्न आपराधिक गतिविधियों के रोकथाम के प्रति किया गया जागरूक

मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर संपन्न

वाराणसी। वर्तमान परिवेश में दिन बदिन तकनीकी क्षेत्र में हो रहे विकास ने जहां एक ओर मानव जीवन के विभिन्न गतिविधियों को आसान बनाया है तो वहीं दूसरी ओर आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों द्वारा तकनीक के गलत इस्तेमाल से आम जनमानस को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है। ऐसे में जनमानस को विभिन्न प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से बचाने के लिए विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा समय-समय पर जागरूकता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को रोटरी क्लब शिवगंगा एवं सेंट केसी मेमोरियल इंग्लिश स्कूल सूरजकुंड, नई सड़क, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में

मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को स्वयं सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस विभाग की टीम द्वारा विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु समाज में बढ़ रहे साइबर क्राइम, फेसबुक, फोटो, गलत मैसेज, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, वीडियो मेकर, फोन पे, गूगल पे, गूगल एप्स, पेटीएम, सोशल मीडिया तथा किसी भी तरह के क्राइम व अपराधिक घटनाओं को रोकने हेतु महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 व पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 व साइबर क्राइम रोकने हेतु 1930 आदि विषयों पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। बच्चों को आपराधिक घटनाओं के घटित होने पर स्वयं सुरक्षा हेतु तरह-तरह के प्रशिक्षण दिए गए।

बच्चों द्वारा क्राइम से जुड़े प्रश्न पूछने पर पुलिस विभाग की टीम द्वारा उचित समाधान बताए गए। प्रशिक्षण शिविर में रोटरी क्लब शिवगंगा वाराणसी के अध्यक्ष श्री रविनंदन तिवारी जी व विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

बिहार में जारी रहेगी जातीय जनगणना, पटना हाईकोर्ट में नीतीश सरकार की बड़ी जीत

पटना हाई कोर्ट जातीय जनगणना को लेकर मंगलवार को सुनवाई के दौरान बड़ा फैसला सुनाया. कोर्ट ने बिहार में सरकार द्वारा जाति सर्वेक्षण कराने को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है.बिहार में जातीय सर्वेक्षण चलता रहेगा. नीतीश सरकार के जातिगत जनगणना कराने के फैसले के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में 6 याचिकाएं दाखिल की गई थीं. इन याचिकाओं में जातिगत जनगणना पर रोक लगाने की मांग की गई थी. जातीय गणना को लेकर पटना हाई कोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से कहा गया था कि सरकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए सभी अपनी जाति बताने को आतुर रहते हैं.सरकार ने नगर निकायों एवं पंचायत चुनावों में पिछड़ी जातियों को कोई आरक्षण नहीं देने का हवाला देते हुए कहा कि ओबीसी को 20 प्रतिशत, एससी को 16 फीसदी और एसटी को एक फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है. अभी भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक 50 फीसदी आरक्षण दिया जा सकता है. राज्य सरकार नगर निकाय और पंचायत चुनाव में 13 प्रतिशत और आरक्षण दे सकती है. सरकार

ने कोर्ट में तर्क दिया था कि इसलिए भी जातीय गणना जरूरी है.25 दिन बाद आया फैसला-हाई कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था. अब 25 दिन बाद इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है. जातीय जनगणना के खिलाफ दायर याचिकाओं पर चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की खंडपीठ ने लगातार पांच दिनों से सुनवाई की. पटना हाई कोर्ट में सुनवाई के अंतिम दिन भी राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने कोर्ट को बताया था कि यह सर्वेक्षण है. इसका मकसद आम नागरिकों के बारे में सामाजिक अध्ययन के लिए आंकड़े जुटाना है. इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण और हितों के लिए किया जाएगा.महाधिवक्ता पीके शाही ने कोर्ट में कहा था कि जाति संबंधी सूचना शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश या नौकरियों के लिए आवेदन या नियुक्ति के समय भी दी जाती है. शाही ने दलील दी कि जातियां समाज का हिस्सा हैं. हर धर्म में अलग-अलग जातियां होती हैं. इस सर्वेक्षण के दौरान किसी भी तरह की कोई जानकारी अनिवार्य रूप से देने के लिए किसी को भी बाध्य नहीं किया जा रहा है. ये स्वैच्छिक सर्वेक्षण वाली जनगणना है जिसका लगभग 80 फीसदी कार्य पूरा हो गया है. उन्होंने कहा कि ऐसा सर्वेक्षण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है. सर्वेक्षण से किसी की निजता का उल्लंघन नहीं हो रहा है. पीके शाही ने कोर्ट में कहा कि बहुत सी सूचनाएं पहले से ही सार्वजनिक होती हैं.

ख़ास ख़बर

रोड के किनारे ठेला या वाहन खड़ा करने वालों की अब खैर नहीं- सदर एसडीओ

मोतिहारी 2 अगस्त अशोक वर्मा/ सड़क अतिक्रमण एवं ट्रैफिक जाम को सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया और विभिन्न संगठनों के साथ बैठक कर निर्णय लिया कि सड़क के किनारे बने हुए उजले लाइन के अंदर अगर कोई भी वाहन खड़ी मिलेगी तो तत्काल मोटी रकम फाइन में वसूली जाएगी और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी ।अनुमंडल पदाधिकारी के इस निर्णय का शहर वासियों ने स्वागत किया लेकिन सरकारी आदेश कितने सफल होते हैं यह प्रश्न के घेरे में है । पूर्व में भी बार-बार अतिक्रमण हटाने के लिए चेतावनी दी गई, हुआ कुछ नहीं ।आदेश टांय टांय फिसस होकर रह गया। कई बार शहर के सडको पर विचरण करते लावारिस पशुओं को हटाने का भी आदेश हुआ लेकिन हुआ कुछ नहीं ।आज पूरे शहर में लावारिस पशु एवं सुअरों का साम्राज्य स्थापित हो चुका है ,ऐसी स्थिति में प्रशासन के नए आदेश का कितना असर होगा यह तो समय ही बताएगा।जनप्रतिनिधि इस विषय से अपने आप को दूर रखना चाहते हैं। उनका यह विचार है कि अगर अतिक्रमण पर हम कोई कार्रवाई करते हैं तो इसका सीधा असर आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा और मेरे वोट खराब हो सकते हैं।तो जो भी सीटींग एमएलए और एमपी है उनके लिए यह बहुत बड़ी बाधा है ।प्रशासन के लोग सक्रिय होकर अगर काम करें तो अतिक्रमण का समाधान संभव है लेकिन निश्चित रूप से जनप्रतिनिधियों का दवाव प्रशासन पर पड़ेगा कि फिलहाल इस को स्थगित रखें।प्रशासनिक आदेश सिर्फ अखबार का समाचार बन कर रह जाता है जिसको पढ़ कर पाठको को अच्छा लगता है लेकिन कहीं से भी कष्ट से मुक्ति नहीं मिलती । जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक मीटिंग तथा निर्णय सिर्फ अखबारी बयानबाजी तक सिमट कर रह जाती हैं।

संत कोलंबा महाविद्यालय के डॉ विमल रेवेन ने राष्ट्रीय सेवा योजना डॉक्टर जयप्रकाश रविदास के सराहनीय कार्यों के लिए दी बधाई राष्ट्रिय



हजारीबाग/ संत कोलंबा महाविद्यालय के डॉ विमल रेवेन ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुनीत वन के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर जयप्रकाश रविदास और स्वयंसेवकों को उनके सराहनीय कार्य के लिए दी बधाई राष्ट्रिय सेवा योजना यूनिट 1 संत कोलंबा महाविद्यालय के स्वयंसेवक आदित्य राज, हृतिक प्रसाद ,पंकज प्रसाद जी ने रक्त की कमी से पीड़ित महिला एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए 3 यूनिट रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया लगातार 3 महीने में 2 बार रक्त दान कर के हम सभी स्व्यामसेवको को प्रेरित करतें हुए कहा कि जब भी किसी व्यक्ति को रक्त की जरूरत होगी में जरूर आगे आके उसकी मदद करना चाहूंगा । महेश कुमार महतो जी का भी बहुत आभार जिन्होंने तीनों युवकों को प्रेरित कर यह रक्त दान का सुभकार्य सफल बनाया जो की खुद अभी तक में 12 बार रक्तदान किया है साथ ही सहोयोगी साथी संजय कुमार राणा भी उपस्थित थे । रा0से0यो0 यूनिट 1 संत कोलंबा महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर परिवार चारो के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद करती है और उनके कार्यों का सराहना करते हुए एनएसएस यूनिट वन को रक्तदान शिविर आयोजित करने तो प्रेरित करती है ताकि भविष्य में रक्तदान कर जीवनदान हेतु परम यस के भागी बने। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश रविदास ने स्वयंसेवकों को महाविद्यालय के 125 वें स्थापना वर्ष में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में 125 स्वयंसेवकों द्वारा रक्तदान किए जाने का आवाहन किया।

चंपारण के महान स्वतंत्रता सेनानी शिवधारी पांडे एवं रामसूरत देवी





मोतिहारी 2 अगस्त चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा/चंपारण जिले में स्वतंत्रता संग्राम वर्ष उपलब्ध इतिहास के आधार पर 1857 को माना जाता है। देश में सिपाही विद्रोह की चिंगारी सुगौली में1857 मे गिरी ।वहां के सिपाहियों ने बगावत कर कई अंग्रेज अफसरों को मार गिराया था। सिपाहियों के उस विद्रोह के बाद अंग्रेजों का दमन प्रकाष्ठा पर हुआऔर लंबे समय तक आंदोलन दब गया ,मुखर नहीं हुआ लेकिन अंदर हीं अंदर सुलगता रहा जो पून- 1900 ईस्वी के आरंभ होते हीं तेज हुआ। पंडित राजकुमार शुक्ला, शेख गुलाब, शीतल राय ,पीर महमद मूनिश आदि के नेतृत्व मे आंदोलन तेज हुआ।

आंदोलनकारियों की तिकड़ी से अंग्रेज खौफ खाते थे। इस बीच गांधीजी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट आए थे और उनकी ख्याति पूरे देश में आरंभ हो गई थी। गांधी जी को चंपारण की धरती पर बुलाने के लिए पंडित राजकुमार शुक्ल लगातार प्रयास करते रहे और अंततः उन्हें सफलता मिली । 15 अप्रैल 1917 में गांधी जी का आगमन मोतिहारी हुआ आंदोलनकारियों को गांधी जी के आने से काफी शक्ति मिली। यद्यपि चंपारण आगमन के साथ ही गांधी पर धारा 144 लगाकर उन्हें चंपारण भ्रमण पर रोक लगा दिया गया था लेकिन गांधीजी की निडरता ,दृढ़ता एवं संकल्प शक्ति के कारण उनकी जीत हुई और अंग्रेजों को मुकदमा वापस करना पड़ा ।

गांधीजी ने पूरे चंपारण का दौरा किया और यहां के किसानों पर हो रहे क्रूर दमन, अनावश्यक लगे करो की जांच कर बर्बरता की सूची बनाकर ब्रिटिश हुकूमत को सौंप दिया। इस बीच चंपारण के काफी नौजवान गांधी जी के साथ आंदोलन में कूद पड़े ।इसी कड़ी में गोविंदगंज के शिवधारी पांडे एवं रामसूरत देवी का नाम आया।आजादी की लड़ाई में दोनो काफी सक्रिय रहे।

शिवधारी पांडे का जन्म1895 मे गोविंद गंज मे हुआ था।

महात्मा गांधी के आगमन के समय वे शिक्षक के पद पर कार्यरत थे लेकिन 1921 में वे आंदोलन मे खुलकर उतर गए और हर मोर्चे पर अंग्रेजों को चुनौती देने लगे। आजादी के दीवाने नवयुवक शिवधारी पांडे अपनी सरकारी नौकरी को भी त्याग दिया। पुलिस लगातार उनको खोजती रही इनके ठहराव स्थल एवं घर पर लगातार छापा मारती रही लेकिन वे भूमिगत होकर आंदोलन चलाते रहे।

सरकारी कार्य में व्यवधान डालना, तिरंगा फहराना नवयुवकों को गोलबंद करना इनके दिनचर्या में था।बरियरिया गांव के आश्रम से 1930 और 1933 में ये गिरफ्तार किये गये ।दोनों बार इन्हें कुल 2 वर्ष की सजा हुई।1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भी शिवधारी पांडे काफी उग्र रहे। अंतरिम सरकार मेंघोड़ासहन, पताही, ढाका, पकडीदयाल के संयुक्त विधायक भी बने।आजादी के बाद हुए परिसीमन मे 1952 से 1957 तक गोविंदगंज के विधायक रहे। इन्हें -तीन पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसमें डॉक्टर हरिशंकर पांडे, प्रोफेसर डॉ रमाशंकर पांडे एवं विजय शंकर पांडे है। रमाशंकर पांडे भी 1972 में गोविंदगंज के विधायक बने। एकमात्र पुत्री श्रीमती प्रभा दुबे बांकीपुर पटना गर्ल्स स्कूल की प्राचार्य बनकर नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दिया।1967 मे इनकी मृत्यु हुई।

शिवधारी पांडे की शादी रामसूरत देवी से 1925 में हुई।रामसूरत देवी के पिता स्वयं स्वतंत्रता संग्राम में थे और पिता के साथ उनकी भी गिरफ्तारी हुई । 1930 से 33 तक कारावास मे पिता के साथ सजा भूगती।विदेशी वस्त्र जलाने एवं सरकारी कार्य मे बाधा डालने का इनपर आरोप लगाया गया था। स्वतंत्रता संग्राम में महिला आंदोलनकारी के रूप में रामसूरत देवी का नाम बच्चे -बच्चे के जुबान पर था ।

उन्होंने न सिर्फ आंदोलन में शक्ति देने के लिए महिलाओं को गोलबंद किया था बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा पिता एवं पति का मनोबल भी बराबर ऊंचा रखने का प्रयास किया ।महिला होकर भी उन्होंने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे उनके नेतृत्व में कई आंदोलन चलाए गए ।मोतिहारी के बजरिया पंडाल मे हुये प्रदर्शन का उन्होंने नेतृत्व किया था।

रामसूरत देवी का जन्म 1914 में हुई थी एवं मृत्यु1993 मे हुई। चंपारण के युगल सेनानी भले आज हमारे बीच नही हैं,लेकिन उनके त्याग बलिदान और तपस्या की ऋणी चंपारण की जनता हमेशा रहेगी।

बिहार जाति आधारित गणना के तहत शेष कार्यों को अविलंब कराएं पूर्ण- प्रभारी सचिव

किशनगंज,02 अगस्त। (अली रजा)/किशनगंज जिला प्रभारी सचिव,दिवेश सेहरा ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेश के आलोक में मुख्य सचिव, बिहार द्वारा जारी दिशा-निर्देश के तहत बिहार जाति आधारित गणना के शेष कार्यों को अविलंब शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाना है।

उन्होंने कहा कि 02 अगस्त से शेष कार्य को युद्धस्तर पर प्रारंभ करते हुए ससमय समाप्त करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मियों को तत्परतापूर्वक अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करना होगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है।

इस कार्य की महत्ता को समझें और तत्परतापूर्वक ससमय अपने-अपने कार्यों को संपादित करें। प्रभारी सचिव ने जिलाधिकारी के साथ बिहार जाति आधारित गणना के द्वितीय चरण अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित डीएम के कार्यालय वेशम मे करते हुए निर्देशित कर रहे थे।प्रभारी सचिव ने कहा कि शेष बचे गणना कार्यों का उनके द्वारा निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जाना है।

कार्य प्रगति की प्रतिदिन उच्चस्तर पर समीक्षा की जानी है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल बिहार जाति आधारित गणना कार्य में किसी स्तर पर भी लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी, संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने निर्देश दिया कि वरीय प्रभारी पदाधिकारी तथा चार्ज पदाधिकारी नियमित रूप से गणना कार्य का सतत अनुश्रवण करेंगे। इसके साथ ही फिल्ड में विजिट कर कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं जिले के विभिन्न स्थलों पर किये जा रहे गणना कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे।संध्या में मुख्य सचिव बिहार के द्वारा सभी डीएम के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा कर निर्देश दिए गए है।डीएम ने सभी चार्ज अफसर को निर्देश दिया कि जिलास्तर पर गठित

(वरीय प्रभारी पदाधिकारी एवं चार्ज पदाधिकारी नियमित रूप से करेंगे अनुश्रवण, फिल्ड विजिट कर गणना कार्य का करेंगे निरीक्षण- डीएम किशनगंज)

कॉल सेन्टर (जिलास्तरीय कंट्रोल रूम) को फंक्शनल कराया जाय। गणना कार्य में कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत जिलास्तरीय कंट्रोल को सूचित करें।

कंट्रोल रूम में दक्ष मास्टर ट्रेनरों को प्रतिनियुक्त किया गया है, जो समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण करेंगे।जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी चार्ज पदाधिकारी पर्यवेक्षक, प्रगणक के माध्यम से ऑफलाईन सर्वे रिपोर्ट को अद्यतन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही एप के माध्यम से ऑनलाईन प्रवृष्टि भी शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने निर्देश दिया कि बिहार जाति आधारित गणना के तहत पूर्व में कार्य कर रहे पर्यवेक्षक एवं प्रगणक शेष बचे गणना कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। पर्यवेक्षक एवं प्रगणक की टैगिंग में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं होगा,जो सेवानिवृत या सेवामुक्त हुए है उनके स्थान पर अविलंब प्रतिस्थानी का प्रस्ताव दें।। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन संध्या में गणना कार्य प्रगति की जिलास्तर पर समीक्षा की जायेगी। सभी चार्ज पदाधिकारी अद्यतन प्रतिवेदन कार्यकारी विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृति के कोई भी पदाधिकारी एवं कर्मी अवकाश पर नहीं जायेंगे। इसका सख्ती के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। बिना स्वीकृति के मुख्यालय छोड़ने अथवा अवकाश पर जाने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, एसडीएम, सभी वरीय उप समाहर्त्ता व अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मानसून सत्र में विधायक मनीष जायसवाल ने उठाया शारीरिक शिक्षक बहाली और खिलाडियों के स्कॉलरशिप नहीं मिलने का मामला

हजारीबाग/झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल लगातार जनहित और राज्यहित को लेकर मुखरता से सवाल कर रहे हैं। बुधवार को विधायक मनीष जायसवाल ने शारीरिक शिक्षकों के बहाली और राज्य के खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप नहीं मिलने के ज्वलंत और अति महत्वपूर्ण मामले को अल्पसूचित प्रश्नकाल के दौरान उठाया। विधायक मनीष जायसवाल ने शारीरिक शिक्षकों से संबंधित सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के संकल्प संख्या- 1832 का गठन की गई है, जिसके अंतर्गत 189 मध्य विद्यालय में को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कर शिक्षकों के पद का सृजन की गई है परंतु उक्त संकल्प में शारीरिक शिक्षकों का पद सृजित नहीं की गई है। जिसके कारण राज्य के उक्त विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे अब तक शारीरिक शिक्षा से वंचित हैं। सदन के माध्यम से राज्य के स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार से उक्त विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों की बहाली करने की मांग रखी।विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दूसरे प्रश्न में खिलाड़ियों से संबंधित सवाल को रखते हुए कहा कि सरकार द्वारा राज्य के खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड के रूप में जूनियर स्तर के खिलाड़ियों को 35 हज़ार एवं सीनियर खिलाड़ियों को 70 हजार रुपए की राशि दी जाती है परंतु सरकार की लापरवाही के कारण हजारीबाग सहित राज्य के लगभग 300 खिलाड़ियों को अब तक उक्त राशि नहीं दी गई है। जिसके कारण राज्य के खिलाड़ियों का मनोबल कमजोर हो रहा है। विधायक मनीष जायसवाल ने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि खिलाड़ियों को उच्च राशि का भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए ।

राज्य निर्वाचन आयोग को की शिकायत

अतिपिछड़ा जनजाति समुदाय झाड़ोल कोटडा के लोगो ने राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता को बाल अधिकारिता विभाग,उदयपुर की सहायक निदेशक मीना शर्मा के रवैये को लेकर एवम छ वर्षों से एक ही पद पर जमे रहने को लेकर अन्यत्र स्थानांतरण एवम कार्यवाही हेतु ज्ञापन दिया है।समुदाय ने राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग एवम सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता विभाग के प्रमुख शासन सचिव को भी पत्र लिखकर विरोध जाहीर किया है।

संज्ञान महज़ 24 घंटे के भीतर अपर मुख्य सचिव को मामले की जांच का दिया निर्देश

हजारीबाग विधायक के द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की कुव्यवस्था पर स्वास्थ्य मंत्री को किए गए शिकायत पर मंत्री ने लिया संज्ञान

हजारीबाग/जब प्रमंडलीय सदर अस्पताल, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अपग्रेड हुआ तो लोगों के बीच एक आस जगी कि अब शायद स्वास्थ्य व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन होगा और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। लेकिन सरकार और प्रशासन की अनदेखी और हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई और इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। हाल ही में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन सेवा केंद्र ट्रामा सेंटर में रात्रि के समय अंधेरा कायम रहने की वजह से मोबाइल टॉर्च की रोशनी से मरीजों का इलाज करते हुए चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी देखे गए। इस मामले को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बेहद गंभीरता से उठाया और इस पूरे मामले से विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन के माध्यम से संबंधित मामले के दोषियों पर कार्रवाई करने और यहां डीजल की खपत के नाम पर मची लूट पर जांच की मांग की। विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने संज्ञान लिया और महज 24 घंटे के भीतर अपर सचिव को मामले की जांच कर 15 दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्र में यह भी कहा है कि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल का मंतव्य भी इस जांच प्रतिवेदन में शामिल किया जाय। ज्ञात हो की मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में कई जनरेटर के साथ सोलर पैनल की भी व्यवस्था है बावजूद इसके अंधेरे में मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज किया जाता है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की प्रतिमाह हजारों लीटर इंधन के खपत के नाम पर लाखों रुपया का यहां बंदरबाट होता है और अंधेरे में मरीजों का इलाज कर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ किया जाता है। इससे पहले भी कई बार इस प्रकार के मामले पर शिकायत के बावजूद यहां कोई सुधार नहीं होना अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और जनविरोधी क्रियाकलाप को बखूबी दर्शाता है। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि किसी भी हाल में यहां इलाज को आने वाले जरूरतमंद मरीजों के जिंदगी से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

डॉ कलाम साहब की पुण्यतिथि पर ख्वाब फाउंडेशन ने किया अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन, अंतराष्ट्रीय युवा सम्मेलन का उद्घाटन माननीय पर्यावरण मंत्री दिल्ली सरकार श्री गोपाल राय

दिल्ली/मोतिहारी 2 अगस्त ब्यूरो अशोक वर्मा- भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब के पुण्यतिथि पर मोतिहारी की संस्था ख्वाब फाउंडेशन द्वारा डॉ कलाम साहब के पुण्यतिथि पर 3 दिवसीय अंतराष्ट्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया।प्रथम दिन कार्यक्रम के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने आगत अतिथियों ,राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों और पुरस्कार पाने वाले कर्मयोगियों को स्वागत करते हुए कहा कि कलाम साहब आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके बताए रास्ते और प्रेरणा मौजूद है जो हमेशा सफल होने हेतु प्रेरित कर रही है।

सम्मेलन का उद्घाटन माननीय पर्यावरण मंत्री श्री गोपाल राय ने किया। अपने संबोधन में युवाओं को सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़ने और सकारात्मक परिवर्तन का हिस्सा बनने हेतु आह्वान किया। किसी भी कार्य में लगे हो लेकिन स्थानीय स्तर पर उस कार्य अपने जगह जरूर करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी योगदान दें।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजीव गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी इटानगर अरुणाचल प्रदेश के उप कुलपति श्री साकेत कुशवाहा ने अपने संबोधन में युवाओं को सशक्त होकर राष्ट्र-निर्माण में योगदान कर डॉ कलाम सह के विकसित भारत के सपना को पूरा करने हेतु आह्वान किया। किनोट स्पीकर के रूप डॉ अर्चना भट्टाचार्जी ने अपने संबोधन में युवाओं को खुद एक रोल मॉडल के रूप में परिवर्तित कर सफल होने हेतु प्रेरित की। गांधीवादी शुभरो रॉय, आप पार्टी के बिहार के पूर्व अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ,बॉलीवुड अभिनेता हीरो राजन कुमार ,सीए अभिनव गोयल, डॉ जीके दीक्षित आदि उपस्थित रहे। उपस्थित प्रतिभागियों ने डॉ कलाम साहब के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में पूरे 28 राज्य और बिहार के 38 जिला से आए विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मयोगियों को कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। वही दूसरे दिन दिल्ली यूथ डायलॉग के द्वारा यूथ पॉलिसी का निर्माण किया गया जिसका संचालन डॉ अर्चना भट्टाचार्जी ने किया। सभी प्रतिभागी पर्यटन हेतु विश्व धरोहर में शामिल कुतुबमिनार, नेशनल पुलिस म्यूजियम, गुरुद्वारा श्री बंगला साहब और इंडिया गेट का भ्रमण किया। वही तीसरे दिन समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बादलीपुर विधायक सह बिहार चुनाव प्रभारी श्री अजेश यादव उपस्थित रहे।

ख़ास ख़बर

मोहम्मद रफी साहब की मनाई पुण्यतिथि

पीडीडीयू नगर/ पंडित ओमकारनाथ ठाकुर संगीत शिक्षण संस्थान के प्रांगण में स्वर सम्राट मोहम्मद रफी साहब की 43 वी पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें उनकी तैलचित्र पर माल्यार्पण परिमल चंदन राय व ओम प्रकाश शर्मा ने किया।तत्पश्चात धर्म प्रकाश शर्मा ने संस्था के नियम के अनुसार हनुमान जी का भजन हे दुख भंजन गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके प्रथम चरण में धर्म प्रकाश शर्मा ने वक्त फिल्म से वक्त से दिन और रात आज कल में ढल गया जैसे गीतों से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया फिर ओम प्रकाश शर्मा ने गाइड फिल्म से तेरे मेरे सपने पगला कहीं का फिल्म से तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे परिमल चंद्र राय ने जब जब बहार आई और कल चमन था जैसे सुपरहिट गीतों से माहौल को चार चांद लगा दिया इसके बाद सुधीर भास्कर पांडेय ने परदेसियों से ना अखियां मिलाना एवं तेरी आंखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है गीतों से लोगों को लुभाया और अंत में परिमल चंद्र राय की शिष्य ने वादियां मेरा दामन अकेले हैं चले आओ गीतों को गाकर रफी साहब को श्रद्धांजलि दी।नाल पर चारू एवं हारमोनियम पर परिमल चंद्र राय रहे।धन्यवाद ज्ञापन धर्म प्रकाश शर्मा ने किया।

आदर्श नगर पंचायत सैयदराजा वार्ड नंबर 12 श्रावण के पूर्णिमा के शुभ अवसर हवन पूजन किया गया

अमित वर्मा/शुभ भास्कर सैयदराजा चंदौली नगर पंचायत सैयदराजा वार्ड नंबर 12 लोहिया नगर में अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद द्वारा किसानों हित में कृषि उपज के लिए भगवान इंद्र देव से वर्षा के लिए आदर्श नगर पंचायत सैयदराजा चंदौली के गौशाला के प्रांगण में श्रावण के पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हवन पूजन किया गया अखिल भारतीय शिक्षा परिषद द्वारा किसानों के हित में कृषि उपज के लिए भगवान इंद्रदेव से वर्षा के लिए आदर्श नगर पंचायत सैयद्रजा चंदौली के प्रांगण में रावण के पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हवन पूजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के अधिशासी अभियंता अधिकारी दिनेश कुमार गौरक्षा के जिला अध्यक्ष परमानंद तिवारी वाराणसी महानगर संयोजक संदीप रावत मंत्री पारसनाथ भारती अग्रहरि समाज के जिला अध्यक्ष गोरखनाथ अग्रहरि प्रमोद हरिशंकर तिवारी नीरज पांडे बृजेश पांडे शैलेश तिवारी राजू केसरी प्रवीण तिवारी प्रदीप उपाध्याय सत्यजीत पाठक नीलू तिवारी साहब धर्मेंद्र दुबे ग्रामीण किसान ईश्वर से धार्मिक आयोजन में मौजूद रहे

राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय के सभागार में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया

शुभ भास्कर तारा जीवनपुर चंदौली राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय के सभागार में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संगठन की मजबूती पर भगवान अता से विचार-विमर्श हुआ राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय अलीनगर के सभागार में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पूरे देश में 26 अलग-अलग पार्टियां एकजुट होकर इंडिया बनाने का काम किया है आगामी लोकसभा चुनाव में इसके माध्यम से जनता इन निकम्मी भ्रष्टाचारी दुराचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी इसके लिए सपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती बनाने का काम करें मणिपुर की घटना देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भारत का सिर नीचा करने का काम किया है ऐसे महिला दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है आज देश में रोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार अत्याचार दूध चरम पर पहुंच चुका है आम आदमी पार्टी इन सभी से फर्स्ट आ चुका है आम जनता ऐसी निकम्मी सरकार को हटाने का मन बना लिया है इस मौके पर इंद्रजीत शर्मा समीर मिलती बैजनाथ यादव केदार यादव रामसीस गायक सुदामा यादव नफीस अहमद चौहान यादव संतोष यादव सुरेश यादव संगठन गिरी क्या मुद्दीन अंसारी हरबंस सिंह राजाराम सोनकर सुरेश मास्टर रामविलास संजय प्रसाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे

चोरी का मोबाइल बरामद दो अभियुक्त गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर चंदौली चोरी का मोबाइल बरामद दो अभियुक्त गिरफ्तार रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में जीआरपी व आरपीएफ डीडीयू द्वारा एक अभियुक्त सर्कस दोम को प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से पुलिस ने चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया पकड़ा गया अभियुक्त ट्रेनों व स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी करता था वह दूसरी तरफ ज्ञात पीडीडीयू टीम द्वारा एक अभियुक्त राहुल को प्लेटफार्म संख्या एक के पास से गिरफ्तार किया गया पकड़ा गया बंटी बताया जाता है जिन पर पुलिस संबंधित धाराएं लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई

आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश का क्रम में सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए जिलाधिकारी

अलीम हाशमी/चंदौली आजादी के 75 वर्ष पूर्व होने के उपलब्ध में 75 सप्ताह तक चलने वाले आजादी के अमृत महोत्सव योजना के समापन कार्यक्रम में दृष्टिगत प्रदेश में मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम का आयोजन जाना है जनपद में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी निखिल टी फूडे द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिकारियों की लिखित रूप से ड्यूटी लगाने के लिए निवेश किया जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश करते हुए कहा कि पूरे कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की प्रमुख भूमिका है इसलिए सभी सचिव लेखपाल ग्राम विकास अधिकारी एवं आशा आदि की मीटिंग अवश्य कलाली जाए को इस कार्यक्रम के बारे में अच्छे से बीफ कर दिया जाए जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों को भी इस कार्यक्रम में जोड़ने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को निर्देश करते हुए कहा कि अमृत वाटिका एवं सिला फलक कम के लिए स्थल का चयन यथाशीघ्र कर लिया जाए इसमें किसी भी अवसर पर शिथिलता न बरती जाए उन्होंने इस संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट लेने का निर्देश डीसी मनरेगा को दिया मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत छतरपुर होने वाले कार्यक्रम अमृत सरोवर के स्तर पर किए जाएंगे इसलिए अमृतसर व चिन्हित कर लिए जाए जहां पर अमृतसर वोट नहीं है वहां पर अन्य प्रमुख स्थल का चयन कर लिया जाए मुख्य विकास अधिकारी ने कल 12ः00 बजे सभी ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव रोजगार सेवकों की बैठक बुलाने का निर्देश दिया जिला पंचायत राज अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा इसमें ग्राम स्तरीय कार्यक्रम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम ब्लॉक का स्तरीय कार्यक्रम होंगे इनमें चयनित दो श्रेष्ठ प्रतिभागियों द्वारा क्रमांक प्रदेश एवं देश की राजधानी में समापन समारोह कार्यक्रम में प्रतिभा किया जाएगा प्रदेश स्त्री कार्यक्रम 23 से 24 अगस्त के मध्य राजधानी लखनऊ में एवं मुख्य कार्यक्रम 27 अगस्त नई दिल्ली में किया जाएगा जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 9 अगस्त 2023 को अमृत सरोवर या अन्य नेता स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा इसमें ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सदस्य ग्राम विकास अधिकारी तथा अन्य स्थानीय उपस्थित रहेंगे बैठक में भाग लेने वाले सभी लोगों के द्वारा गांव के खेत बगीचे एवं अन्य स्थानों से मिट्टी को लाकर कलशो मे संग्रहित किया जाएगा ग्राम पंचायतों से मिट्टी कलर्स अमृत यात्रा का शुभारंभ करते हुए ब्लॉक अस्तर पर 16 से 20 अगस्त 2023 तक पहुंचाए जाएंगे एकत्रित कलश में चयनित एक कलर्स राजधानी लखनऊ तथा देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचाए जाएंगे इस कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक स्मारक शइलफलकम का निर्माण कराया जाएगा इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में एक का स्थान चिन्हित कर वहां 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका विकसित की जाएगी मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम सभी क्षेत्रों में भी आयोजित की जाएंगे

विनीत जायसवाल का तबादला निरस्त, चंदौली के नए एसपी बने अनिल कुमार

पीडीडीयू नगर(चंदौली)/ यूपी सरकार ने सावन के चौथे सोमवार से एक दिन पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है।शासन ने बरेली एसएसपी रहे प्रभाकर चौधरी को हटाकर उन्हें 32वीं वाहिनी लखनऊ का सेना नायक बनाया है।सीतापुर में एसपी रहे घुले सुशील चंद्रभान को बरेली का नया एसएसपी बनाया गया है। इसके अलावा कई जिलों में एसपी बदले गई हैं। शासन ने रविवार की देर रात करीब 14 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है।इसमें एसपी क्राइम पुलिस महानिदेशक लखनऊ राठौर किरीट कुमार को 35 वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ,एसपी मिर्जापुर रहे संतोष कुमार मिश्र को एसपी क्राइम पुलिस महानिदेशक लखनऊ,एसपी कन्नौज रहे कुंवर अनुपम सिंह को एसपी अमरोहा,पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रहे विनीत जायसवाल को एसपी चंदौली, एसपी बांदा रहे अभिनंदन को एसपी मिर्जापुर,एसपी आगरा रेलवे रहे मुश्ताक को एसपी ललितपुर,एसपी सिद्धार्थनगर रहे अमित कुमार आनंद को एसपी कन्नौज,एसपी चंदौली रहे अंकुर अग्रवाल को एसपी बांदा,एसपी संभल रहे चक्रेश मिश्र को एसपी सीतापुर, एसपी अमरोहा रहे आदित्य लंगेह को एसपी रेलवे आगरा, एसपी ललितपुर रहे अभिषेक कुमार अग्रवाल को एसपी सिद्धार्थनगर,एसपी अलीगढ़ रहे कुलदीप सिंह गुनावत को एसपी संभल बनाया गया। वही विनीत जायसवाल का तबादला निरस्त कर अनिल कुमार को एसपी चंदौली नियुक्त किया गया।

निर्भया सेना के चंदौली इकाई का गठन। निर्भया सेना ने शायिका परवीन को जिलाध्यक्ष तथा रीना यादव को जिला सचिव बनाया

निर्भया सेना की जिलाध्यक्ष शायिका परवीन- कहा, आधी आबादी के अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे।

डीडीयू नगर- नारी शक्ति एवं आधी आबादी को समर्पित गैर सरकारी संस्था निर्भया सेना की बैठक दिनेश चन्द्र, चेयरमैन, बौद्धिक चयन समिति प्रकोष्ठ, निर्भया सेना की अध्यक्षता में अलीनगर स्थित कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमे चंदौली जनपद के लिए चयनित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए पद की शपथ दिलायी गयी। निर्भया सेना ने जनपद और तहसील स्तर पर संस्था को पुनर्गठित करते हुए शायिका परवीन को जिलाध्यक्ष और रीना यादव को जिला सचिव बनाया। वही रेलवे में कार्यरत अमृता कुमारी को प्रोन्नत करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। बैठक में पूनम विकास सिंह को दीनदयाल नगर मुगलसराय , आभा चौरसिया को चंदौली नगर पंचायत का नगर अध्यक्ष के साथ ही रजनी कुमारी को तहसील सकलडीहा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। निर्भया सेना, चंदौली के मीडिया प्रभारी संजय कुमार शर्मा को एक और नई जिम्मेदारी सौंपते हुए वाराणसी मंडल का मंडल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। निर्भया सेना ने जनपद में अपने प्रकोष्ठों का विस्तार करते हुए डॉक्टर (प्रो.) शौकत सिद्दीकी को शैक्षिक प्रकोष्ठ, कुमार नंद जी को खेल प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने निर्भया सेना के क्रिया-कलापों पर प्रकाश डाला तथा आधी आबादी की रक्षा-सुरक्षा में लगे केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों, पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया ।

निर्भया सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सतीश मिश्र ÷बाबा÷ के नेतृत्व में आधी आबादी के अधिकारों को संवैधानिक दायरे में रह कर दिलाने के लिए संघर्ष करने की बात हुई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बैठक का संचालन मंडल मीडिया प्रभारी संजय कुमार शर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रीना यादव ने किया। इस अवसर पर शीला कुमारी, शांति देवी, गीता कुमारी, कंचन देवी,रिंकी कुमारी,विकास सिंह, कौशल कुमार, लाल बहादुर जी, अमित सिंह,रूबी सिंह और ममता सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

महमदपुर में जलनिगम का पानी न मिलने से ग्रामीण नाराज

चहनियॉ।चंदौली/क्षेत्र के महमदपुर कुरा गांव में वर्षो पूर्व लगा जलनिगम पानी टंकी व समरसेबल से घरों में पानी न भेजकर वहाँ नियुक्त आपरेटर अपने खेत की सिंचाई करता है।ग्रामीण उपभोक्ता जब इसका विरोध करते है तो नियुक्त आपरेटर गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो जाता है इस कृत्य से ग्रामीण उपभोक्ता नाराज है ।जलनिगम के जेई मूकदर्शक की बने है । महमदपुर ग्राम सभा में सन 2007 -08 में पूर्व प्रधान सदानंद यादव के पहल पर जलनिगम पानी टंकी का निर्माण हुआ था जिससे महमदपुर,कुरा तथा खेतरपाला गांव के उपभोक्ताओं को पीने के पानी मुहैया कराया जाता है लेकिन जब से विभाग द्वारा जलनिगम की जिम्मेदारी क्षेत्रीय आपरेटर अतुल यादव के देखरेख में पानी की सप्लाई ग्रामीणों को दी जा रही है तब से पानी मनमर्जी तरीके से भेजा जाता है।उपभोक्ताओं का कहना है कि सप्ताह में दो दिन पीने हेतु पानी नही आता है।चार दिन 10 से 15 मिनट सप्लाई देकर पानी बंद कर दिया जाता है।उसके बाद आपरेटर अपने निजी खेत की सिंचाई जलनिगम के समरसेबल से करता है जिसका विरोध महमदपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील विश्वकर्मा, राकेश सिंह,बृजेश सिंह,रमाशंकर सिंह,पखंडू यादव,संतोष पाल धर्मेंद्र यादव समेत सैकड़ो उपभोक्ताओं ने किया । आपरेटर के इस कृत्य का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने सक्षम अधिकारियों से समय रहते स्थलीय निरीक्षण करके विभागीय जे0ई0 व आपरेटर के खिलाफ कठोर कार्यवाही हो ताकि स्थानीय लोगो के घरों तक सरकार के महत्वपूर्ण योजना का लाभ पहुँच सकें । ग्रामीणों ने कहा एक सप्ताह के अंदर जांच करके दोषियों के ऊपर कारवाही न होने पर ब्लाक मुख्यालय पर ग्रामीण उपभोक्ता धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगें ।

गंगा के तटवर्ती ग्रामीणों को कटान का सताने लगा डर, प्रतिवर्ष अगस्त महीने में गंगा कटान से सैकड़ों बीघा जमीन चढ़ जाती है गंगा को भेंट



राकेश यादव रौशन/ चहनियां। हर साल अगस्त महीने के आने के साथ ही क्षेत्र के गंगा के करार पर बसे दर्जनों गांवों के ग्रामीणों की धड़कने बढ़ने लगती हैं। गंगा नदी के उफनाने से पानी लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे ग्रामीणों का जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। इसके साथ ही गंगा के अतिशय जल से तटवर्ती गांवों के करार कट कटकर हर साल कम होते जा रहे हैं, जिससे किसानों की खेती योग्य जमीन हर साल कम होती जा रही है। इस कटी हुई जमीन का कोई मुआवजा राजस्व विभाग की तरफ से किसानों को नहीं दिया जाता।मालूम हो कि क्षेत्र के महमदपुर, सरौली, तिरगावा, भूसौला, सरैया, बड़गावा, मुकुंदपुर, टांडा, चकरा आदि गांवों में गंगा का पानी हर साल कहर बरपाता है। आलम यह हो जाता है कि लोग अपने जरूरी सामानों को लेकर पशुओं सहित अन्यत्र डेरा डाल देते हैं। जब तक पानी नहीं घटता ये यहां वहां शरणार्थी बने रहते हैं। इसके साथ ही गंगा के करार पर बसे इन गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन हर साल गंगा में समाहित हो जाती है, किंतु कोई इसका पुरसाहाल लेने वाला नहीं है। क्षेत्र के कुछ जागरूक लोगों द्वारा गंगा कटान को रोकने और गंगा के करार पर पत्थर लगाने की मांग को लेकर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल रामनाईक से मिले और पत्रक दिए। किंतु उसका भी कोई सकारात्मक असर नहीं दिखा। अगस्त महीने के आगमन और गंगा के जल द्वारा करार छूने पर ग्रामीण भयाक्रांत हैं।

महामाया पॉलिटेक्निक का अजय सिंह ने संभाला कार्यभार

धानापुर। संस्था महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी धानापुर में नवीन प्रधानाचार्य श्री अजय कुमार सिंह ने पदभार संभाल लिया है। समस्त अध्यापकों ने श्री सिंह का जोरदार स्वागत किया एवं भविष्य में संस्था के संचालन की एक वृहद सकारात्मक रणनीति पर सघन विचार विमर्श किया। प्रधानाचार्य महोदय ने समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ से सहयोग की अपेक्षा की है इस अवसर पे संस्था के वरिष्ठ अध्यापक श्री विके विश्वकर्मा,श्री पाल जी श्रीमती प्रीति यादव,श्री मनीष राय,श्री इंदुशेखर यादव एवं श्री रंजीत प्रजापति,कृष्ण कुमार जी इत्यादि उपस्थित रहे!!

शाकिर अंसारी पीडीडीयू नगर अध्यक्ष बने और संता सिंह नगर उपाध्यक्ष बने

मुगलसराय। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वधान में तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 1 अगस्त 2023 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मुगलसराय स्थित एक निश्चित जगह में बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे, मीटिंग में सभी पदाधिकारियों की सहमति लेकर नगर अध्यक्ष के लिए शाकिर अंसारी को चुना गया। और नगर उपाध्यक्ष संता सिंह को,वही राजीव कुमार जयसवाल को तहसील उपाध्यक्ष का पद भार दिया गया। शाकिर अंसारी पीडीडीयू नगर अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि पत्रकारों के साथ इस समय उत्पीड़न होने की शिकायत आम हो गई है। ऐसा मामला प्रकाश में आने के बाद फौरन उसके साथ कंधा से कंधा मिलाकर रहेगी। अगर ऐसा कोई घटना होती है। उसके साथ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की टीम खड़ा रहेगी। जबतक उस पत्रकार को न्याय नहीं मिल जाता है उसके साथ लड़ाई लड़ेगी।तहसील अध्यक्ष अमरेद्र कुमार सिंह ने कहा कि नगर की जिम्मेदारी शाकिर अंसारी को सौंपी गई है।

जन चौपाल सरकार द्वारा महिला सुरक्षा बहुत सारे कार्यक्रम हो रहे हैं- हिला कांस्टेबल

हुदहुदीपुर गुड़ गवर्नेस के तहत प्रेजेंटसेशन में चयन

चहनियां।चंदौली/उत्तर प्रदेश की डायरेक्टर श्रीमती प्रमिला के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से सिर्फ 15 ग्राम पंचायतों का सुशासन थीम गुड गवर्नेंस के तहत प्रजेंटसेशन के लिए चयन किया गया था । विकासखंड चहनिया से ग्राम पंचायत सेवड़ी हुदहुदीपुर ग्राम प्रधान आशुतोष कुमार सिंह उर्फ रिंकू का भी चयन किया गया । जो चंदौली जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी ब्रह्मचारी दुबे के नेतृत्व से उत्तर प्रदेश की डायरेक्टर के समक्ष बीसी में प्रस्तुत हुआ और अपने ग्राम पंचायत में गुड गवर्नेंस सुशासन थीम के तहत कराए गए कार्यों का अवलोकन कराया गया। जिसमे मुख्य रूप से कराए गए कार्यों में पंचायत भवन में इंटरनेट की सेवा, वाईफाई ग्राम पंचायत में ऑनलाइन रजिस्टर सहायक ऑपरेटर की कार्य रजिस्टर एवं खुली पारदर्शिता में कराए गए कार्यों का अवलोकन ,क्षत्रिय सम्राट महाराणा प्रताप अमृत सरोवर,क्षत्रिय सम्राट महाराजा सुहेलदेव वैश्य अमृतसरोवर निर्माण कार्य ,पूर्व प्राथमिक विद्यालय में जनपद का सबसे बड़ा बाउंड्री वॉल वह कायाकल्प के तहत टाइल्स वृक्षारोपण निर्माण कार्य,प्राथमिक विद्यालय में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य एवं पौधरोपण का कार्य,मड़ई गांव में पक्की नाली ढक्कन दार निर्माण कार्य, दीपक सिंह गुड्डू के घर के सामने पक्की नाली ढक्कनदार निर्माण कार्य,चंद्रमा त्रिपाठी के घर के सामने इंटरलॉक की निर्माण कार्य, आवास एवं पात्र लाभार्थियों को आवास का निर्माण कार्य, राशन कार्ड ग्राम पंचायत के सभी पात्र लाभार्थियों को बनवाया गया है,ग्राम पंचायत के विकलांग विधवा वृद्धा पेंशन पात्र लाभार्थियों का कराया गया है । ग्राम प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत में किसी भी समस्या का ग्राम स्तर से निपटारा किया जाता है अभी तक किसी प्रकार का कोई भी मुकदमा ग्राम पंचायत में ढाई साल के कार्यकाल में नहीं हुआ है ,ग्राम पंचायत में सभी पुराने कूप जगत कार्यों का भी निर्माण कार्य कराया गया है